www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

26 अगस्त, 2025
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, तृतीया
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 10, अंक 306


अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के नाम पर छात्रवृत्ति योजना शुरू करेगी यूपी सरकार




FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery | KG - I
Nursery | KG - II
ADMISSION OPEN


Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815

Euro Kids
EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
CBSE PATTERN
Play Group | Nursery | AGE GROUP 1.8 TO 6 YEARS
Euro Jonior (LKG) | Euro Senior (UKG)
OFFERS YOU
Class 1 | Class 2 | Class 3 | Class 4 | Class 5
आपके बच्चों को दे सही शुरूआत
ADMISSION OPEN
KOKAR RIMS ROAD, TUNKI TOLA, RANCHI
7903079507, 8092334348


# झारखंड विधानसभा में हंगामा, प्रश्नकाल नहीं चला

## ■ विपक्ष सूर्या हांसदा मामले को लेकर वेल में आया

## ■ सत्ता पक्ष का संविधान संशोधन और एसआइआर को लेकर हंगामा

## ■ हंगामे के बीच अनुपूरक बजट पास, सीएजी रिपोर्ट पेश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन सोमवार को सत्ता पक्ष और विपक्षी सदस्यों ने अपनी-अपनी मांगों को लेकर सदन में हंगामा किया। सदस्य वेल में आ गये। जम कर नारेबाजी हुई। इस कारण प्रश्नकाल नहीं हो पाया। अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित की। दूसरी पाली में हंगामे के बीच 4296 करोड़ 62 लाख रुपये से अधिक का प्रथम अनुपूरक बजट पारित हुआ। वहीं, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट सदन में पेश की। इस रिपोर्ट में राज्य के राजस्व संग्रह में बकाया राशि का खुलासा किया गया है।

**भाजपा ने हंगामा किया :** सूर्या हांसदा मामले को लेकर भाजपा ने सदन के अंदर और बाहर हंगामा किया। सोमवार को कार्यवाही शुरू होने से पहले भाजपा विधायकों ने सदन के बाहर प्रदर्शन किया। इसके बाद जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई, विपक्ष के विधायकों ने शोर-शराबा शुरू कर दिया। उन्होंने सूर्या हांसदा एनकाउंटर की जांच सीबीआइ से कराने और रिम्स-2 के लिए अधिग्रहित जमीन आदिवासियों को वापस करने की मांग की। विपक्ष के विधायक नारेबाजी करते हुए वेल में आ गये।







**सत्ता पक्ष के सदस्य भी वेल में आये :** विपक्ष ने जैसे ही हंगामा शुरू किया और वेल में आये, सत्ता पक्ष के विधायकों ने भी शोर-शराबा शुरू कर दिया। सत्ता पक्ष के विधायक भी संविधान के 130वें संशोधन और एसआइआर के मुद्दे को लेकर वेल में पहुंच गये। उन्होंने 'तानाशाही बंद करो' और 'वोट चोरी करना बंद करो' जैसे नारे लगाये।

**प्रश्नकाल और शून्यकाल बाधित :** सत्ता पक्ष और विपक्ष के हंगामे के कारण प्रश्नकाल और शून्यकाल नहीं चल सका। स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने दोनों पक्षों से शांत रहने की अपील की, लेकिन किसी ने उनकी बात नहीं सुनी। उन्होंने प्रश्नकाल चलाने का आग्रह किया, लेकिन सदस्य शांत नहीं हुए। इसके बाद उन्होंने सदन की कार्यवाही 12:30 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

**विधायी कार्य हुए संपन्न :** शोर-शराबे के बीच सरकार ने विधायी कार्यों को पूरा किया। सदन की बैठक जब दोबारा शुरू हुई, तो संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने झारखंड में एकीकृत वित्तीय प्रणाली पर सीएजी के प्रतिवेदन को पटल पर रखा। इसके बाद संसदीय कार्य मंत्री ने अनुपूरक बजट में सम्मिलित अनुदान मांग रखी। बाद में भाजपा के सत्येंद्र तिवारी ने कटौती का प्रस्ताव पेश किया। इसके बाद स्पीकर ने सदन की कार्यवाही भोजनावकाश तक के लिए स्थगित कर दी।

## नीतियां देश को मुश्किल दौर में ले जा रहीं हैं : हेमंत सोरेन



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को केंद्र सरकार पर हमला बोला। विधानसभा परिसर में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि जिस तरह से संविधान में संशोधन किये जा रहे हैं, वह बेहद चिंताजनक है। एसआइआर का काम चल ही रहा है। वर्तमान सरकार क्या-क्या करने वाली है, यह तो वही जाने, लेकिन उसके फैसलों का असर पूरे देश पर साफ दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में देश को एक विचित्र स्थिति में धकेल दिया गया है। जनता को बड़े-बड़े सपने दिखाये जाते हैं, भाषणों में देश को आगे बढ़ाने और मजबूत करने की बातें की जाती हैं। हकीकत इससे बिल्कुल उलट है। असल में काम ऐसे हो रहे हैं, जिससे देश कमजोर हो रहा है। आने वाली पीढ़ियों को मीसीबतों को झेलना पड़ेगा। सरकार की करतूतों को जनता के बीच ले जाना चाहिए। मैं तो कैमरे के सामने बोल रहा। हमलोग जनता के बीच से आते हैं और जनता के बीच ही जाना है। मुझे लगता है कि जनता की अदालत देश की सबसे बड़ी अदालत है।

# किसानों पर आंच नहीं आने देंगे:मोदी

### प्रधानमंत्री दो दिवसीय यात्रा पर गुजरात पहुंचे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अहमदाबाद में कहा कि देश के छोटे उद्यमी हों, किसान हों, या पशुपालक हों, सभी के लिए, मैं आपसे बार-बार वादा करता हूं, आपका हित मोदी के लिए सर्वोपरि है। उन्होंने ट्रंप के टैरिफ का जिक्र किये बिना कहा कि मेरी सरकार छोटे उद्यमियों, किसानों और पशुपालकों पर कभी कोई आंच नहीं आने देगी। चाहे कितना भी दबाव आये, हम झेलने की अपनी ताकत बढ़ाते रहेंगे।



उन्होंने कहा कि दुनिया ने देखा है कि हमने पहलगाम का बदला कैसे लिया। 22 मिनट में सब कुछ साफ कर दिया। गुजरात सुदर्शनधारी और चरखाधारी दो मोहन की धरती है। सुदर्शनधारी ने भारत को सेना के पराक्रम-इच्छाशक्ति का प्रतीक बनाया। चरखाधारी ने आत्मनिर्भर बनाया है। प्रधानमंत्री गुजरात दौरे पर हैं।

# सीएम ने स्मार्ट सिटी में निर्माणाधीन कन्वेंशन सेंटर का किया निरीक्षण

### सेंटर की उपयोगिता के लिए हेमंत सोरेन ने बेहतर बेहतर कार्य योजना बनाने का निर्देश दिया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को रांची के धुर्वा स्थित स्मार्ट सिटी परियोजना अंतर्गत निर्माणाधीन कन्वेंशन सेंटर का स्थल निरीक्षण किया। मौके पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कन्वेंशन सेंटर से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी ली। अधिकारियों ने जानकारी दी कि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के अंतर्गत वर्ष 2018 में कन्वेंशन सेंटर का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था, परंतु बीच में ही इस परियोजना को बंद कर दिया गया है। अधिकारियों ने जानकारी दी कि इस परियोजना के तहत पांच हजार लोगों के बैठने की क्षमता वाले कन्वेंशन सेंटर का निर्माण किया जाना था। मौके पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि आने वाले समय में इस निर्माणाधीन कन्वेंशन सेंटर की उपयोगिता राज्य हित में बेहतर तरीके से हो सके, इस निमित्त एक बेहतर कार्य योजना बनायें। मौके पर मंत्री, नगर विकास एवं आवास सुदिव्य कुमार, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव नगर विकास विभाग सुनील कुमार, सीइओ स्मार्ट सिटी सूरज कुमार, जीएम स्मार्ट सिटी राकेश नंदकुलियार उपस्थित थे।



# अमित शाह ने हेमंत सोरेन की तारीफ की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक न्यूज एजेंसी को दिये इंटरव्यू में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की तारीफ की है। उन्होंने हेमंत सोरेन के भ्रष्टाचार के आरोपों में इस्तीफा देने, कोर्ट से बरी होने और फिर 2024 में विधानसभा उपचुनाव जीत कर दोबारा सीएम बनने की प्रशंसा की। अमित शाह ने इसे लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक प्रक्रिया का सम्मान बताया। हाल में ही अमित शाह और हेमंत सोरेन रांची में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में एक मंच पर दिखे थे।



**पिछले बयानों से उलट बोले अमित शाह :** अमित शाह ने हेमंत सोरेन के इस्तीफा, बरी होने और फिर सीएम बनने की प्रशंसा को लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक बताया। उनका यह बयान उनके पहले के रुख से अलग है, जहां उन्होंने सोरेन सरकार पर भ्रष्टाचार और घुसपैठ को बढ़ावा देने का आरोप लगाया था।

(देखें पेज 12 भी)

# गुमला में पुल का अप्रोच रोड बारिश में बहा

### आधा दर्जन गांव टापू में तब्दील

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला / भरनो।** झारखंड में इन दिनों लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। नदियां उफान पर हैं। इससे गुमला का क्षेत्र भी अछूता नहीं है। जिले के कमलपुर के समीप पारस नदी पर बने पुल का अप्रोच रोड बारिश के पानी में बह गया, जिससे पुल और सड़क का संपर्क ही समाप्त हो गया। अप्रोच रोड के बह जाने से इस रोड पर आवागम पूर्णतः बंद हो गया है। इस अप्रोच रोड के बह जाने से कमलपुर, टगरा टोली, कुम्बा टोली आदि लगभग आधा दर्जन गांव टापू में तब्दील हो गये हैं। इन प्रभावित गांवों में लगभग दो सौ परिवार रहते हैं। अनुमान के मुताबिक लगभग आठ सौ से हजार लोगों की आबादी के सामने बड़ी मुश्किल पैदा हो गयी है। अब इन ग्रामीणों के पास भरनो मुख्यालय तक पहुंचने का केवल एक ही रास्ता बचा है। ग्रामीणों को अब छह किलोमीटर घूम कर कमलपुर से भरनो आना पड़ रहा है। बता दें कि भरनो प्रखंड में बीते तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित है। लगातार बारिश के कारण जगह-जगह जलजमाव की स्थिति भी उत्पन्न हो गयी है। आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नदी-नालों में पानी भर चुका है। खेतों में पानी-लबालब भरा हुआ है। सड़कें पानी में डूबी हुई हैं। कई स्थानों पर बारिश का पानी घरों में भी घुस गया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल निकासी की व्यवस्था जल्द से जल्द करवाने की मांग की है, ताकि सामान्य जनजीवन फिर से पटरी पर लौट सके।



# पीएम मोदी की डीयू की डिग्री सार्वजनिक नहीं होगी

- दिल्ली हाइकोर्ट ने केंद्रीय सूचना आयोग का आदेश पलटा
- आरटीआइ कार्यकर्ता ने रिकॉर्ड मांगा था

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्नातक डिग्री सार्वजनिक नहीं होगी। दिल्ली हाइकोर्ट ने सोमवार को केंद्रीय सूचना आयोग (सीआइसी) का आदेश पलट दिया। दिल्ली हाइकोर्ट के जस्टिस सचिन दत्ता ने सोमवार को दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) की याचिका पर अपना फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि विश्वविद्यालय डिग्री दिखाने के लिए बाध्य नहीं हं। दरअसल, सीआइसी ने 2016 में एक आरटीआइ कार्यकर्ता की याचिका पर दिल्ली विश्वविद्यालय को 1978 में बीए की परीक्षा पास करने वाले सभी छात्रों के रिकॉर्ड सार्वजनिक करने का आदेश दिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इसी साल परीक्षा पास की थी।




आरटीआइ कार्यकर्ता की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट संजय हेगड़े ने दलील दी कि जो जानकारी मांगी गयी है, वह हर विश्वविद्यालय सार्वजनिक करता है। इसे अक्सर नोटिस बोर्ड पर, विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर और कई बार अखबारों में भी छापा जाता है। इधर, डीयू की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पक्ष रखा और कहा कि महज जिज्ञासा को आरटीआइ के जरिये सूचना मांगने का आधार नहीं मान सकते हैं।

**पीएम का डिग्री विवाद नौ साल पुराना :** ये मामला 2016 में शुरू हुआ था, जब आरटीआइ कार्यकर्ता नीरज कुमार ने डीयू से 1978 में बीए पास करने वाले सभी छात्रों का नाम, रोल नंबर, अंक और पास-फेल का ब्योरा मांगा था। उस साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भी बीए पास करने का जिक्र है। डीयू ने इसे व्यक्तिगत जानकारी बताते हुए सूचना देने से मना कर दिया था। हालांकि सीआइसी ने इसको लेकर कहा था कि यह जानकारी सार्वजनिक की जाये, क्योंकि विश्वविद्यालय एक सार्वजनिक संस्था है और डिग्री का ब्योरा सार्वजनिक दस्तावेज माना जाता है।

**डीयू का तर्क, छात्रों की जानकारी गोपनीय :** डीयू ने इस आदेश को 2017 में दिल्ली हाइकोर्ट में चुनौती दी और कहा कि छात्रों की व्यक्तिगत जानकारी 'फिड्युशियरी कैपेसिटी' के तहत आती है, जिसे किसी अजनबी को नहीं दिया जा सकता। विश्वविद्यालय ने यह भी कहा था कि कोर्ट को रिकॉर्ड दिखाने में कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन इसे सार्वजनिक नहीं किया जा सकता।

## न्यूज रील्स

### ड्रीम-11 ने टीम इंडिया की स्पांसरशिप छोड़ी

मुंबई। ड्रीम-11 ने टीम इंडिया की स्पांसरशिप से अलग होने का फैसला ऑनलाइन गेमिंग बिल पास होने के बाद लिया है। बिल में गेमिंग प्लेटफॉर्म को प्रतिबंधित किया गया है। एशिया कप 2025 से पहले ड्रीम-11 ने भारतीय क्रिकेट टीम के लीड स्पांसर से हटने का फैसला किया है। बीसीसीआइ सचिव देवजीत सैकिया ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग को नियंत्रित करने वाला बिल पास हो गया है। लिहाजा बीसीसीआइ और ड्रीम-11 अब साथ नहीं रहेंगे। बीसीसीआइ भविष्य में ऐसी किसी भी (ऑनलाइन गेमिंग) कंपनी के साथ नहीं जुड़ेगा। ड्रीम-11 ने 2023 में बीसीसीआइ के साथ 358 करोड़ रुपये में तीन साल का स्पांसरशिप कांट्रैक्ट किया था। ड्रीम 11 इस डील के तहत बीसीसीआइ को हर घरेलू मैच के लिए तीन करोड़ रुपये देता था।


BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act-06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
BEST PRIVATE UNIVERSITY IN JHARKHAND | 10000+ BOOKS AVAILABLE IN LIBRARY | 150+ QUALIFIED, EXP. & MOTIVATED FACULTY | 150+ ACRE CAMPUS
300+ RESIDES IN BOYS & GIRLS HOSTEL | 1500+ REGISTERED ALUMNI | LABS WITH MODERN TOOLS & EQUIPMENTS | RAGGING FREE CAMPUS
Where dreams BECOME REALITY
CAREER-ORIENTED PG/UG/DIPLOMA PROGRAMMES
Programs Approved by AICTE & Apex Bodies
ADMISSION OPEN SESSION 2025-26
Faculty of Engg. & Tech
B.Tech
▪ Civil Engineering
▪ Electrical and Electronic Eng.
▪ Computer Science & Eng.
▪ CSE (Artificial Intelligence)
▪ CSE (Cyber Security)
Polytechnic / Diploma
▪ Civil Engineering
▪ Mechanical Eng.
▪ Electrical and Electronic Eng.
▪ Computer Science & Eng.
▪ Electrical Engineering
Faculty of Law
▪ LL.B. ▪ B.A. LL.B. ▪ B.B.A. LL.B
Faculty of Management
▪ Bachelor of Business Administration (BBA)
▪ Master of Business Administration (MBA)
Faculty of Information Tech.
▪ Bachelor of Computer Application (BCA)
▪ Master of Computer Application (MCA)
▪ Post Graduation in Computer Application (PGDCA)
Faculty of Education
▪ Bachelor of Elementary Education (B.Ed)
▪ Diploma of Elementary Education (D.El.Ed.)
▪ M.A (Education)
Faculty of Arts & Social Science
▪ B.A (Hindi) ▪ B.A (English) ▪ B.A (Sanskrit)
▪ B.A (Economics) ▪ B.A (Psychology)
▪ B.A (Sociology) ▪ M.A (Hindi) ▪ M.A (English)
▪ M.A (Sanskrit) ▪ M.A (Economics)
▪ M.A (Psychology ▪ M.A (Sociology)
Faculty of Pharmacy
▪ Diploma in Pharmacy (D.Pharm)
▪ Bachelor of Pharmacy (B.Pharm)
Faculty of Dental Science
▪ Bachelor of Dental Surgery (BDS)
▪ Master of Dental Surgery (MDS)
Faculty of Homeopathy
▪ Bachelor of Homeopathic Medicine & Surgery- BHMS
▪ M.D Homeopathy ▪ B.Sc Medical Pathology
▪ B.Sc Medical Biochemistry ▪ B.Sc Medical Microbiology
▪ M.Sc Medical Microbiology
▪ M.Sc Medical Biochemistry
Faculty of Nursing & Allied Health Science
▪ Bachelor of Science in Nursing (B.Sc. Nursing)
▪ General Nursing and Midwifery (GNM)
▪ Auxiliary Nurse Midwives (ANM)
Paramedical
▪ OT ▪ DMLT ▪ ECG ▪ X-RAY
▪ Medical in Sanitary Inspector
▪ Medical in Ophthalmic Assistant
▪ Medical in Certificate in Dresser
Library Science
▪ B.Lib.I.Sc. ▪ M.Lib.I.Sc
Faculty of Science
▪ B.Sc. (Mathematics) ▪ B.Sc. (Chemistry) ▪ B.Sc. (Physics)
▪ B.Sc. (Botany) ▪ B.Sc. (MLT) ▪ B.Sc. (Zoology)
▪ B.Sc. (Pathology) ▪ B.Sc. (Biochemisty) ▪ B.Sc. (Microbiology)
▪ M.Sc. (Mathematics) ▪ M.Sc. (Chemistry) ▪ M.Sc. (Physics)
▪ M.Sc. (Botany) ▪ M.Sc. (Zoology) ▪ M.Sc. (Physiology)
▪ M.Sc. (Biochemisty) ▪ M.Sc. (MLT) ▪ M.Sc (Microbiology)
Faculty of Commerce
▪ B.Com ▪ M.Com
TRANSPORT FACILITIES | HOSTEL FACILITIES | LUSH GREEN CAMPUS | WI-FI CAMPUS | WORLD CLASS INFRASTRUCTURE | 100% PLACEMENT ASSISTANCE
Admission Helpline: 9661462506, 6206297213, 9934688493
Farathiya, Garhwa-822114, Jharkhand https://bdsu.ac.in/






# जब पूरा शहर पटाखों के धमाकों से गूंज रहा था, मैं, पापा और एक दिया कमरे में खामोश थे



राकेश सिंह
संपादक

तारीख 17 अक्टूबर 2024, मेरे पिता हरिनारायण सिंह जी रोज की तरह मॉर्निंग वॉक कर घर आये। पापा रोजाना करीब आठ से दस किलोमीटर वॉक किया करते। उसके बाद करीब 40 मिनट वह योगा भी करते। मैं अपने कमरे से निकल कर पापा से कुछ बातचीत करने के लिए आया। रोज सुबह सब परिवार एक साथ बैठकर चाय या काढ़ा पीते हैं। नाश्ता भी साथ ही करते। पापा ने उस दिन योगा नहीं किया। वह वॉक से आकर अपना पसीना सफेद गमछा से पोछते हुए बोले कि बेटा कुछ दिनों से मुझे ज्यादा हफनी महसूस हो रही है। मैंने कहा कि पापा आप दस किलोमीटर वाक करते हैं, दो-तीन तल्ला सीढ़ी भी चढ़ते-उतरते हैं, उसके बाद योगा भी करते हैं, इसलिए हफनी ज्यादा हो रही होगी। इसे घटाना चाहिए, आप ज्यादा से ज्यादा तीन से चार किलोमीटर ही वॉक किया करें। उन्होंने फिर कहा कि नहीं यह कोई सामान्य हफनी नहीं लग रही है, एक बार मुझे डॉक्टर से दिखा दो। देर न करते हुए हम लोग पास के सैमफोर्ड अस्पताल चले गये। वहां फिजीशियन ने पापा का चेकअप किया। डॉक्टर ने आला लगाया और पापा की ब्रीदिंग चेक की। डॉक्टर के चेहरे का एक्सप्रेशन अचानक बदला। उनकी आंखों का भाव अचानक से बदल गया। डॉक्टर ने कहा कि एक एक्स-रे करना पड़ेगा। हमने उसी वक्त वहीं एक्स-रे कराया। डॉक्टर ने रिपोर्ट देखी और कहा कि लंग्स में पानी भरा हुआ है। फिर उन्होंने पापा को कहा कि सर अभी आप घर जायें, चिंता की बात नहीं है। सीनियर डॉक्टर से कंसल्ट कर-के ट्रीटमेंट शुरू किया जा सकता है। लेकिन डॉक्टर ने मुझे हल्का इशारा करते हुए रुकने के लिए कहा। पापा को मैंने कहा कि आप दो मिनट बाहर बैठिये। मैं दवा लिखवा लेता हूं और किस डॉक्टर से संपर्क करना है, बात कर लेता हूं।

## मुझे कुछ संदिग्ध सा दिख रहा: डॉक्टर

मैं फिर से डॉक्टर के केबिन में गया। डॉक्टर ने कहा कि मुझे कुछ संदिग्ध सा दिख रहा है। मुझे लगता है आपको देर न करते हुए कोई निर्णय लेना चाहिए। हो सके तो आप दिल्ली या मुंबई में बड़े डॉक्टर से संपर्क करें। मुझे लगता है कि आपके पिता को कैंसर है। मैं पूरी तरीके से नहीं कह सकता, लेकिन आपको देरी नहीं करनी चाहिए। हम घर वापस आ गये। मैंने पापा से कहा कि हमें दिल्ली या मुंबई के बड़े अस्पताल में चलना चाहिए। वहीं से इलाज कराना उचित रहेगा। पापा ने कहा कि एक बार डॉक्टर देबुका जी के यहां चलते हैं। चूंकि डॉक्टर देबुका पापा के बहुत अच्छे मित्र हैं और उनकी पत्नी डॉक्टर रेखा देबुका मेरी मां की घनिष्ट मित्रों में से एक हैं। पापा ने कहा कि उनसे भी कुछ सलाह लेनी है, क्योंकि मुझे रिबकेज के पास भी थोड़ा दर्द महसूस होता है। मैंने पूछा कबसे। उन्होंने कहा कि पहले चलो। हम डॉक्टर देबुका जी के यहां गये। उन्होंने एक्सरे रिपोर्ट देखी। फिर पापा ने कहा कि कुछ दिन पहले वह पास के शिव मंदिर में सीढ़ी से फिसल गये थे, लेकिन तुरंत संभल भी गये, लेकिन रिबकेज के आस-पास थोड़ा दर्द तभी से महसूस हो रहा है। मैंने पापा कि तरफ देखा और मन में सवाल किया कि इसका जिक्र तो पापा ने कभी नहीं किया। तभी देबुका अंकल ने पापा को कहा कि सर एक दो टेस्ट कल सुबह ही करवा लेना चाहिए, फिर हमें निर्णय लेना चाहिए, अभी रात होने को है, रेडियोलॉजी बंद हो गया होगा। कल सुबह आप लोग रेडियोलॉजी जाकर एक-दो टेस्ट करवा लीजिये। मैंने लिख दिया है। सुबह होते ही हम रेडियोलॉजी सेंटर पहुंच स्पाइन और सिटी चेस्ट करवाया।


## रिपोर्ट देख मैं शॉक्ड हो गया

मैं जब रिपोर्ट लेने गया और पढ़ा, तो मैं शॉक्ड हो गया। मैं समझ चुका था कि पापा को कैंसर हुआ है और ज्यादा फैला हुआ है। लेकिन मैं नर्वस नहीं हुआ। खुद को संभाला। रिपोर्ट लेकर मैं सीधे देबुका अंकल से मिलने चला गया। अंकल ने रिपोर्ट देखी और बताया कि मुझे तो कंफर्म कैंसर ही लग रहा है। मुझे लगता है कि आप लोगों को जल्द एम्स जाना चाहिए। थोड़ी देर बाद पापा भी डॉक्टर देबुका के यहां पहुंच गये। मेरा छोटा भाई राहुल उन्हें लेकर वहां पहुंचा। देबुका अंकल ने पापा को कहा कि सर मुझे लगता है कि आपको इस रिपोर्ट की जानकारी होनी चाहिए। पापा ने कहा कि कुछ सीरियस तो है, यह मैं महसूस कर सकता हूं। उन्होंने पापा को कहा कि सर मुझे लगता है कि आप जितनी जल्दी हो एम्स चले जायें। वहां से इलाज शुरू करवायें। पापा ने कहा कि खुल कर बताइये न कि हुआ क्या है मुझे। उन्होंने कहा कि सर मुझे लगता है कि कैंसर है। लेकिन घबराने कि बात नहीं है, आजकल इसका इलाज आसान हो गया है। पापा ने जब सुना तो कोई रिएक्शन नहीं दिया। पापा मुस्कुराये और बोले कि कोई बात नहीं, अब जो है, उससे लड़ना ही है।

## इलाज के लिए दिल्ली रवाना

जब एम्स की बारी आयी, तो मैंने कहा कि संजय सेठ जी से बात करनी चाहिए। पापा ने कहा ठीक है बात करो। मैंने उन्हें कॉल किया कि अंकल आप कहा हैं, मैं आपसे मिलना चाहता हूं। चुनावी माहौल था। प्रचार अभियान चरम पर था। उन्होंने कहा कि बेटा शाम को मैं घर पर मिलूंगा आप वहीं आ जाना। मैं, पापा और मेरे चाचा जी उनसे मिलने उनके आवास पहुंच गये। पापा को देखते ही संजय सेठ जी ने कहा कि भैया आप क्यों आ गये, मैं ही आ गया होता। पापा ने कहा कि क्या मैं आपसे मिलने नहीं आ सकता। संजय सेठ जी ने कहा कि भैया आपका घर है। आप कभी भी आ सकते हैं। संजय सेठ जी से मैंने पूरी बात बतायी और कहा कि अंकल एम्स से ट्रीटमेंट करवाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मैं लेटर बनवा देता हूं, लेकिन भैया एम्स से बेटर मेदांता रहेगा। वहां के चेयरमैन त्रेहान जी मेरे परिचित भी हैं। एम्स में बहुत जद्दोजहद भी रहती है। मेदांता भी अच्छा ऑप्शन है। हम अगले दिन सुबह दिल्ली निकल गये। चूंकि सरकारी संस्थानों में सांसदों के लेटर का अपना महत्व होता है। संजय सेठ जी के दिल्ली ऑफिस से लेटर लेकर हम पहुंच गये एम्स। यानि 20 तारीख को। इसी बीच मैं रांची के एक बड़े कैंसर स्पेशलिस्ट के संपर्क में भी था। उन्होंने बड़ी मदद भी की। मैं उन्हें रिपोर्ट भेज चुका था। फोन पर बात भी हो गयी थी। उन्होंने मुझे

आजाद सिपाही विशेष



बता दिया था कि बीमारी बहुत गंभीर है और पापा को फोर्थ स्टेज लंग कैंसर है। उन्होंने एक निर्धारित समय भी बतला दिया था। यह बात मैंने अपने अंदर रखी। लेकिन मैंने पापा को इसके बारे में कुछ भी नहीं बताया। खैर लेटर लेकर हम एम्स गये। कड़ी धूप थी। मैंने पापा को छांव में बिठाया। वहां लेटर दिया, लेकिन वहां की एक्टिवनेस देख कर लगा कि एम्स में काफी समय लग सकता है। काफी भटकना पड़ेगा। हमारे पास समय कम था। चूंकि लंग्स में पानी भरा हुआ था और मुझे लगा कि देर करना उचित नहीं रहेगा। फिर निर्णय लिया गया कि मेदांता गुरुग्राम ही सही रहेगा। सो हमने कैब किया और हम तुरंत मेदांता गुरुग्राम की ओर चल दिये।

## सुई पापा की नसों को छेद रही थी

मेदांता पहुंचते ही वहां सबसे पहले हमने पल्मोनोलॉजिस्ट को दिखाया। डॉक्टर ने पहले हुए टेस्ट की रिपोर्ट्स को देखा। कहा कि प्लूरल करना होगा, यानी लंग्स से पानी निकलना होगा। इसके बाद एक युवा डॉक्टर आये। वह इसी में स्पेशलिस्ट थे। वह रायपुर के थे। पापा ने उनसे पूछा कि पानी निकालते वक्त दर्द तो नहीं होगा। डॉक्टर ने कहा कि सर आपको पता भी नहीं चलेगा। पापा को एक कमरे में ले जाया गया। प्रोसेस शुरू हुआ। मैंने किसी बहाने से उस कमरे में जाने कि कोशिश की। मुझे पता था कि पापा नर्वस होंगे। मैं पहुंच गया पापा के पास और पूछा कोई दिक्कत तो नहीं है न पापा। उन्होंने कहा नहीं बेटा सब ठीक है। मैंने कहा कि मैं बाहर ही हूं। आप टेंशन मत लीजियेगा। करीब 800 एमएल पानी निकाला गया। उसके बाद उस फ्लूइड को टेस्ट के लिए भेजा गया। उसी दिन पापा का ब्लड टेस्ट भी किया गया। पहली बार पापा की नसों में से खून लेते हुए देखा। पापा मेरी ओर देखे। जब सुई उनकी नसों को छेद रही थी तो वह हल्का सिसके। उन्होंने मेरी तरफ देखा। मेरे लिए यह पल काफी कष्टदायक था। मैंने आज तक पापा को ऐसे नहीं देखा था। लेकिन अभी तो यह शुरुआत मात्र थी। मुझे क्या पता था कि मुझे और पापा को अभी बहुत कुछ देखना-सहना था। पापा अपनी पूरी जिंदगी में सिर्फ एक बार अस्पताल का मुंह देखे थे, जब उन्होंने अपना गॉल ब्लाडर का ऑपरेशन करवाया था। साल था 2005, पापा उन दिनों हिंदुस्तान अखबार के संपादक हुआ करते थे। तब वह दो दिन के लिए दिल्ली के ही गंगा राम अस्पताल में भर्ती थे। उसके बाद उन्होंने कभी भी अस्पताल का मुंह नहीं देखा। ना ही वह कभी बीमार पड़े, क्योंकि उनका लाइफस्टाइल बहुत ही सादा रहा। साद खाते, सादा जीवन जीते। उनके लिए पत्रकारिता ही उनका जीवन था। उसी में उनके प्राण बसते थे।

## जब मैं मना रहा था कि पापा को टीबी हो कैंसर नहीं

प्लूरल फ्लूइड से कई टेस्ट किये जा रहे थे। हर दिन एक-दो रिपोर्ट आती। फ्लूइड से टीबी का भी टेस्ट हुआ। लेकिन पापा को टीबी नहीं निकला। उस वक्त सच कहूं तो मैं मना रहा था कि पापा को कैंसर न निकल के टीबी निकल जाये। क्योंकि टीबी का इलाज है, लेकिन कैंसर का इलाज वह भी फोर्थ स्टेज का, कुछ समझ नहीं आ रहा था। यह मेरे लिए ऐसा समय था, जब मुझे लगा कि मुझे कमजोर नहीं होना है। मुझे मजबूती के साथ खड़ा रहना है। कभी-कभी तो लग रहा था कि मैं गिर जाऊंगा। लेकिन अंदर से मैं खुद को कहता पापा को देखना है। हार नहीं माननी है। अभी बहुत लड़ाई लड़नी है। कुछ और रिपोर्ट आये और फ्लूइड से यह पता चल गया कि पापा को कैंसर ही है, क्योंकि उसमें कैंसर पार्टिकल्स दिखे। अब बारी थी पेट सिटी स्कैन की। पापा को कैनुला लगा। नसों में इन्सर्ट किया जाता है। इसके जरिये दवा डाली गयी। फिर पापा ने मेरी ओर देखा। मैं पिता के दर्द को सिर्फ देख सकता था, महसूस कर सकता था, सह तो वही रहे थे। फिर पीने के लिए दो बोतल लिक्विड दिया गया। मीठा था। एक छोटे ठंडे कमरे में पापा को बिठा दिया गया। उस कमरे के आस-पास रेडिएशन का भी खतरा था। मुझे बाहर बैठने को कहा गया। कुछ 10 मिनट बीते होंगे, पता नहीं मुझे आभास हुआ कि पापा मुझे याद कर रहे हैं। मैं सीधे उस कमरे में चला गया। पापा कांप रहे थे। मुझे अंदर से लग रहा था कि पापा को एसी पसंद नहीं है। ऊपर से वह कमरा बहुत चिल्ड था। मैंने तुरंत सिस्टर को कहा कि ये यहां नहीं बैठ पायेंगे, या तो ऐसी बंद करें नहीं तो इन्हे हीटर दीजिये। एसी सेंट्रलाइज्ड था। फिर हीटर का प्रबंध हुआ।

## फोर्थ स्टेज लंग कैंसर कन्फर्म

उसके बाद पेट सिटी स्कैन हुआ। जब रिपोर्ट आयी, तो पता चला कि पापा का कैंसर फैला हुआ है। पापा कैंसर के आखिरी पड़ाव पर थे, यानि फोर्थ स्टेज लंग कैंसर। रिपोर्ट देखकर डॉक्टर ने पापा को कहा कि चिंता की बात नहीं है, आजकल कैंसर का इलाज बहुत अच्छा हो गया है। टार्गेट बेस्ड इलाज भी संभव है। सो आप बायोप्सी करवा लीजिये। सच कहूं तो मैं बायोप्सी के लिए मन से तैयार नहीं था। कई किस्से सुन चुका था। लेकिन बायोप्सी के बाद ही कैंसर का वैरिएंट और टारगेट पता चलता। सो बायोप्सी करवाना जरूरी हो गया। बायोप्सी के लिए एक तारीख निर्धारित हुई। बायोप्सी वाले दिन पापा ने पूछा कि यह कैसे करते हैं। मैंने उन्हें प्रोसेस बताया। बताते हुए मैं अपनी पीड़ा को कैसे लिखूं पता नहीं। समझा जा सकता है, मैं और पापा कभी अखबार की हेडलाइन डिस्कस करते, आज हम कैंसर के बारे में बात कर रहे थे। खैर पापा को बायोप्सी के लिए ले जाया जाने लगा। अचानक पापा का दाहिना पैर तन गया। पापा ने कहा कि बहुत खिंचाव हो रहा है। मैंने पैर सहलाया, फिर थोड़ी देर में ठीक हो गया और पापा की बायोप्सी हुई।

## पापा रात में कई बार खांसते और मैं रात भर उनकी पीठ सहलाता

बायोप्सी की रिपोर्ट आने में एक हफ्ते का वक्त लगना था। इस बीच लंग्स से पानी निकालने के बाद पापा की खांसी बढ़ गयी थी। हूल वाली खांसी आने लगी थी। पापा रात मैं कई बार खांसते। हर खांसी पर मेरा कलेजा मानो बाहर निकल जाता। मैं रात भर जग कर पापा की पीठ को सहलाता। उनके पैरों को दबाता। पीठ दबाने के क्रम में कुछ ऐसे पॉइंट्स की जानकारी हो गयी, जब मैं वहां दबाता तो पापा की खांसी कुछ देर के लिए रुक जाती। उसके बाद मैं यही फार्मूला अप्लाई करता। यह सिलसिला एक हफ्ता चला, जब तक बायोप्सी की रिपोर्ट नहीं आयी। यह एक हफ्ता बहुत ही कठिन था। पता नहीं कितनी रात मैं रोया, पापा का पैर दबाते उनके पैरों पर सो जाता। जोर से रो भी नहीं सकता था, सिसक भी नहीं सकता था, और तो और आंखों में आंसू भी नहीं रख सकता था, क्योंकि अगर मैं टूटता, तो पापा भी टूट जाते।

## जब पापा ने डॉक्टर से पूछा बचने की कोई उम्मीद है या नहीं

उसके बाद बायोप्सी की जब रिपोर्ट आयी, तो पल्मोनोलॉजिस्ट ने आंकोलॉजिस्ट को रेफर कर दिया। उन्होंने पापा को कहा कि अब यही आपको देखेंगे। हम मेदांता के दसवें तल्ले पर आंकोलॉजी डिपार्टमेंट में गये। घुसते ही वहां बड़े और मोटे अक्षरों में लिखा 'कैंसर'। पापा की भी नजर उस पर पड़ी। मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि यह दिन भी हमें देखने होंगे। हमने रसीद कटवायी और हमारा नंबर आया, फिर हम आंकोलॉजिस्ट के पास गये। भारत के सबसे बड़े कैंसर स्पेशलिस्ट की टीम के वह डॉक्टर थे। डॉक्टर ने पापा की रिपोर्ट देखी। उन्होंने पापा से पूछा कि आप किस लिए आये हैं, क्या आपको पता है। पापा ने डॉक्टर को कहा, जी मुझे कैंसर है। मुझे पता है। आप खुल कर बात कर सकते हैं। डॉक्टर ने कहा कि सर कैंसर थोड़ा फैला हुआ है। हम ट्रीटमेंट प्लान बनाते हैं। उसके बाद पापा ने डॉक्टर से डायरेक्ट पूछा, बचने की कोई उम्मीद है। डॉक्टर यह सुनकर शॉक्ड हो गये कि कोई मरीज उनसे डायरेक्ट पूछ रहा है कि बचने की कोई उम्मीद है या नहीं। पापा ने कहा जी मैं यह इसलिए पूछ रहा हूं कि अगर बचने की कोई उम्मीद है, तब तो इलाज कीजिये, नहीं तो मुझे जाने दीजिये। डॉक्टर ने कहा कि सर इलाज संभव है, तभी तो मैं यहां हूं। आप चिंता ना करें। एक हफ्ते के बाद ट्रीटमेंट शुरू करते हैं। पापा ने कहा तब मैं छठ पूजा के बाद ही आता हूं, क्योंकि मैं भी छठ करता हूं और मेरी पत्नी भी करती हैं। उसके बाद का मुझे डेट दे दीजिये। डॉक्टर ने छठ पूजा के बाद का डेट दे दिया।

## दिवाली, धमाकों के बीच, पापा, मैं और एक दिये की खामोशी

इसी बीच पापा बाहर गये, लेकिन डॉक्टर ने इशारे से मुझे रुकने को कहा। डॉक्टरों का यह इशारा बहुत ही खौफनाक होता है। मैंने मन में कहा कि अब यह भी डरायेंगे क्या। मैं रुका और पूछा, मैं समझ चुका था, डॉक्टर क्या कहने वाले थे। डॉक्टर ने कहा कि हमें टारगेट नहीं मिल पाया है। लेकिन एक और टेस्ट होता है नाम है, गार्डेंट टेस्ट। इसे लिक्विड बॉयोप्सी भी कहते हैं। सैंपल को अमेरिकी लैब में भेजा जाता है। डॉक्टर ने कहा कि इसमें 10 प्रतिशत चांस होता है कि हमें टारगेट मिल पाये। पहले भी कुछ मामलों में यह सफल हो पाया है। टारगेट मिलने के बाद ट्रीटमेंट प्लान आसानी से तैयार किया जा सकता है और इसमें सर्वाइवल रेट ज्यादा होता है। मैंने कहा कि ठीक है, यह टेस्ट हम करवाने को तैयार हैं। टेस्ट काफी कॉस्टली था, इसलिए डॉक्टर ने पूछा कि आप यह टेस्ट करवा पायेंगे या नहीं। मैंने कहा कोई दिक्कत नहीं है, हम टेस्ट करवा लेंगे। उस टेस्ट को हमने करवा लिया। लेकिन उसकी रिपोर्ट 22 दिनों के बाद आनी थी। इस दौरान हमारी दिवाली भी अस्पताल के सामने अपार्टमेंट के एक रूम में मनी। एक कमरा भाड़े पर लिया था। यह पहली दिवाली थी, जब बाहर पटाखों का धमाका हो रहा था, लेकिन हमारा कमरा खामोश था। पापा, मैं और एक दिया। पापा लेटे हुए थे, मैं उनके पैरों को दबाता। मेरी चिंता यह थी कि पटाखों के धुएं के कारण पापा की खांसी कहीं और न बढ़ जाये। खैर रात के बाद सुबह कब हुई, पता भी नहीं चला। मैं पूरी रात पापा का पैर दबाता रहा। पापा की जब नाक बजती, तो मुझे सुकून मिलता कि पापा चैन से सो रहे हैं और मैं उनके पैरों के पास सो जाता। इस दौरान खाने का प्रबंध स्विगी के जरिये ही होता। या कभी-कभी मेरी चचेरी बहन खाना ले आती। अब बारी थी रांची जाने की और उससे पहले एक ऐसा कमरा देखने की, जिसमें किचन भी हो और गैस सिलेंडर भी। मेदांता अस्पताल के पास स्टार होटल मिला। वहां सरदार जी मिले। मैंने बात की कि 15 दिनों के बाद आऊंगा और कमरा लूंगा। रूम मैं किचन भी था, गैस सिलेंडर भी था, फ्रिज भी था और बर्तन भी। मैं अब अपने पिता के लिए विश्व का सबसे बढ़ियां शेफ बनने वाला था।




**इसी कहानी की परत खोलते स्वर्गीय हरिनारायण सिंह के पुत्र और 'आजाद सिपाही' के संपादक राकेश सिंह। (आगे पढ़ें, पापा की आखिरी छठ, सूना रहा खरना...)**

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.0 °C | 21.4 °C |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.13 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.28 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 26 अगस्त, 2025
www.azadsipahi.in


# 4296 करोड़ 62 लाख रुपये से अधिक का प्रथम अनुपूरक बजट पास

## राज्य का वित्तीय प्रबंधन काफी मजबूत, सरकार के पास धन की कमी नहीं : वित्त मंत्री





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र में सोमवार को सदन ने भाजपा विधायकों के बर्हिगमन के बीच चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 4296 करोड़ 62 लाख रुपये से अधिक का प्रथम अनुपूरक बजट को ध्वनिमत से मंजरी प्रदान कर दी। इसके साथ ही सदन ने झारखंड विनियोग (संख्या 3) विधायक 2025 को भी ध्वनिमत स्वीकृति प्रदान कर दी। भाजपा के सत्येंद्र नाथ तिवारी के कटौती प्रस्ताव को सदन ने ध्वनिमत से नामंजूर कर दिया। भोजनावकाश के बाद भाजपा के सत्येंद्र नाथ तिवारी ने अपना कटौती का प्रस्ताव पेश किया। उन्होंने राज्य सरकार की कमियों को उजागर किया। झामुमो के हेमलाल मुर्मू ने कहा कि कटौती प्रस्ताव लाने की कोई आवश्यकता नहीं थी और यह कार्य संचालन नियमावली में भी नहीं है क्योंकि पहले ही बजट पास हो चुका है। इसी दौरान हंगामे के कारण विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की बैठक 3:30 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

### साढ़े चार महीने में 33707 करोड़ हुआ राजस्व संग्रहण

भाजपा के वॉकआउट के बीच वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने अनुपूरक बजट पर अपनी बात रखी। कहा कि हेमंत सरकार का वित्तीय प्रबंधन काफी मजबूत है। 4296.62 करोड़ का अनुपूरक बजट गांव में रहने वाले लोगों के चेहरे पर खुशी लाने के लिए सरकार की बुनियाद रखने के लिए लाया गया है। सदन में ध्वनिमत से अनुपूरक बजट पास हो गया। उन्होंने कहा कि मूल बजट एक लाख 45 हजार 400 करोड़ रुपये का है। इसमें स्थापना से ज्यादा 38 हजार करोड़ मूल बजट में व्यवस्था की गयी है। मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने स्थापना से ज्यादा मूलबजट में प्रावधान किया है। योजना मद में साढ़े चार माह में 23,799 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं, जो लगभग 26.50 प्रतिशत है। जो पिछले साल की तुलना में दो से ढाई फीसदी अधिक है। राजस्व संग्रहण मामले में भी 33,707 करोड़ रुपये यानी 27 प्रतिशत राजस्व हासिल हुआ है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। 2024-25 में अगस्त तक 18137.19 करोड़ यानि 23 फीसदी ही खर्च हुआ था।

### राज्य 18 हजार करोड़ रुपये तक ले सकता है ऋण

वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य का वित्तीय प्रबंधन इतना मजबूत है कि अभी तक बाजार से उधार लेने की जरूरत नहीं पड़ी। फिसिकल डिपिसीट तीन फीसदी की सीमा से काफी नीचे है। अगर अभी बाजार से कर्ज लेना चाहे तो 18 हजार करोड़ रुपये ऋण ले सकते हैं। बजट और योजना सुदृढ़ है। टैक्स मैनेजमेंट सफल है। खर्च पर भी नियंत्रण है। लेखांकन और रिपोर्टिंग सुदृढ़ है। राजकोषीय नियंत्रण मजबूत है। मंत्री ने कहा कि बहुत अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि साढ़े चार माह में केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी मामले में अनुदान की राशि सिर्फ 17 प्रतिशत मिली है।

### कृषि और जल संसाधन पर सरकार का फोकस

मंत्री ने बताया कि सरकार ने कृषि पर विशेष फोकस किया है। 2001 से लेकर 2018-19 तक कृषि का बजट 15,887 करोड़ रुपये था, जो 2019-20 से 2025-26 तक बढ़कर 26,464 करोड़ रुपये हो गया है। जल संसाधन के मामले में भी सरकार का विशेष जोर रहा है। 2001-02 से 2018-19 तक 30,173 करोड़ रुपये खर्च हुए, जबकि पिछले छह वर्षों में 11,069 करोड़ रुपये सिंचाई के प्रबंधन पर खर्च किये गये हैं।

मंत्री ने बताया कि अनुपूरक बजट के माध्यम से आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए फंड उपलब्ध कराना जरूरी है। भारत सरकार से 1,476 करोड़ रुपये मिलेंगे, जबकि सरेंडर राशि के रूप में 1,642 करोड़ रुपये मिलेंगे। राजकोष पर 1,177 करोड़ रुपये का अधिभार होगा, जिसमें 832 करोड़ रुपये पेंशन फंड की राशि सरेंडर होने से प्राप्त होगा। 345 करोड़ का वित्तीय भार पड़ेगा।

### पीएल एकाउंट के 4000 करोड़ रुपये राजकोष में जामा कराया

वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार के पास धन राशि की कमी नहीं है। पीएल एकाउंट में लंबे समय तक पैसा रखना वित्तीय प्रबंधन के लिए ठीक नहीं है। 2010-11 के बीच पीएल एकाउंट में 22 हजार करोड़ रुपये था, जिसे साढ़े चार महीने में 4000 करोड़ रुपये राजकोष में जमा कराया गया।

### पिछले पांच साल में डेढ़ लाख को रोजगार

वित्त मंत्री ने बताया कि श्रम विभाग के आंकड़ों के अनुसार लगभग आठ लाख रजिस्टर्ड युवा बेरोजगार हैं। पिछले पांच साल में डेढ़ लाख युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया। उन्होंने कहा कि आज सबसे बड़ी चुनौती अतिवृष्टि है। लगभग दो लाख एकड़ में फसल की क्षति हुई है। मंईयां सम्मान योजना पर कहा कि यह फ्री बीज योजना नहीं है। आधी आबादी के सम्मान की योजना है।

भारतीय खाद्य निगम
क्षेत्रीय कार्यालय, रांची
संदर्भ सं.:- RO JH-18.0020.0/1/2022-Con -RO JH दिनांक: 25.08.2025
निविदा आमंत्रित करने की सूचना
(https://gem.gov.in
के माध्यम से ऑनलाइन जमा किया जाना है)
(निविदा सूचना सं.:—REGULAR/12/2025)
भारतीय खाद्य निगम की ओर से महाप्रबंधक (क्षेत्र), झारखंड के द्वारा, पी.ई.जी. लोहरदगा, पी.ई.जी. रेहला, पी.ई.जी. चाईबासा एवं एफ.एस.डी. जमशेदपुर में दो वर्षों के लिए नियमित हथलन एवं परिवहन संवेदक/हथलन संवेदक के नियुक्ति हेतु ई–निविदा GeM Portal (https://gem.gov.in) के माध्यम से दो–बोली निविदा प्रणाली के अंतर्गत आमंत्रित की जा रही है। विस्तृत जानकारी तथा निविदा प्रपत्र https://gem.gov.in or www.fci.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है।
ह०/- सहायक महाप्रबंधक(संविदा)
कृते महाप्रबंधक(क्षेत्र)

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** रोजी-रोजगार की स्थिति में सुधार, भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा। आर्थिक समस्याओं का समाधान।

**वृष** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक प्रगति होगी. संकल्पित काम पूरे होंगे, भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी, उद्योग-धंधे में सफलता।

**मिथुन** परिश्रम-प्रयत्न से रुके हुए काम पूरे होंगे, आर्थिक स्थिति सुदृढ़, निर्माण कार्य में प्रगति.धनलाभ के अवसर बनेंगे।

**कर्क** अनायास काम बनेंगे.आर्थिक स्थिति सुधरेगी, मान-सम्मान मिलेगा. नये लोगों से सम्पर्क,महिला मित्र के माध्यम से लाभ।

**सिंह** आज का दिन काफी अच्छा और प्रगतिवर्धक रहेगा.विपरीत स्थितियों में सुधार, सामयिक-सामाजिक विकास।

**कन्या** व्यापार-व्यवसाय में उन्नति होगी. कामकाज अच्छा चलेगा. धनागम के अवसर बढ़ेंगे, अवसरों का फायदा उठायें।

**तुला** अपने सोचे अनुसार काम कम होंगे. नौकरी में स्थानांतरण अथवा अधिकारियों के साथ मतभेद होने की संभावना।

**वृश्चिक** संतान,परिवार और स्वजन मित्रों से संपर्क ठीक रहेगा,रोजगार-व्यापार के क्षेत्र में सफलता,नवीन व्यापारिक योजना सफल।

**धनु** आज का दिन आपके लिए प्रगतिकारक रहेगा. निराशा दूर होगी, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास, बिगड़े कार्य बनेंगे।

**मकर** थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे, धन लाभ के अवसर बनेंगे,संतान की उन्नति से उत्साह में वृद्धि होगी।

**कुंभ** अव्यवस्थित दिनचर्या,शारीरिक कष्ट,वाहन दुर्घटना भय,खर्च अधिक होगा। किसी प्रकार की कोई नवीन समस्या आ सकता है

**मीन** घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा, मानसिक चिंता बढ़ेगी. दुष्ट लोगों की संगति कलहकारी सिद्ध होगी।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन ने महाधिवक्ता की पुस्तक का किया लोकार्पण

## राजीव रंजन ने 'बाबा बैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग देवघरः दिव्यता का स्पर्श' पुस्तक लिखी है

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन ने सोमवार को 'बाबा बैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग देवघरः दिव्यता का स्पर्श' (ए टच ऑफ द डिवाइन) का लोकार्पण किया। यह पुस्तक महाधिवक्ता राजीव रंजन ने लिखी है। हेमंत और कल्पना ने उन्हें पुस्तक लिखने के लिए बधाई दी।

महाधिवक्ता राजीव रंजन लिखित पुस्तक में बाबा बैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग की ऐतिहासिकता, प्राचीनता, पौराणिकता, धार्मिक आस्था सहित सांस्कृतिक तथा वैधानिक तत्वों पर चर्चा की गयी है। लोकार्पण के मौके पर मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, महाधिवक्ता राजीव रंजन, सचिव अरवा राजकमल, मुख्यमंत्री के वरीय आप्त सचिव सुनील श्रीवास्तव, अपर महाधिवक्ता अच्युत केशव, राजकीय अधिवक्ता मनोज कुमार उपस्थित थे।



### राज्य भर के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में हर महीने मनाया जायेगा उमंग दिवस

रांची (आजाद सिपाही)। किशोर-किशोरियों में स्वस्थ व्यवहार को बढ़ावा देने और उन्हें सकारात्मक दिशा देने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड की ओर से पहली बार उमंग दिवस की शुरूआत की जा रही है। राज्य भर के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में प्रत्येक माह के पहले शनिवार को इस दिवस का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम की तैयारियों, जागरूकता और समन्वय को लेकर सोमवार को नामकुम स्थित लोक स्वास्थ्य संस्थान सभागार में दो दिवसीय राज्य स्तरीय कन्सल्टेशन की शुरूआत हुई। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम और यूनिसेफ के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में एनएचएम के विभिन्न कोषांगों के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, परामर्शी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, अर्श काउंसलर, पियर एजुकेटर, शिक्षा विभाग, जेएसएलपीएस, महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रतिनिधि और डेवलपमेंट पार्टनर्स शामिल हुए। अभियान निदेशक ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि किशोरावस्था जीवन का सबसे महत्वपूर्ण दौर है। इस मौके पर उमंग दिवस से संबंधित पोस्टर और मार्गदर्शिका का लोकार्पण भी किया गया। मातृत्व कोषांग की राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ पुष्पा ने कहा कि किशोरों में आत्महत्या की प्रवृत्ति, मोबाइल एडिक्शन, बाल विवाह और टीन एज प्रेग्नेंसी के मामले बढ़ रहे हैं। इन पर संवाद और परामर्श की जरूरत है.शिशु स्वास्थ्य कोषांग के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ एल आर. पाठक ने कहा कि बदलती जीवनशैली के बीच किशोरों की निरंतर स्क्रीनिंग जरूरी है। आइइसी कोषांग के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ लाल मांझी ने तनाव और मोटापे की समस्या को गंभीर बताया। कार्यक्रम में डॉ कमलेश और डॉ बिरेंद्र कुमार सिंह ने भी अपने विचार रखे।

### विधानसभा में हंगामे के बीच सीएजी रिपोर्ट पेश

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट सदन में पेश की। इस रिपोर्ट में राज्य के राजस्व संग्रह में बकाया राशि का खुलासा हुआ है, जो सरकार के लिए चिंता का विषय है। झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्णा किशोर ने सीएजी की रिपोर्ट को सदन के पटल पर रखा। रिपोर्ट के अनुसार 31 मार्च 2024 तक राजस्व संग्रह में बकाया राशि 84.72 करोड़ रुपये थी, जिसमें से 38.91 करोड़ रुपये पांच साल से अधिक समय से बकाया थी। उत्पाद शुल्क एवं निषेध विभाग में कुल बकाया राशि में से 7.72 करोड़ रुपये न्यायालयों और अन्य अपीलीय प्राधिकरणों में रुके हुए थे। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान राजस्व प्राप्तियां पिछले वर्ष की तुलना में 9.57 प्रतिशत बढ़ीं हैं। लेकिन बजट अनुमान की तुलना में 10.58 प्रतिशत कम रहीं। राजस्व व्यय में वृद्धि 14.99 प्रतिशत थी। लेकिन यह बजट अनुमान से 7,999.58 करोड़ रुपये कम थी। इस दौरान 11,252.08 करोड़ रुपये का राजस्व अधिशेष था। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान राज्य को राजस्व प्राप्ति के रूप में 165.63 करोड़ रुपये के वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) मुआवजे की प्राप्ति हुई।

## सांसद कला महोत्सव : रांची लोकसभा क्षेत्र के 125 स्कूल के 50 हजार से अधिक बच्चे इस कार्यक्रम में ले रहे भाग

# पेंटिंग महोत्सव का मुख्य उद्देश्य हमारे बच्चे देश के वीर जवानों के पराक्रम को जानें: संजय सेठ

**पीएम के 75वें जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा तक चलेगा महोत्सव**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सांसद कला महोत्सव में हजारों बच्चों ने ऑपरेशन सिंदूर और मोदी के सैन्य प्रेम परअपनी चित्रांकन प्रतिभा की प्रस्तुति कागजों पर की। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की पहल पर सोमवार को इस कार्यक्रम का आगाज किया गया है। सांसद कला महोत्सव के नाम से आयोजित इस कार्यक्रम के पेंटिंग कार्निवल में रांची लोकसभा क्षेत्र के 125 से अधिक स्कूल भाग ले रहे हैं। इसमें 50 हजार से अधिक बच्चे अपने चित्रांकन प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। यह महोत्सव भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 में जन्मदिन पर होने वाले सेवा पखवाड़ा तक चलेगा। इस महोत्सव में रांची लोकसभा क्षेत्र के रांची, हटिया, कांके, खिजरी, ईचागढ़ और सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के विद्यालय भाग ले रहे हैं। इस बाबत रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची के चार स्कूलों में आयोजित होने वाले पेंटिंग प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए। इसमें सच्चिदानंद स्कूल डोरंडा, ब्रिजफोर्ड स्कूल धुर्वा, स्वामी विवेकानंद स्कूल, जीडी गोयंका स्कूल शामिल हैं। इस प्रतियोगिता में ऑपरेशन सिंदूर में हमारे सैन्य बलों ने जो शौर्य और पराक्रम का परिचय दिया है उसे रांची के बच्चे अपनी पेंटिंग के माध्यम से बहुत ही शानदार स्वरूप दे रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणा से सांसद कला महोत्सव का आयोजन देश के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के द्वारा आयोजित की गयी है।



प्रधानमंत्री के सैन्य प्रेम और ऑपरेशन सिंदूर पर चित्रकला को कागजों पर बच्चों ने जो रंग भरे हैं वह भारत के सुनहरे और मजबूत भविष्य का रंग है। ब्रिजफोर्ड के बच्चों द्वारा भारतीय सेना के शौर्य और साहस से जुड़ी ओजस्वी सांस्कृतिक प्रस्तुति दिल को छूने वाले प्रस्तुति की गयी। प्रतिभागी बच्चों को उत्साह वर्धन के साथ देश के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने ऐसे पांच बच्चों जिन्होंने सर्वश्रेष्ठ पेंटिंग कि उन्हें प्रमाण पत्र भी प्रदान किया। इस अवसर पर संजय सेठ ने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से सांसद पेंटिंग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

इस पेंटिंग महोत्सव का मुख्य उद्देश्य हमारे बच्चे अपने देश के वीर जवानों के शौर्य और पराक्रम को जाने, अपनी वीर सैनिकों के बारे में जाने इसका मुख्य उद्देश्य यही है। सेठ ने बच्चों से कहा हमारे देश के बच्चे विकसित भारत 2047 के ब्रांड एंबेसडर हैं। आप कोई भी कम करो नेशन फर्स्ट के भाव से करो। उन्होंने बच्चों द्वारा की गयी पेंटिंग की सराहना की। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन तक चलेगा, जिसमें रांची लोकसभा क्षेत्र के 8वीं से 12वीं तक के 50 हजार से अधिक बच्चे अपनी सहभागिता निभायेंगे। इसके प्रथम चरण में विद्यालय स्तर पर महोत्सव का आयोजन होगा, जिसमें पांच अच्छे प्रतिभागियों का चुनाव किया जायेगा। उसके बाद सभी विद्यालयों से चयनित पाच प्रतिभागियों की एक प्रतियोगिता अलग से करायी जायेगी। यहां से चयनित बेहतर पेंटिंग्स को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेंट किया जायेगा। महोत्सव में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी दिया जायेगा। बेहतर पेंटिंग करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। इतने लंबे समय तक और भव्य तरीके से मनाया जाने वाला पहला पेंटिंग कार्निवल है, जिसमें उत्साहपूर्वक बच्चे शामिल हो रहे हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 26 अगस्त, 2025
www.azadsipahi.in


# 130वां संविधान संशोधन समय की मांग:धर्मेंद्र तिवारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड प्रदेश जनता दल (यूनाइटेड) ने संविधान में प्रस्तावित 130 वें संशोधन को समय की मांग बताया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि विपक्ष केवल जनता को गुमराह कर रहा है और केंद्र सरकार पर जनविरोधी नीतियों का आरोप लगाते हुए स्वयं को बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के विचारों का संरक्षक बताने की कोशिश कर रहा है। तिवारी ने आरोप लगाया कि विपक्ष इस संशोधन का विरोध केवल इसलिए कर रहा है, ताकि भविष्य में होने वाली जांच से बच सके और जेल जाने की नौबत न आये। उन्होंने कहा कि लगभग 90 प्रतिशत नेता भ्रष्टाचार की जकड़न में हैं और वे किसी भी तरह ऐसा कानून नहीं चाहते जिसमें वे खुद फंस जाये। जनता दल (यूनाइटेड) का स्पष्ट मत है कि भ्रष्टाचार मुक्त भारत की दिशा में इस संशोधन का पारित होना अत्यंत आवश्यक है।

# श्री श्याम मंदिर में खाटू नरेश का किया अमावस्या महास्नान

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में सोमवार को केसर चंदन तिलक का श्रृंगार किया गया। मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका और कोषाध्यक्ष मनोज खेतान के सानिध्य में मंदिर के आचार्य के साथ अनुपम किया गया। प्रातः में मंदिर के पट खुलने के पश्चात 5:30 बजे की मंगला आरती की गयी। दोपहर के विश्राम आरती के बाद दरबार के पट लगा दिये गये। अध्यक्ष गोपाल मुरारका ने केसर और गुलाब जल के मिश्रण से बाबा श्याम का चंदन तैयार किया। जन्माष्टमी के महास्नान तत्पश्चात अमावस्या महास्नान के बाद से ही बाबा श्याम भक्तों को श्यामल रूप में दर्शन दे रहे थे। भाद्रपद के शुक्ल पक्ष की द्वितीया के अवसर पर बाबा श्याम का अद्भुत केसर तिलक श्रृंगार किया गया। कोलकाता से मंगाये गये फूलों से बाबा श्याम को सजाया गया। नवीन पोशाक बागा पहनकर रूह गुलाब का मसाज किया गया। इसके बाद पंचमेवा का भोग लगाया गया, जो भक्तों के बीच प्रसाद स्वरूप वितरित किया गया। श्री श्याम मंदिर में संध्या में संगीतमय श्री सुंदरकांड, श्री हनुमान चालीसा का 168 वां पाठ किया जायेगा। सुनील मोदी, आशा मोदी अपने परिवार के साथ बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित करेंगे। राजेश ढांढनीया पिंटू पूजन और ज्योत कार्य की सभी तैयारियां पूर्ण करवायेंगे। उपरोक्त सभी जानकारी मंडल के महामंत्री गौरव अग्रवाल ने दी।

# सूर्या हांसदा शूटर था, इलाके में दहशत थी : हेमलाल मुर्मू

## लोबिन हेंब्रम तो सूर्या के क्षेत्र में जाने से बचते थे

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता और लिट्टीपाड़ा से विधायक हेमलाल मुर्मू ने रांची स्थित झामुमो के केंद्रीय कैंप कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में सूर्या हांसदा को एक अपराधी बताया। उन्होंने बताया कि सूर्या हांसदा पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह एक शार्प शूटर भी था। हेमलाल मुर्मू ने कहा कि संथाल परगना क्षेत्र में सूर्या हांसदा का आतंक था। यहां तक कि पूर्व विधायक लोबिन हेंब्रम भी उसके क्षेत्र में जाने से कतराते थे। उन्होंने बताया कि सूर्या हांसदा का आपराधिक इतिहास वर्ष 2003 से शुरू हुआ और उसके बावजूद उसे कई राजनीतिक दलों ने टिकट दिया। उन्होंने कहा कि पहले बाबूलाल मरांडी ने झारखंड विकास मोर्चा से उसे टिकट दिया, फिर भाजपा ने टिकट दिया, और जब किसी ने टिकट नहीं दिया तो जयराम महतो ने उसे जेएलकेएम से टिकट दिया। हेमलाल मुर्मू ने स्पष्ट कहा कि सूर्या हांसदा एक अपराधी था और लोग उसे अपराधी के रूप में ही जानते थे और आगे भी ऐसे ही जानेंगे। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि वह सूर्या हांसदा के एनकाउंटर को एक आदिवासी प्ले कार्ड के रूप में खेल रही है। उन्होंने कहा कि अपराधी किसी भी जाति या धर्म का हो, वह अपराधी ही होता है। सूर्या हांसदा के अपराधिक इतिहास को लेकर झामुमो ने एक सूची भी साझा किया। जिसमें सूर्या हांसदा के खिलाफ अलग-अलग जिलों के अलग-अलग थानों में मुकदमे दर्ज हैं।

# जीडी गोयनका स्कूल में पेंटिंग प्रतियोगिता

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** जीडी गोयंका प्रांगण में मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया द्वारा 25 अगस्त को ड्राइंग कंपटीशन का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता का विषय ऑपरेशन सिंदूर था। इस प्रतियोगिता में कक्षा 8 से 11 तक की छात्र-छात्राओं में अपनी भागीदारी प्रस्तुत की सभी ने अपनी भावनाओं और विचारों को चित्रों द्वारा उकेरा। सभी चित्र बहुत मर्म और हृदय स्पर्शी थे। इस प्रतियोगिता का निर्णय मिनिस्ट्री ऑफ स्टेट फॉर डिफेंस संजय सेठ द्वारा किया गया। इन्होंने न सिर्फ छात्रों का मनोबल बढ़ाया, बल्कि सैनिकों के जीवन में इन चित्रों के महत्व को भी प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम के विषय में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सुनील कुमार ने कहा कि यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों के लिए अपनी रचनात्मकता व्यक्त करने तथा कला के माध्यम से अपने राष्ट्र के प्रति वीरों को श्रद्धांजलि देने का एक सुनहरा अवसर था। साथ ही इन्होंने उपस्थित सभी आगंतुकों को अपना धन्यवाद प्रस्तुत किया।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में स्पिक मैके की प्रस्तुति

# भारतीय शास्त्रीय धरोहर से रूबरू हुए विद्यार्थी

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल भारतीय शास्त्रीय कलाओं की सुगंध से महक उठा, जब विद्यालय में स्पिकमैके कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारत की सांस्कृतिक परंपराओं एवं मूल्यों से जोड़ना और उनमें सौंदर्य-बोध का विकास करना था। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण था प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना पल्लवी डे की अनुपम प्रस्तुति। वे महान कथक गुरु पंडित बिरजू महाराज की शिष्या हैं और संगीत नाटक अकादमी द्वारा प्रदत्त प्रतिष्ठित उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार से सम्मानित हैं। भारत और विदेशों में अनेक मंचों पर अपनी कला का प्रदर्शन कर चुकीं श्रीमती डे ने अपने सधे हुए पदचाप, भावपूर्ण मुखाभिनय और सशक्त नृत्यकथन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके साथ संगत कर रहे थे देश के जाने-माने कलाकार प्रतीक मुखर्जी (तबला), सुभाषिस भट्टाचार्य (गायन) और सुनंदो मुखर्जी (सरोद)। लय, स्वर और नृत्य का यह समन्वित संगम दर्शकों को भारतीय शास्त्रीय परंपरा की गहराइयों में ले गया। विद्यालय के विद्यार्थी और शिक्षकगण इस आयोजन में बड़ी उत्सुकता और आनंद के साथ उपस्थित रहे। उन्होंने कथक की भव्यता और भारतीय शास्त्रीय संगीत की गहराई को प्रत्यक्ष अनुभव करने का यह दुर्लभ अवसर संजोया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या मनीषा शर्मा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में सौंदर्य-बोध को पोषित करते हैं और उन्हें भारत की कालजयी धरोहर से जोड़ते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरला बिरला पब्लिक स्कूल सदैव समग्र शिक्षा पर बल देता है, जहां शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ सांस्कृतिक मूल्यों का भी संतुलित समावेश किया जाता है।

# श्री दुर्गा पूजा महोत्सव को सफल बनाने के लिए युवा दस्ता की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** श्री दुर्गा पूजा महोत्सव 2025 को सफल बनाने के लिए युवा दस्ता 2025 की वार्षिक बैठक श्री दुर्गा मंदिर परिसर में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा, वरिष्ठ समाजसेवी शंकर दुबे, कैलाश केसरी, गोपाल पारीक, राज किशोर, उपेंद्र रजक, प्रकाश चंद्र सिन्हा और राम वानर सेना के अध्यक्ष लंकेश सिंह उपस्थित थे। बैठक का उद्देश्य श्री दुर्गा पूजा महोत्सव को धूमधाम से मनाने और युवा दस्ता के संगठन का विस्तार करना था। बैठक में पुरानी कमिटी को भंग किया गया और आय-व्यय का ब्यौरा दिया गया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि युवा दस्ता जिला प्रशासन, दुर्गा पूजा आयोजन समिति और मां भवानी के भक्तों के बीच समन्वय बनाकर कड़ी का काम करेगी। भीड़भाड़ वाले पूजा पंडालों में युवा दस्ता के सदस्य उपस्थित रहेंगे और दर्शन करने आए वृद्ध, महिलाएं और बच्चों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इस बात का ध्यान रखेंगे। युवा दस्ता के सभी क्षेत्रीय पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के पूजा पंडाल का निरीक्षण कर वहाँ की परेशानियों से जिला प्रशासन को अवगत करायेंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 31 अगस्त 2025 (रविवार) को श्री दुर्गा पूजा महोत्सव को सफल बनाने और युवा दस्ता के संगठन का विस्तार करने के लिए बैठक रखी जायेगी। इस बैठक में राजेश राम, मनीष साहू, मनीष केसरी, सुमित साहू, रितेश साहू, रणधीर रजक, टिंकू महतो, सुनील शर्मा और आयुष सिंह उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन करण नायक ने किया।

# पीएम मोदी ने 1400 करोड़ रुपये की विभिन्न रेलवे परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 अगस्त, 2025 को गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित एक कार्यक्रम में 1,400 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न रेलवे परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया। ये परियोजनाएं विशेष रूप से उत्तर गुजरात के महेसाणा, पाटण, बनासकांठा, गांधीनगर और अहमदाबाद जिलों को लाभान्वित करेंगी। ये रेलवे परियोजनाएं क्षेत्रीय कनेक्टिविटी, औद्योगिक विकास, लॉजिस्टिक्स दक्षता और रोजगार सृजन में उल्लेखनीय योगदान देंगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रेलवे की जो परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित की उनमें 537 करोड़ रुपये की लागत से तैयार महेसाणा-पालनपुर रेल लाइन (65 किमी) का दोहरीकरण, 347 करोड़ रुपये की लागत से कलोल-कड़ी-कटोसन रोड रेल लाइन (37 किमी) का गेज कन्वर्जन और 520 करोड़ रुपये की लागत से बेचराजी-रणुंज रेल लाइन (40 किमी) का गेज कन्वर्जन शामिल है। ये रेलवे परियोजनाएं विशेष रूप से उत्तर गुजरात के महेसाणा, बनासकांठा और पाटण जिले को ब्रॉडगेज लाइन के माध्यम से सहज, सुरक्षित और निर्बाध संपर्क प्रदान करेंगी। इससे दैनिक यात्रियों, पर्यटकों और व्यवसायों के लिए आवागमन अधिक सरल और तेज होगा। साथ ही, क्षेत्रीय आर्थिक एकीकरण को भी बढ़ावा मिलेगा। अतिरिक्त लाइन क्षमता के कारण अहमदाबाद-दिल्ली मार्ग पर तेज गति से ट्रेनों का संचालन संभव होगा। इससे अधिक यात्री ट्रेनों के संचालन का मार्ग प्रशस्त होगा और मालगाड़ियों की गति एवं दक्षता में भी उल्लेखनीय सुधार होगा। इस प्रकार यह परियोजनाएं गुजरात की आर्थिक गतिविधियों को नयी ऊर्जा प्रदान करेंगी।

बेचराजी-रणुंज रेल लाइन का गेज कन्वर्जन नेशनल लॉजिस्टिक्स पॉलिसी और पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान फॉर मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी के अनुरूप किया गया है। इसका उद्देश्य लॉजिस्टिक्स लागत को कम करना और गुजरात राज्य की लॉजिस्टिक्स परफॉर्मेंस इंडेक्स रैंकिंग में और बेहतर सुधार लाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह पहल उत्तर गुजरात की सामाजिक-आर्थिक प्रगति को और गति प्रदान करेगी।

# राधा-कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** संस्कार भारती रांची महानगर द्वारा राधा-कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन अत्यंत श्रद्धा और उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों के मन में सांस्कृतिक चेतना का संचार करना तथा भारतीय परंपरा एवं कला से जुड़ाव को सुदृढ़ करना रहा। प्रतियोगिता में दो आयु वर्ग- 2 से 4 वर्ष तथा 5 से 7 वर्ष - के बच्चों ने राधा-कृष्ण का रूप धर कर अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। निर्णायक मंडल में डॉ. सुशील कुमार अंकन, सुजाता मजूमदार और विश्वनाथ प्रसाद सम्मिलित थे। परिणाम इस प्रकार रहे- 2 से 4 वर्ष वर्ग, कविता शंकर (प्रथम), दक्ष पाठक (द्वितीय), राधवी पाठक (तृतीय), रेयांश सिन्हा (चतुर्थ), आद्या कक्कड़ (पंचम)। 5 से 7 वर्ष वर्ग। आकांक्षा जाना (प्रथम), आद्य गुप्ता (द्वितीय), तृषि मालाकार (तृतीय), अविसा अलीन मिंज (चतुर्थ), अयांश अन्थोनी लकड़ा (पंचम)। सभी विजेताओं को उपहार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये, जबकि शेष प्रतिभागियों को भी प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रामानुज पाठक एवं डॉ. सुशील अंकन द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। तत्पश्चात सुजाता मजूमदार के निर्देशन में प्रस्तुत संस्कार भारती ध्येय गीत और सरस्वती वंदना ने वातावरण को सुरमयी बना दिया। विशेष आकर्षण के रूप में विपुल नायक एवं गार्गी शोम ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। आयोजन में उपाध्यक्ष आशुतोष प्रसाद ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री शशिकला पौराणिक ने प्रभावशाली ढंग से किया। अंत में सभी प्रतिभागियों एवं अतिथियों ने मिलकर कृष्ण महाआरती तथा वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया। इस अवसर पर राकेश रमन, मधुरेश चंद्रा, वीना चंद्रा, गीता सिंह, रेणुबाला धर, अनूप मजूमदार, जवाहरलाल, मयंक मिश्रा, अमरेश कुमार सहित अनेक गणमान्य नागरिक, अभिभावक एवं कला-साहित्य-संस्कृति प्रेमी उपस्थित थे। संस्कार भारती, रांची महानगर के पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि ऐसे आयोजन बच्चों के व्यक्तित्व विकास में सहायक सिद्ध होंगे और भारतीय संस्कृति से उनके जुड़ाव को और गहरा करे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### श्री गणेश पूजा रांची महानगर जिला महासमिति ने पूर्व कमेटी का किया विस्तार



रांची (आजाद सिपाही)। श्री गणेश पूजा रांची महानगर जिला महासमिति के अध्यक्ष नंद किशोर सिंह चंदेल ने बयान जारी कर कहा कि बारिश के मौसम को देखते हुए श्री गणेश पूजा के महानगर और जिला की मीटिंग को स्थगित रखा गया है। पिछले साल की महासमिति को ही विस्तार किया जा रहा है। महासमिति द्वारा रांची महानगर और जिला के अंतर्गत आने वाले गणेश पूजा पंडालों के बीच हर साल की भांति इस साल भी उनके पूरे पूजा के दरमियान बने हुए वीडियो को सोशल साइट पर डालकर वोटिंग की प्रक्रिया के अनुसार प्रथम द्वितीय तृतीय पुरस्कार का वितरण किया जायेगा। महासमिति ने रांची प्रशासन, रांची नगर निगम और झारखंड सरकार से अनुरोध किया है कि तमाम पूजा पंडालों के आसपास सुरक्षा और साफ-सफाई का विशेष ध्यान देने की कृपा करें। चंदेल ने कहा कि रांची जिला में लगभग सैकड़ों जगह गणेश पूजा किये जाते हैं और हर वर्ष गणेश पूजा पंडालों का आकार भव्य और बड़ा होता जा रहा है। महासमिति की टीम में मार्गदर्शक के रूप में राज्य सभा सांसद डॉ महुआ माजी, झारखंड गो सेवा आयोग अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद और झारखंड अल्पसंख्यक आयोग उपाध्यक्ष ज्योति सिंह माथारू शामिल हैं। इसके अलावा अध्यक्ष नंद किशोर सिंह चंदेल, मुख्य संरक्षक उज्जवल कुमार सिन्हा और सुनील कुमार, मुख्य संयोजक शंकर दुबे और सोमवित माजी हैं।

### निर्मला कॉन्वेंट हाइस्कूल में शतरंज प्रतियोगिता का सफल आयोजन




रांची (आजाद सिपाही)। निर्मला कॉन्वेंट हाइस्कूल एदलहातू स्थित कक्षा छह से दसवीं तक के विद्यार्थियों के बीच शतरंज प्रतियोगिता का भव्य आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी अद्भुत रणनीतिक सोच और तर्कशक्ति का परिचय दिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच कक्षा नौवीं के संजय यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। कक्षा सातवीं की स्वाति यादव द्वितीय स्थान पर रहीं, जबकि कक्षा दसवीं की स्मृति टोप्पो ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय कुमार शर्मा ने विजेताओं को सम्मानित करते हुए कहा कि शतरंज जैसे खेल विद्यार्थियों को धैर्य, एकाग्रता और सही निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करते हैं। वहीं विद्यालय की सचिव सीमा शर्मा ने छात्रों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगितायें बच्चों के बौद्धिक विकास और आत्मविश्वास को नयी दिशा प्रदान करती हैं। प्रतियोगिता के सफल संचालन में शिक्षकों की भूमिका सराहनीय रही और पूरे विद्यालय परिसर में उत्साह का वातावरण बना रहा। मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका किरण कुमारी, आशुतोष कुमार, एनिमा एक्का, सुधा, राणा सहित विद्यार्थीगण भी मौजूद थे।

### किसान कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ने बारिश से बेघर हुए लोगों की मदद की



रांची (आजाद सिपाही)। किसान कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुभाष कुमार ने सोमवार को सखुआ बगान के धुरुआ में भारी बारिश से क्षतिग्रस्त मकानों का दौरा किया। कुछ दिनों से हो रही बारिश के कारण धुर्वा के सखुआ बगान के रहने वाली सोमती देवी का मकान क्षतिग्रस्त हो गया था। उन्होने प्रभावित परिवारों को तिरपाल, खाद्य पदार्थ और आर्थिक सहायता प्रदान की। उन्होंने क्षेत्र के आसपास के घरों का भी भ्रमण किया। सुभाष कुमार ने लोगों से तत्कालिक मदद का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने अपनी टीम के सदस्यों को निर्देश दिया कि आवश्यक वस्तुओं की व्यवस्था की जाये और प्रभावित लोगों को जल्द से जल्द मदद पहुंचायी जाये। इसके अलावा उन्होंने झारखंड प्रदेश में किसान कांग्रेस से जुड़े पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को भी मदद करने का आश्वासन दिया है।

### नेताजी नगर दुर्गा पूजा कमेटी इस वर्ष भी धूमधाम से मनायेगी दुर्गा पूजा



रांची (आजाद सिपाही)। नेताजी नगर दुर्गा पूजा कमेटी ने इस वर्ष भी धूमधाम से दुर्गा पूजा का आयोजन करने का निर्णय लिया है। इस वर्ष पंडाल की थीम ऑपरेशन सिंदूर रखी गयी है, जिसमें मां भारती की प्रतिमा और शहीदों को श्रद्धांजलि दी जायेगी। नेताजी नगर दुर्गा पूजा कमेटी के सचिव राहुल कुमार ने बताया कि इस वर्ष का आयोजन बहुत ही भव्य होगा और लोगों को आकर्षित करेगा। उन्होंने कहा कि पंडाल का निर्माण आसनसोल के गणेश जी द्वारा किया जा रहा है और प्रतिमा का निर्माण अजय पाल द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पंडाल का मुख्य द्वार पर मां भारती की प्रतिमा होगी। अंदर हाथ से शहीदों की पेंटिंग की जायेगी। पंडाल के अंदर का सीलिंग फांसी के फंदे के आकार में होगा। माता की प्रतिमा भी अद्भुत होगी, जिसका निर्माण अजय पाल द्वारा किया जा रहा है। इस वर्ष पूजा में लगभग 17 लाख रुपये खर्च होने का अनुमान है। सप्तमी से दशमी तक भोग का वितरण किया जायेगा। महासप्तमी को बुंदिया, महाअष्टमी को खिचड़ी और महानवमी को पुलाव रूपी प्रसाद का वितरण किया जायेगा।




आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 26 अगस्त, 2025
www.azadsipahi.in



# मंदरा के पूर्व मुखिया शंकर बेलदार को अपराधियों ने मारी गोली, अस्पताल में

## ■ वर्तमान मुखिया के पति हैं शंकर ■ क्षेत्र पुलिस छावनी में तब्दील

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** बाघमारा थाना क्षेत्र के फुलारीटाड़ डुमरा मोड़ बीसीसीएल बरोरा एरिया वन के क्षेत्रीय कार्यालय डुमरा मोड़ मे सोमवार की रात बाइक सवार ने मंदरा के पूर्व मुखिया शंकर बेलदार को गोली मार दी। स्थानीय लोगों ने उसे आनन-फानन में इलाज के लिए धनबाद एसजेएस अस्पताल ले गये। इधर घटना के बाद दुकानदार अपनी दुकानें बंद कर भाग गये। शंकर की स्थिति चिंताजनक बतायी जा रही है। इस घटना के बाद क्षेत्र मे हड़कंप मच गया। सूचना पाकर बाघमारा पुलिस सहित वरीय पुलिस पदाधिकारी घटनास्थल पहुंच मामले की छानबीन करने मे जुट गयी है। यह क्षेत्र पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है। इस घटना के बाद क्षेत्र में तनाव व्याप्त है।

बताया जा रहा है कि बाघमारा क्षेत्र के एक अवैध खनन स्थल पर अपना वर्चस्व जमाने को लेकर क्षेत्र में तनाव चल रहा था। सोमवार को शंकर अपने सहयोगियों के साथ डुमरा मोड़ पर खड़ा था, जहां दो बाइक पर चार लोग सवार होकर आये। इसके बाद उस पर गोली चला दी। शंकर बेलदार क्षेत्र मे अवैध कोयला भट्ठा का संचालन करता है। एक साल पूर्व भी कोयले के कारोबार में दबिश बनाने को लेकर अपराधियों ने शंकर बेलदार के चालक की गोली मार कर हत्या कर दी थी। वहीं कुछ माह पूर्व बरोरा चेक पोस्ट के पास दो गुटों में मारपीट हो गयी थी, जहां एक गुट ने शंकर बेलदार के बेटे की पिटाई कर बुरी तरह घायल कर दिया था। शंकर बेलदार मंदरा पंचायत के पूर्व मुखिया एवं वर्तमान मुखिया के पति है।

घटना की जानकारी मिलते ही पहुंचे धनबाद डीएसपी पुरुषोत्तम कुमार, तोपचांची इंस्पेक्टर असीम कमल टोपनो, कतरास थाना प्रभारी आसित कुमार सिंह, बाघमारा थाना प्रभारी अजीत कुमार और बरोरा थाना प्रभारी साधन कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि दो बाइकों पर सवार चार अपराधी डुमरा एरिया ऑफिस के पास पहुंचे। उन लोगों ने शंकर बेलदार को आवाज लगायी और अचानक फायरिंग शुरू कर दी। गोलीबारी में शंकर को कमर और पैर में चार गोलियां लगी हैं। पुलिस ने मौके से दो खोखा बरामद किया है और घटनास्थल के आसपास सर्च अभियान जारी है। साथ ही एरिया गार्ड से पूछताछ की जा रही है।

## 28 को गौमाता के पूजन वंदन के साथ श्री श्याम महोत्सव शुरू होगा

# श्री श्याम प्रभु की विराट शोभा यात्रा 29 को

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड राज्य की प्राचीनतम धार्मिक संस्था श्री श्याम मंडल, रांची का 58वां चार दिवसीय वार्षिक श्री श्याम महोत्सव 28 अगस्त से 31 अगस्त तक अत्यंत धूमधाम से मनाया जायेगा। महोत्सव का आयोजन श्री श्याम मंडल रांची द्वारा निर्मित अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में होगा। मंदिर के साज-सज्जा के लिए कोलकाता के कुशल कारीगरों का जत्था पूर्ण तन्मयता के साथ कार्य में जुटे हुए हैं।

28 अगस्त को प्रातः 8 बजे श्री श्याम मंदिर में श्रृंगार आरती के पश्चात मंडल के सदस्यों श्री श्याम प्रभु के जयकारों के साथ सुकुरहुटू गौशाला के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां विधिवत गौ माता का पूजन वंदन के पश्चात गायों को गुड़, चोकर, रोटी, हरी सब्जी एवं चारा खिलाया जायेगा। गौमाता के पूजन वंदन के साथ श्री श्याम महोत्सव का शुभारंभ होगा। साथ ही पूर्वाह्न 11:30 बजे से रानी सती पाठशाला में शिक्षक दिवस पर कन्या पाठशाला में सेवा कार्य की जायेगी। इसमें पाठशाला में एक फोटो कॉपी की मशीन तथा 2 बच्चों का साल भर का पाठशाला का फीस प्रदान की जायेगी।

29 अगस्त को अपराह्न 4 बजे अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर से श्री श्याम प्रभु का विराट शोभा यात्रा प्रारंभ होगी। श्री श्याम मंडल के सदस्य संगीतमय भजनों की वर्षा शोभा यात्रा में करेंगे। शोभा यात्रा का मुख्य आकर्षण श्री श्याम प्रभु दिव्य रथ होगा, जिस पर सवार होकर श्री श्याम प्रभु भक्तों को आशीष देते हुए नगर भ्रमण के लिए निकलेंगे। शोभा यात्रा में मंडल द्वारा प्रसाद वितरण किया जायेगा।

30 अगस्त को श्री श्याम महोत्सव का मुख्य कार्यक्रम अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में रात्रि 9 बजे प्रारंभ होगा। श्री श्याम प्रभु के दिव्य शीश का अत्यंत मनोहरी एवम श्रृंगार किया जायेगा। मंडल के संरक्षक ओम प्रकाश जोशी गणेश पूजन करायेंगे। तत्पश्चात मंडल अध्यक्ष चंद्र प्रकाश बागला आंगतुक भक्तों का स्वागत कर मंडल द्वारा प्रकाशित 58वें प्रेम पुष्प का विमोचन करेंगे। रात्रि 10 बजे श्री श्याम प्रभु की दिव्य एवं अष्ठ प्रहर की अखंड ज्योत प्रज्वलित की जायेगी। गणेश वंदना के साथ संगीतमय संकीर्तन का शुभारंभ किया जाएगा। श्री श्याम प्रभु को छप्पन भोग एवं 501 सवामणि व विभिन्न प्रकार के फलों का प्रसाद निवेदित किया जायेगा। विशेष रूप धनबाद से पधारे प्रसिद्ध भजन गायक श्रीकृष्णा अग्रवाल एवं श्री श्याम मंडल कोलकाता द्वारा संपूर्ण रात्रि भजनों की अमृत वर्षा कर श्री श्याम प्रभु को रिझायेंगे।

31 अगस्त को प्रातः 8 बजे तीन सौ पुरुष एवं महिलाओं द्वारा पारंपरिक वेश भूषा में संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया जायेगा। तत्पश्चात श्री हनुमान मंडल, श्री शिव भक्त मंडल और चंडीगढ़ से पधारे प्रसिद्ध भजन गायक गुरप्रीत धारीवाल अनवरत भजनों की अमृत वर्षा करेंगे। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को विशेष रूप से बनाये गये खीर चूरमा की सवामणि का भोग अर्पित किया जायेगा। रात्रि 10 बजे मंडल के मंत्री धीरज बंका अपना वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर महाआरती के साथ चार दिवसीय श्री श्याम महोत्सव का समापन होगा। प्रेस वार्ता में चंद्र प्रकाश बागला, मनोज सिंघानिया, धीरज बंका, राजेश सारस्वत, विवेक ढांढनियां, विकास पाड़िया, अजय शंकर साबू, नितेश लाखोटिया, अमित जलान और प्रियांश पोद्दार उपस्थित थे। यह जानकारी श्री श्याम मंडल के मीडिया प्रभारी सुमित पोद्दार ने दी।

## महत्वपूर्ण खबरें

### डॉ बीपी मंडल को राजेश गुप्ता ने दी श्रद्धांजलि



रांची (आजाद सिपाही)। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री मंडल आयोग के निर्माता डॉ बीपी मंडल की जयंती के अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता और अन्य पदाधिकारी ने उनके तस्वीर पर माल्यार्पण और श्रद्धा सुमन अर्पित किया। प्रदेश अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने कहा कि डॉ बीपी मंडल के कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनके संघर्षों का परिणाम है कि आज करोड़ों लोगों के जीवन स्तर ऊंचा उठा है और खुशहाली आयी है। उनके अधूरे सपने को संघर्षों के बूते पूरा करने का काम राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा करेगा। उन्होंने समाज के वंचित वर्गों के लिए जो किया, वह हमेशा याद रखा जायेगा। पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद बीपी मंडल के कार्यों और योगदान को याद किया गया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता प्रदेश महासचिव रामावतार कश्यप, सामाजिक कार्यकर्ता सत्येंद्र यादव, प्रदेश सचिव राम लखन साहू कार्यालय प्रभारी संतोष शर्मा आदि उपस्थित थे।

### सामाजिक न्याय पार्टी झारखंड में अपनी पकड़ बनाने में जुटी : प्रियंका



रांची (आजाद सिपाही)। सामाजिक न्याय पार्टी बिहार के बाद अब झारखंड में अपनी पकड़ बनाने में जुटी है। पार्टी के संस्थापक सह राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रियंका कुमारी उर्फ परी पासवान ने प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दी कि पार्टी का गठन दबे कुचले वर्ग को न्याय दिलाने के लिए किया गया है। परी पासवान ने कहा कि झारखंड प्रदेश में जल्द ही कमेटी का विस्तार कर लिया जायेगा। पार्टी फिलहाल बिहार विधानसभा चुनाव पर फोकस कर रही है, लेकिन झारखंड में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि झारखंड मेरा जन्मस्थली है, इसलिए इसके प्रति विशेष लगाव है। इस मौके पर पवन पासवान, मीडिया प्रभारी जमुई बिहार, साहेब खान, जिशान अंसारी सहित अन्य मौजूद थे। पार्टी के पदाधिकारियों ने कहा कि वे झारखंड में सामाजिक न्याय के लिए काम करेंगे और दबे कुचले वर्ग के अधिकारों की रक्षा करेंगे।

### श्री गणेश पूजा समिति के सदस्यों ने सांसद डॉ महुआ माजी से मुलाकात कर आमंत्रित किया



रांची (आजाद सिपाही)। सांसद राज्यसभा डॉ महुआ माजी के आवास पर श्री गणेश पूजा रांची महानगर जिला के अध्यक्ष नंद किशोर सिंह चंदेल के नेतृत्व में रांची शहर के लगभग सभी पूजा समितियां पहुंच कर अपने गणेश पूजा पंडालों में आमंत्रण के लिए अंग वस्त्र और आमंत्रण कार्ड देते हुए ससम्मान सादर आमंत्रित किया। सभी गणेश पूजा समितियों से सांसद महुआ माजी ने एक-एक कर मुलाकात की और उनके कार्यक्रम के बारे में विस्तृत रूप से जाना। उन्होंने कहा कि आपसी भाईचारगी के साथ अच्छे वातावरण में पूजन का कार्यक्रम करें और किसी भी तरह की असुविधा होने पर वह उनके साथ हमेशा खड़ी हैं। सांसद महुआ माजी ने आश्वासन दिया कि वह निश्चित रूप से हर पूजा पंडाल में पहुंचकर भगवान श्री गणेश से प्रार्थना कर शहर वासियों की सुख शांति की कामना करेंगी। इस आमंत्रण कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि सोमवित माजी, श्री गणेश पूजा रांची महानगर जिला के अध्यक्ष नंद किशोर सिंह चंदेल, भारतीय युवा संघ गणपति पूजा समिति, श्री गणेश पूजा समिति ओटीसी ग्राउंड, मंगल मूर्ति क्लब, श्री नवयुवक गणेश पूजा समिति आदि बहुत सारे गणेश पूजा पंडाल के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सपनों की उड़ान सामाजिक संस्था ने हटिया में पेंटिंग और कला प्रतियोगिता का आयोजन किया

**रांची (आजाद सिपाही)।** सपनों की उड़ान सामाजिक संस्था की ओर से हटिया रेलवे कॉलोनी पोस्ट ऑफिस के निकट पेंटिंग, नृत्य-गान, चित्रकला और कविता प्रतियोगिता का आयोजन हटिया रेलवे इंस्टीट्यूट में किया गया। इस प्रतियोगिता में 35 बच्चों ने भाग लिया और अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ऐसे प्रतियोगिताओं से बच्चों में झिझक दूर होती है और उन्हें पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ती है। प्रतियोगिता का आयोजन ड्राइंग टीचर मौसमी कुमारी शाह के देखरेख में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को उपहार दिये गये। संस्थापक अध्यक्ष मीरा गुप्ता ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं और उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ अन्य कलाओं में भी अभ्यास कराना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्यामजीत गुप्ता, कृष्णा कुमार, आर्यन कुमार, निशा कुमारी आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

# बच्चों का संघर्ष छिप जाता है मुस्कान और चुप्पी के पीछे : स्पीकर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण जैसे अक्सर अनदेखी विषय को केंद्र में लाते हुए यूनिसेफ झारखंड ने विधानसभा अध्यक्ष कार्यालय के सहयोग से विधानसभा में सोमवार को संवाद का आयोजन किया। संवाद का विषय था बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को प्राथमिकता देना, नीति-निमार्ता क्या कर सकते हैं। मानसून सत्र के दौरान आयोजित इस बैठक में करीब 40 विधायकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ रबींद्रनाथ महतो ने कहा कि हमारे बच्चों के संघर्ष, जो अक्सर मुस्कान या चुप्पी के पीछे छिप जाते हैं, हमारे ध्यान और निर्णायक कार्रवाई की मांग करते हैं। जनप्रतिनिधि होने के नाते हमारी जिम्मेदारी है कि हम ऐसा वातावरण बनाएं, जहां हर बच्चा देखा, सुना और समर्थित महसूस करे। उन्होंने स्कूलों में काउंसलरों की उपलब्धता और समाज से भ्रांतियां दूर करने पर जोर दिया। यूनिसेफ झारखंड की प्रमुख डॉ. कनीनिका मित्रा ने बताया कि बच्चे पढ़ाई के दबाव, सामाजिक-आर्थिक कठिनाइयों और हिंसा जैसी चुनौतियों से जूझ रहे हैं। मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी भ्रांतियां इन समस्याओं को और बढ़ा देती हैं, जिससे बच्चे अकेलापन और असहायता महसूस करते हैं।

संचार एवं साझेदारी विशेषज्ञ आस्था अलांग ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य बाल विकास का मूल आधार है, लेकिन यह अभी भी लाखों बच्चों के लिए एक छिपी हुई चुनौती है। वहीं, बाल संरक्षण विशेषज्ञ प्रीति श्रीवास्तव और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ वनेश माथुर ने राज्य की चुनौतियों और समाधान पर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन शिवानी ने किया। बैठक में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, जेएलकेएम के अध्यक्ष जयराम महतो, मंत्री इरफान अंसारी सहित अन्य विधायक मौजूद थे।

# बायोम इंस्टीट्यूट के स्टूडेंट्स ने बिहार के शीर्ष मेडिकल कॉलेज पीएमसी और एनएमसी डीएमसी में बनायी जगह

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** बायोम इंस्टीट्यूट में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स ने बिहार मेडिकल काउंसलिंग में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए टॉप मेडिकल कॉलेज में जगह बनायी है। बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद (बीसीइसीइबी) ने स्टेट नीट-यूजी काउंसलिंग के तहत सीट एलॉटमेंट रिजल्ट जारी कर दिया है। बिहार स्टेट कोटा की सीटों पर बायोम रांची से पढ़ाई करने वाले कई छात्रों ने शानदार सफलता हासिल की है। बायोम संस्थान के राघव कुमार, अंकित आनंद और अकांक्षा को पीएमसी पटना में सीट मिली है। वहीं लखन और क्षेया कुमारी को एनएमसी पटना के लिए चयनित किया गया है। इभा रानी और कुमारी खुशी को डीएमसी लहेरियासराय, जबकि सौरभ को जेएलएनएमसी भागलपुर में सीट प्राप्त हुआ है। बायोम संस्थान के डायरेक्टर पंकज सिंह ने कहा कि हमारे छात्रों की यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत और लगन का नतीजा है। बायोम हमेशा से छात्रों को सही दिशा और बेहतर मार्गदर्शन देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हमारे विद्यार्थी बिहार के टॉप मेडिकल कॉलेजों में दाखिला पा रहे हैं। आने वाले समय में यही छात्र छात्राएं चिकित्सा के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

# मयंक सिंह के रिमांड के मामले में एसीजेएम ने फैसला रखा सुरक्षित

## पुलिस ने जिसे बताया मयंक सिंह, बचाव पक्ष ने बताया सुनील कुमार

एसटीएस की कहानी पर सुनील कुमार के वकील का कड़ा एतराज

सुनील और मयंक के बीच फंसा पेच, रिमांड लेने में एसटीएस को करनी पड़ रही मसक्कत

### सुप्रीम कोर्ट के जजमेंट को भी किया गया पेश

अधिवक्ता हेमंत सिकरवार ने बहस के दौरान सुप्रीम कोर्ट के कई फैसले का हवाला दिया। जिसमें साफ तौर पर यह कहा गया था कि पुलिस जिस मामले में चार्जशीट दायर कर चुकी है, उसमें तब तक दोबारा जांच का आदेश नहीं मिल सकता जब तक पुलिस कोई नये तथ्य पुख्ता सबूत के साथ नहीं रखे। अभी तक पुलिस के पास ऐसा कोई सबूत नहीं है, जिससे कांड संख्या 175/2022 की दोबारा जांच हो सकती है।

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** अजरबैजान जेल से निकाल कर जिस व्यक्ति को एटीएस की टीम रामगढ़ कोर्ट लेकर के आई है, वह खुद को मयंक सिंह होने से इनकार कर रहा है। उसके अधिवक्ता ने एटीएस की दलील पर कड़ा एतराज जताया है। उसने एटीएस की जांच पर भी सवाल खड़ा किया है। शनिवार को जब कोर्ट में अजरबैजान से आए कैदी को पेश किया गया था, तब एटीएस ने उसे मयंक सिंह उर्फ सुनील कुमार उर्फ सुनील कुमार मीणा बताया था। सोमवार को सुनील कुमार मीणा की तरफ से हाई कोर्ट के अधिवक्ता हेमंत सिकरवार ने बहस की। उनके साथ कोर्ट में अधिवक्ता निमेष कुमार और विधान चंद्र सिंह भी मौजूद थे। हेमंत सिकरवार ने कोर्ट में दलील दी कि जिस व्यक्ति को पुलिस मयंक सिंह बता रही है, असल में वह सुनील कुमार मीणा है।

# आधी आबादी को नेतृत्व की मुख्यधारा में लाना जरूरी : खड़गे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** संगठन सृजन अभियान के तहत झारखंड, ओडिशा, पंजाब और उत्तराखंड के जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों के लिए नियुक्त पर्यवेक्षकों की सोमवार को बैठक नयी दिल्ली इंदिरा भवन में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि कांग्रेस के संगठन में जिला अध्यक्ष की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। इतिहास गवाह है कि लाल बहादुर शास्त्री, गोविंद वल्लभ पंत, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री गुंडू राव और मंत्री धर्म सिंह जैसे अनेक वरिष्ठ नेता जिला अध्यक्ष के पद से ही आगे बढ़कर राष्ट्रीय राजनीति में पहुंचे। उन्होंने कहा कि वे स्वयं भी मंत्री रहते हुए जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी निभायी थी। खड़गे ने कहा कि जरूरत है कि कांग्रेस संगठन में आधी आबादी को हमें आगे बढ़ाना होगा और उन्हें जिम्मेदारी देकर नेतृत्व की मुख्यधारा में लाना होगा। बिहार में राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन की वोटर अधिकार यात्रा को जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। यह स्पष्ट संदेश है कि जनता संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए कांग्रेस के साथ खड़ी है। हमें अपनी लड़ाई को और आगे बढ़ाना है। बैठक में लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि यह बैठक हमारे संगठन को नई ताकत के साथ जनता की आवाज के लिए लड़ने को लेकर तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, संगठन महासचिव केसी



वेणुगोपाल, प्रदेश प्रभारी के राजू, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव उपस्थिति रहे। साथ में पंजाब, ओडिशा और उत्तराखंड के अध्यक्ष और प्रदेश प्रभारी उपस्थित रहे।

## AFFIDAVIT

As per Affidavit GRN No. 2504021461 date 22.08.2025. I, ANIL KUMAR AZAD S/O- NARAYAN MAHTO aged about 46 years by faith Hindu, by profession - Cultivation resident of village -Kalhabad P.O. - Kalhabad P.S. - Barkatha Dist. Hazaribag State Jharkhand do hereby declare as follows :- 1. That I am father Ajit Kumar and his mother name is Laxmi Devi. 2. That my son is student of class 8th and my sons mother name spelling has been mentioned as lakshmi Devi in place of Laxmi Devi. 3. That I want to improve my son mothers name spelling Laxmi Devi in place incorrect spelling Lakshmi Devi.
4. That statements para 1 to 3 are true and correct to the best of my knowledge if the statements will be found incorrect or false I will be responsible for the same and hence this affidavit.

## शपथ पत्र

शपथ पत्र के अनुसार क्रम संख्याः 6009, दिनांक - 03/07/2025 मैं बेबी देवी, पति-अभय राम, ग्रामः- सोनवर्षा, पोस्टः- महुअरी, थाना- हुसैनाबाद, जिलाः- पलामू ,राज्यः- झारखंड, ऐतत द्वारा निम्नानुसार पुष्टि एवं घोषणा करती हूं।
1. यह की अनुप्रिया कुमारी मेरी पुत्री है।
2. यह की उपरोक्त नाम मेरी बेटी का दुलारू एवम पुकारू नाम है। जो उसके आधार संख्याः-7004 7235 1400 में दर्ज है। 3. मेरी पुत्री का वास्तविक नाम अनुष्का कुमारी है जो उसके जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज है। जिसकी संख्याः 20252002324000025 है।
4. यह कि मेरी पुत्री भविष्य में अनुष्का कुमारी नाम से अपना कोई भी कागजी प्रक्रिया को निष्पादित करेगी।
5. मेरी उपरोक्त कथन सत्य एवम सही है। 6. इसलिए यह शपथ पत्र मेरी बेटी के आधार कार्ड में नाम सुधार के लिए है।

## कोर्ट नोटीस

COUNCIL OF C.J.M., LATEHAAR
Schedule XLIII High Court (M)31C,[Old Criminal Process No.4]
PROCLAMATION REQUIRING THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED
[Form No. 4 Schedule II Act 2 1974.]
(Section 82 of the code of Criminal Pocedure.)

एक मत्तम शखस को हाजिर करने का इश्तिहार।
(दफा 82 मजमुअए जवाबिते फौजदारी)


Court of CJM. Latehar
PROCLAMATION REQUIRING THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED
एक मत्तम शखस को हाजिर करने का इश्तिहार।

चतरा जिला के पिपरवार थाना अंतर्गत एक फरार चल रहे अभियुक्त शंकर गंझू (उम्र 29वर्ष) पिता भोला गंझू निवासी ग्राम बेंती- पिपरवार के खिलाफ मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी न्यायालय लातेहार द्वारा इश्तिहार निर्गत किया गया है। फरार अभियुक्त पर बालूमाथ थाना कांड संख्या 111/24, दिनांक 25/06/025 व 26/07/025 को भारतीय दंड संहिता की धारा 326(f), 308(2)/308(3)/308(4)/ 308(5)/285/324(5) /111(2b)/ 111(4)/3 (5)/bn(5) एवं 17 CLA एक्ट के तहत गंभीर आपराधिक मामला दर्ज है। उक्त अभियुक्त के विरूध इश्तिहार तामिला पश्चात् कुर्की अधिपत्र प्राप्त किया जाएगा। उक्त से संबंधित सूचना प्रचार-प्रसार हेतु प्रकाशित किया जा रहा है

# जेलेंस्की को भारत आने का न्योता

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को भारत आने का न्योता देकर सरकार ने संकेत दिया है कि शांति समझौता कराने में नयी दिल्ली सक्रिय भूमिका निभा सकती है। इस कदम का स्वागत होना चाहिए। रूस और यूक्रेन को अगर भारत बातचीत की मेज पर ले आता है, तो यह पूरी दुनिया के हित में होगा।

**बातचीत ही रास्ता :** पिछले साल अगस्त में नरेंद्र मोदी यूक्रेन जाने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने थे। इससे पहले उन्होंने रूस की यात्रा की थी। दोनों जगह उन्होंने भारत का रुख स्पष्ट किया कि शांति बहाल होनी चाहिए, यह युद्ध का दौर नहीं है। हाल में अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन के बीच हुई शिखर वार्ता का भी भारत ने स्वागत करते हुए कहा था कि बातचीत एवं कूटनीति ही आगे बढ़ने का रास्ता है।

**संतुलित नजरिया :** ट्रंप के दोबारा सत्ता संभालने से लेकर अभी तक, यूक्रेन युद्ध का समीकरण काफी कुछ बदल चुका है। अमेरिकी राष्ट्रपति चाहते हैं कि यह लड़ाई जल्द से जल्द खत्म हो। लेकिन, उनकी यह जल्दबाजी नीतियों में अस्थिरता के रूप में सामने आ रही है। कभी वह जेलेंस्की पर दबाव बनाने की कोशिश करते हैं, कभी पूतिन पर। हालांकि जब तक सहमति न बने, शांति थोपी नहीं जा सकती। इस मामले में भारत का नजरिया शुरू से संतुलित रहा है कि रूस और यूक्रेन, दोनों को शामिल किए बिना समस्या का हल नहीं निकाला जा सकता।

> **ट्रंप के दोबारा सत्ता संभालने से लेकर अभी तक, यूक्रेन युद्ध का समीकरण काफी कुछ बदल चुका है। अमेरिकी राष्ट्रपति चाहते हैं कि यह लड़ाई जल्द से जल्द खत्म हो। लेकिन, उनकी यह जल्दबाजी नीतियों में अस्थिरता के रूप में सामने आ रही है।**

**शांति का समर्थन :** यूक्रेन को लेकर ट्रंप एडमिनिस्ट्रेशन की पॉलिसी ने अमेरिका की साख को चोट पहुंचाई है, जबकि भारत ने शुरुआत से स्टैंड क्लियर रखा कि वह किसी के साथ नहीं, युद्ध के खिलाफ है। यूरोप और अमेरिका के दबाव डालने के बावजूद उसने किसी एक के पक्ष में खड़े होना नहीं चुना। यूक्रेन भी अब इस बात को मान रहा है कि भारत का रुख 'न्यूट्रल' नहीं, बल्कि वह शांति, कूटनीति और राजनीतिक संवाद का समर्थन कर रहा है।

**दोनों का भरोसेमंद :** किसी और देश की तुलना में भारत आज रूस और यूक्रेन, दोनों के बीच संवाद स्थापित कराने के लिए बेहतर स्थिति में है। उसे यह ताकत उसकी तटस्थता से ही मिली है। कीव और मॉस्को, दोनों उस पर भरोसा कर रहे हैं और दोनों को नयी दिल्ली से ज्यादा सक्रियता की उम्मीद है। भारत के पास मौका है कि वह संवाद की राह में आ रही रुकावटों को दूर करे। भारत जैसे देश तब चुपचाप खड़े होकर नजारा नहीं देख सकते, जबकि वे निर्णायक भूमिका निभाने की हैसियत रखते हों।

अभिमत
आजाद सिपाही

**गांव की गलियों से लेकर शहर के फ्लैट्स तक, हर जगह इनकी मौजूदगी देखी जा सकती है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि दुनिया के किन देशों में सबसे ज्यादा कुत्ते पाये जाते हैं। कहीं इन्हें घर का सदस्य बनाकर बेहद प्यार दिया जाता है, तो कहीं सड़कों पर इनकी बढ़ती संख्या सरकार और समाज के लिए बड़ी चुनौती बन जाती है।**

# दुनिया के टॉप 10 देश, जहां हैं सबसे ज्यादा कुत्ते

**अक्षय कुमार**



**भारत में लगभग 1.53 करोड़ आवारा कुत्ते हैं। यह देश के लिए बड़ी चुनौती है। सरकार ने लक्ष्य रखा है कि एक साल में 70% कुत्तों का टीकाकरण और नसबंदी की जायेगी, ताकि उनकी संख्या पर नियंत्रण हो और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।**

कुत्ते को हमेशा इंसान का सबसे वफादार दोस्त कहा जाता है। गांव की गलियों से लेकर शहर के फ्लैट्स तक, हर जगह इनकी मौजूदगी देखी जा सकती है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि दुनिया के किन देशों में सबसे ज्यादा कुत्ते पाये जाते हैं। कहीं इन्हें घर का सदस्य बनाकर बेहद प्यार दिया जाता है, तो कहीं सड़कों पर इनकी बढ़ती संख्या सरकार और समाज के लिए बड़ी चुनौती बन जाती है। टॉप 10 देशों की लिस्ट निम्न प्रकार है, जहां कुत्तों की तादाद सबसे ज्यादा है।

**रोमानिया :** रोमानिया में करीब 41 लाख कुत्ते हैं। 1980 के दशक में जब लोग गांव छोड़कर शहरों में शिफ्ट हुए तो कई कुत्ते पीछे छूट गए और धीरे-धीरे यहां आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ गई। कभी सरकार ने इन्हें खत्म करने का तरीका भी अपनाया, लेकिन एनजीओ और पशु अधिकार संगठनों के विरोध के चलते इसे रोकना पड़ा।

**फ्रांस :** फ्रांस में करीब 74 लाख कुत्ते हैं। यहां हर पालतू कुत्ते को माइक्रोचिप और रेबीज वैक्सीनेशन कराना अनिवार्य है, इसी वजह से बीमारियों के मामले बेहद कम हैं। लेकिन दुख की बात यह है कि हर साल हजारों कुत्तों को लोग छोड़ भी देते हैं।

> **भारत में लगभग 1.53 करोड़ आवारा कुत्ते हैं। सरकार ने लक्ष्य रखा है कि एक साल में 70% कुत्तों का टीकाकरण और नसबंदी की जायेगी।**

**अर्जेंटीना :** अर्जेंटीना में लगभग 92 लाख कुत्ते रहते हैं। लोग छोटे अपार्टमेंट्स में भी इन्हें पालना पसंद करते हैं। सरकार लगातार वैक्सीनेशन और नसबंदी अभियान चलाकर संख्या नियंत्रित करने की कोशिश करती है।

**फिलीपींस :** फिलीपींस में करीब 1.16 करोड़ कुत्ते हैं। लंबे समय तक रेबीज से मौतें यहां चिंता का विषय रहीं। अब सरकार ने मारने की बजाय वैक्सीनेशन और नसबंदी को अपनाया है।

**जापान :** जापान में लगभग 1.20 करोड़ कुत्ते हैं। यहां कई लोग बच्चों की जगह डॉग्स को परिवार का हिस्सा मानते हैं। यही वजह है कि जापान का पेट इंडस्ट्री 10 अरब डॉलर से ज्यादा की है।

**रूस :** रूस में करीब 1.50 करोड़ कुत्ते पाए जाते हैं। यहां ₹मेट्रो डॉग्स₹ भी मशहूर हैं, जो ट्रेन और बस में सफर करना जानते हैं। सरकार और आम लोग मिलकर इनकी देखभाल करते हैं।

**भारत :** भारत में लगभग 1.53 करोड़ आवारा कुत्ते हैं। यह देश के लिए बड़ी चुनौती है। सरकार ने लक्ष्य रखा है कि एक साल में 70% कुत्तों का टीकाकरण और नसबंदी की जायेगी, ताकि उनकी संख्या पर नियंत्रण हो और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

**चीन :** चीन में करीब 2.74 करोड़ कुत्ते हैं। पहले कुछ शहरों में डॉग्स पालने पर रोक थी, लेकिन अब लोग तेजी से इन्हें पालतू बना रहे हैं। नतीजा यह कि चीन का पेट मार्केट तेजी से बढ़ा है।

**ब्राजील :** ब्राजील में लगभग 3.57 करोड़ कुत्ते रहते हैं। यहां हर दूसरे घर में एक पालतू कुत्ता जरूर होता है। सरकार ने वैक्सीनेशन और हेल्थ के लिए मजबूत सिस्टम बना रखा है।

**अमेरिका :** अमेरिका सबसे ऊपर है, जहां करीब 7.58 करोड़ कुत्ते हैं। यहां डॉग्स के लिए पार्क, ग्रूमिंग सेंटर और सख्त पशु संरक्षण कानून मौजूद हैं। पशु क्रूरता के मामलों पर सख्त कार्रवाई की जाती है।

**रेबीज से बचने के लिए जानिए फर्स्ट एड टिप्स :** आजकल कुत्ते के काटने की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। चाहे पालतू कुत्ता हो या आवारा, काटने के बाद रेबीज होने का खतरा सबसे ज्यादा होता है। रेबीज एक घातक वायरल बीमारी है जो समय पर इलाज न मिलने पर जानलेवा साबित हो सकती है। ऐसे में जरूरी है कि काटने के बाद तुरंत सही कदम उठाए जाएं। आइए जानते हैं कि कुत्ते के काटने के बाद सबसे पहले क्या करना चाहिए और किन सावधानियों का पालन जरूरी है।

**शांत रहें और घाव की जांच करें :** काटने के बाद घबराएं नहीं। सबसे पहले घाव की गहराई और खून बहने की स्थिति जांचें। अगर घाव गहरा है और खून ज्यादा बह रहा है तो तुरंत दबाव डालकर उसे नियंत्रित करें।

**घाव को अच्छी तरह धोएं :** डॉग बाइट के बाद सबसे जरूरी कदम है घाव को तुरंत धोना। घाव को कम से कम 15 मिनट तक बहते पानी और साबुन से साफ करें। इसे रगड़ें नहीं, बल्कि हल्के हाथों से धोएं ताकि कुत्ते की लार और गंदगी बाहर निकल जाए।

**खून रोकें और घाव को ढकें :** धोने के बाद साफ कपड़े या पट्टी से हल्का दबाव डालकर खून रोकें। इसके बाद घाव को स्टरलाइज पट्टी या साफ कपड़े से ढकें ताकि इन्फेक्शन का खतरा कम हो।

**तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें :** भले ही घाव छोटा लगे, लेकिन कुत्ते के काटने के बाद डॉक्टर से सलाह लेना बेहद जरूरी है। डॉक्टर रेबीज और टिटनेस इंजेक्शन की जरूरत का फैसला करेंगे।

**रेबीज और टिटनेस का खतरा :** रेबीज वायरस कुत्ते की लार से फैलता है और यह जानलेवा होता है। इसमें देर करना खतरनाक है। गहरे घावों में टिटनेस का भी खतरा रहता है, इसलिए इंजेक्शन जरूर लगवाएं।

**कुत्ते पर नजर रखें और सावधानियां बरतें :** अगर कुत्ता पालतू है तो 10-15 दिन तक उसके व्यवहार पर नजर रखें। पानी से डरना, आक्रामक होना या अचानक मर जाना रेबीज के लक्षण हो सकते हैं। बच्चों को समझाएं कि घाव को न चाटें और उस पर कोई घरेलू नुस्खा न लगाएं। अगर कुत्ता आवारा है तो तुरंत प्रशासन को सूचित करें।

**इन बातों का रखें खास ध्यान :**

**रेबीज का खतरा–** रेबीज एक जानलेवा वायरल बीमारी है जो कुत्ते की लार के जरिए फैलती है। अगर कुत्ते के रेबीज से इन्फेक्शन होने का शक है, तो डॉक्टर तुरंत रेबीज के इंजेक्शन शुरू करेंगे। इसमें देरी जानलेवा हो सकती है।

**टिटनेस का खतरा–** गहरे घावों में टिटनेस के बैक्टीरिया के फैलने का खतरा रहता है। डॉक्टर से टिटनेस का इंजेक्शन लगवाने की सलाह लें।

**घाव को न चाटें–** बच्चों को समझाएं कि घाव को बिल्कुल न चाटें और न ही उसे छुएं।

**घरेलू नुस्खों से बचें–** घाव पर हल्दी, मिट्टी, या कोई भी अन्य चीज न लगाएं। इससे इन्फेक्शन बढ़ सकता है।

**कुत्ते की रिपोर्ट करें–** सूचना स्थानीय प्रशासन को दें, ताकि दूसरे लोगों को उससे खतरा न हो।

याद रखें, डॉग बाइट के बाद सही और समय पर फर्स्ट एड ही रेबीज से बचाव का सबसे बड़ा उपाय है।

## कोल्हान की खबरें

# डायन के नाम पर वृद्धा की हत्या, आरोपी गिरफ्तार




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चाकुलिया।** चाकुलिया थाना क्षेत्र के माटियाबांधी पंचायत अंतर्गत धानघोरी गांव में बीती रात एक वृद्धा की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान सिंगों किस्कू के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस जांच में पता चला गांव के ही 33 वर्षीय कृष्णा हेम्ब्रम ने वृद्धा पर डायन-बिसाही का आरोप लगाते हुए गला रेतकर उसकी हत्या कर दी। सोमवार को मृतका के परिजनों के बयान पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस के अनुसार इस तरह की कुप्रथा के खिलाफ लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न घटें।

# जमशेदपुर में नेम बोर्ड, झंडा और ग्लास में लगे काली फिल्म पर जुर्माने की वसूली

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** हाईकोर्ट के आदेश के बाद जमशेदपुर ट्रैफिक पुलिस ने वाहनों में लगे अवैध नेम बोर्ड, झंडा और काली फिल्म को लेकर कारवाई शुरू कर दी। पुलिस ने साकची गोलचक्कर के पास विशेष अभियान चलाकर चार पहिया वाहनों से राजनीतिक, धार्मिक एवं विभिन्न संस्थाओं के नेम बोर्ड को हटाया गया। साथ ही ग्लास में लगे काले फिलम और झंडों को उतारा गया। ट्रैफिक प्रभारी सुजय ने बताया अभियान के तहत नियम उल्लंघन करने वालों से मौके पर ही जुर्माना वसूला जा रहा है। संस्था अथवा संगठन के नेम बोर्ड लगे वाहनों से 1000 रुपये और काली फिल्म एवं झंडा लगे वाहनों से 500 रुपये का फाइन वसूला जा रहा है। उन्होंने कहा कोर्ट के आदेश के बाद पूरे शहर में यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। किसी भी प्रकार की ढील नहीं दी जायेगी।

# भाजपा जमशेदपुर महानगर का विस्तार



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** मिशन मोदी अगेन पीएम झारखंड प्रदेश की ओर से वमार्माइंस सामुदायिक भवन में जमशेदपुर महानगर का विस्तार किया गया। सोमवार को बैठक के दौरान रामचंद्र प्रसाद को जिला अध्यक्ष, प्रीति सिन्हा को महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष और अभिषेक पांडे को जिला संयोजक मनोनीत किया गया। इस अवसर पर 44 सदस्यीय जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। मौके पर संगठन ने 2029 में नरेंद्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने के अभियान को गति देने का संकल्प लिया। बैठक में महामंत्री घनश्याम पांडे, प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, पप्पी शर्मा ,प्रदीप मिश्रा ,आशीष पोद्दार, उमेश लाल ,जीवन सिंह, सुनील पांडे, नरेंद्र साहू, पहलाद साहू ,संजीव कुमार प्रेम मिश्रा, रामेश्वर प्रमाणिक, मनोज कुमार सहित जिला कार्यकारिणी के मनोनीत सदस्य उपस्थित रहे।

# इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद का सोनारी एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी संजीवा रेड्डी और सांसद तारिक अनवर दो दिवसीय बैठक में शामिल होने जमशेदपुर पहुंचे।सोमवार को सोनारी एयरपोर्ट में टाटा वर्कर्स यूनियन अध्यक्ष संजीव चौधरी टुन्नु, टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद, महामंत्री आरके सिंह सहित दोनो यूनियन के पदाधिकारी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद का भव्य स्वागत किया। मौके पर उन्होंने स्थानीय हालात से अवगत कराया। जानकारी मिलने पर श्री रेड्डी ने यूनियन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा मौजूदा हालात में यूनियन का संचालन बेहतर ढंग से किया जा रहा है। इस अवसर पर राकेश्वर पांडे, रघुनाथ पांडेय, संजीव श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष आर रवि प्रसाद सहित अन्य शामिल रहे।

# आदित्यपुर में कंपनी ट्रांसफर नीति के खिलाफ कर्मचारियों का हंगामा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर स्थित वरुण बेवरेज लिमिटेड (पेप्सी) कंपनी में प्रोडक्शन बंद करने और 100 से अधिक कर्मचारियों को अन्य राज्यों में भेजने के फैसले का खिलाफ कर्मचारियों ने सोमवार को जोरदार हंगामा किया।

मौके पर एसएमबी मजदूर यूनियन के अध्यक्ष सीडी मिश्रा ने आरोप लगाया कंपनी प्रबंधन टैक्स बचाने के नाम पर प्रोडक्शन बंद कर कर्मचारियों को जबरन हटाने का षड्यंत्र रच रही है। उन्होंने कहा अचानक ट्रांसफर से मजदूरों के बच्चों की पढ़ाई और परिजनों का इलाज प्रभावित होगा। सैकड़ों मजदूर बेरोजगार हो जायेंगे।

उधर हंगामा की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने यूनियन पदाधिकारियों से वार्ता कर स्थिति को शांत करने की कोशिश की। वही कंपनी प्रबंधन से से संपर्क करने पर उन्होंने कोई प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# श्री श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में भगवान गणेश और चक्र की पूजा कल

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** शहर के केबल टाउन स्थित श्री श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर (बिड़ला मंदिर) में बुधवार को विघ्नहर्ता श्री गणेश की विशेष पूजा का आयोजन किया जायेगा।। सुबह 8 बजे से पूजन व आरती के बाद प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रखा गया। सोमवार को मंदिर समिति से जुड़े समाजसेवी अशोक गोयल और आशुतोष राय ने बताया पूजा के यजमान जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय होंगे। पूजन आचार्य विनोद कुमार पांडेय द्वारा कराया जायेगा। सबसे पहले गणेश जी का पूजन होगा, इसके बाद विष्णु चक्र की पूजा की जायेगी। उन्होंने कहा लगभग 131 किलो वजनी पीतल से निर्मित चक्र ओडिशा से बनकर आया है। पूजनोपरांत इसे मंदिर शिखर पर स्थापित किया जायेगा। चक्र स्थापना की प्रक्रिया में दो दिन का समय लगेगा।

# बन्ना गुप्ता ने जान-बूझ कर अयोग्य व्यक्ति की नियुक्ति की, काउंसिल ने किया निबंधन रद्द : सरयू

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची/ जमशेदपुर।** झारखंड विधानसभा में सोमवार को विधायक सरयू राय ने बड़ा खुलासा किया।उन्होंने कहा स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग ने स्वीकार किया तत्कालीन मंत्री बन्ना गुप्ता ने जान-बूझकर राहुल कुमार नामक एक गैर सरकारी व्यक्ति को झारखंड स्टेट फार्मेसी काउंसिल का प्रभारी निबंधक सह सचिव नियुक्त कर दिया था। जबकि वह इस पद के लिए अयोग्य थे। जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय अल्पसूचित प्रश्न पर विभाग ने बताया अयोग्य पाये जाने के बाद राहुल कुमार का फार्मासिस्ट निबंधन और ट्रिब्यूनल निबंधन काउंसिल ने रद्द कर दिया। विभागीय जांच में यह भी पुष्टि हुई योग्य सरकारी फार्मासिस्टों की सूची उपलब्ध रहने के बावजूद अयोग्य और गैर सरकारी व्यक्ति की नियुक्ति कर दी गयी। इस मामले में सरयू राय ने दोषियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की मांग की। लेकिन सरकार ने इस पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। विभाग ने केवल यह माना तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री द्वारा अयोग्य व्यक्ति की नियुक्ति की गई थी। कार्रवाई पर सरकार की चुप्पी के बीच विधानसभा में हंगामा हुआ और सत्र स्थगित कर दिया गया।

## इस बार के 'कॉफी विद एसडीएम' में एम्बुलेंस चालकों से होगा संवाद

गढ़वा (आजाद सिपाही)। सदर एसडीएम संजय कुमार के नियमित साप्ताहिक संवाद कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' में इस सप्ताह स्थानीय एम्बुलेंस चालकों को आमंत्रित किया जा रहा है। एसडीएम संजय कुमार ने बताया कि इस सप्ताह के संवाद का उद्देश्य आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं में कार्यरत एम्बुलेंस चालकों की जमीनी चुनौतियों और अनुभवों को समझना है, साथ ही प्रशासन की अपेक्षाओं से उन्हें अवगत कराना है। न केवल उनकी समस्याओं को सुना जायेगा बल्कि एंबुलेंस परिचालन जैसी आकस्मिक एवं इमरजेंसी सेवाएं चुस्त दुरुस्त रखने के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए जायेंगे। संजय कुमार ने कहा कि एंबुलेंस चालक न केवल गंभीर परिस्थितियों में मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाकर जीवन रक्षक की भूमिका निभाते हैं, बल्कि वे सड़क सुरक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था के बीच सबसे अहम कड़ी भी हैं। हालांकि कई बार इस सेवा से जुड़े मुद्दों को लेकर जन शिकायतें भी मिलती रहती हैं। प्रस्तावित संवाद के दौरान एंबुलेंस चालक स्वास्थ्य विभाग व संबंधित एजेंसी के साथ समन्वय से जुड़े मुद्दे भी रख सकेंगे।

# मेराल में किराना दुकान से 40 बोरी जब्त, संचालक पर प्राथमिकी दर्ज



**प्रभारी बीडीओ, थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ कृषि पदाधिकारी ने की छापेमारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** जिले में खाद संकट के बीच डीसी दिनेश कुमार यादव के निर्देश पर प्रशासनिक कार्रवाई तेज हो गयी है। इसी कड़ी में प्रखंड के चामा गांव में बैगर अनुज्ञप्ति के किराना दुकान में खाद बेचने की सूचना पर प्रभारी बीडीओ यशवंत नायक थाना प्रभारी विष्णु कांत के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ प्रखंड प्रभारी कृषि पदाधिकारी रामनाथ चौधरी द्वारा छापेमारी की गयी। छापेमारी में 40 बैग अवैध खाद जब्त किया गया। इस संबंध में श्री चौधरी ने बताया कि बिना अनुज्ञप्ति के किराना दुकान में अवैध खाद रखकर ऊंचे दामों पर बेचने की सूचना मिली थी। जांच के दौरान यूरिया, डीएपी तथा पोटाश खाद 40 बैग जब्त किया गया। उन्होंने कहा कि इस मामले में चामा गांव निवासी हबीब अंसारी पिता नासिर अंसारी के विरुद्ध कार्रवाई के लिए लिखा गया है। थाना प्रभारी ने कहा कि प्रभारी कृषि पदाधिकारी के लिखित आवेदन पर सुसंगत धाराओं में प्राथमिक की दर्ज कर लिया गया है।

## घंटों इंतजार के बाद भी जब किसानों को यूरिया खाद नहीं मिला, तो सड़क जामकर प्रदर्शन किया



बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। सरकार किसानों की आय दोगुनी करने का लाख दंभ भरे। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। किसानों को समय पर खाद और बीज नहीं मिल पा रहा है, जिससे उनकी खेती एवं आर्थिक स्थिति दोनों पर सीधा असर पड़ रहा है। इन दिनों यूरिया खाद को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। बताया जा रहा है कि अनुमंडल प्रशासन की ओर से किसानों के बीच खाद वितरण सुगम करने के लिये सभी लाईसेंसी खाद दुकानों पर कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गयी थी। किंतु प्रतिनियुक्त कर्मियों की उदासीनता के कारण खाद वितरण नहीं हो पा रहा है। खूब हंगामा हो रहा है। भूखे प्यासे किसान बिना खाद लिये खाली हाथ वापस लौट जा रहे हैं। सोमवार को भी यही स्थिति रही। घंटों इंतजार के बाद भी जब किसानों को यूरिया खाद नहीं मिला, तो सड़क पर उनका गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में किसान गर्ल्स हाईस्कूल के समीप एनएच-75 जामकर प्रदर्शन करने लगे। सड़क जाम होने के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी। जिससे आम लोगों को भी आवागमन करने में भारी परेशानी उठानी पड़ी। किसानों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि अगर जल्द ही खाद की आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की गयी, तो वे और उग्र आंदोलन करेंगे।

# डंडई में तीन शातिर चोर गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**डंडई।** डंडई थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं का पदार्फाश करते हुए पुलिस ने तीन शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में गढ़वा जेल भेज दिया।

थाना प्रभारी अनीमेष शांतिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि डंडई थाना क्षेत्र में सिलसिलेवार तरीके से कई जगह चोरी की वारदातें सामने आ रही थीं। गुप्त सूचना और तकनीकी जांच के आधार पर तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया गया।

गिरफ्तार अपराधियों में आशीष जायसवाल पिता वीरेंद्र जायसवाल (घाघरी), हसनैन अंसारी पिता मुजम्मिल अंसारी (बीरबल) और मुकेश चंद्रवंशी पिता स्व. रामचंद्र चंद्रवंशी (बीरबल) शामिल हैं। पूछताछ में तीनों ने डंडई थाना क्षेत्र में हुई चोरी की घटनाओं को अंजाम देने की बात स्वीकार की। अपराधियों ने यह भी खुलासा किया कि इन घटनाओं में उनके दो और साथी शामिल थे। थाना प्रभारी ने बताया कि रारो गांव के दो दुकानों में बीते 5 अगस्त की रात हुई चोरी की घटना में भी यही लोग शामिल थे। इसके अलावा अपराधियों ने यह स्वीकार किया कि उन्होंने उत्तर प्रदेश के विंधमगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत छतरपुर गांव स्थित एक सीएससी दुकान से भी चोरी की थी। गिरफ्तार अपराधियों की निशानदेही पर पुलिस ने कई चोरी के सामान बरामद किये। बरामदगी में एचपी कंपनी के दो लैपटॉप, एक स्मार्टफोन, एक स्टेबलाइजर, बड़ी बैटरी, प्रिंटर मशीन, लेमिनेशन मशीन, महिंद्रा बोलेरो, अपाचे मोटरसाइकिल तथा 2, 5 और 10 रुपये के सिक्कों से भरा पॉलिथीन बैग सहित अन्य सामग्री शामिल है।

# बीडीएसयू में युवाओं को सशक्त बनाने पर व्याख्यान का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के गुरुपदसंभव सभागार में स्किल इंडिया के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाने पर एकदिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड स्किल डेवलपमेंट मिशन के पूर्व सीईओ एवं स्किल्स ऑक्सीजन, एलएलपी, गुडगांव के मैनिगिंग पार्टनर अमर झा थे। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ, स्मृति चिह्न एवं शॉल दे कर सम्मानित किया।

अपने संबोधन में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एमके सिंह ने कहा कि कौशल विकास ही आज की शिक्षा का मुख्य आधार है और यह आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। वर्तमान समय में शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने तक सीमित नहीं रहे, बल्कि आज के दौर में हुनर और व्यावहारिक ज्ञान ही वास्तविक सफलता की कुंजी है। होम्योपैथिक एवं डेंटल जैसे क्षेत्र में भी कौशल विकास पर जोर दिया और कहा कि आधुनिक तकनीक, क्लीनिकल प्रैक्टिस, शोध पद्धति, रोगी प्रबंधन तथा हेल्थकेयर सेक्टर से जुड़ी नवीनतम जानकारियों प्राप्त कर कौशल विकास किया जा सकता है।

विश्वविद्यालय के कुलाधिपति ने कहा कि आज हमारे बीच स्किल डेवलपमेंट ऑफ झारखंड के पूर्व सीईओ अमर झा द्वारा के व्याख्यान से हमारे विश्वविद्यालय के बच्चो को काफी लाभ मिलेगा। इन्होंने झारखंड के विभिन्न विश्वविद्यालय एवं कॉलेज के बच्चो को रोजगार से जोड़ा है जो कि एक उदहारण है। उक्त कार्यक्रम में विभिन्न कॉलेज एवं विभाग के छात्र छात्राओं के साथ-साथ संकायाध्यक्ष, प्राचार्य, शिक्षकगण एवं विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ ललन कुमार और ट्रस्ट के सम्पदा अधिकारी श्री राकेश कुमार सिंह एवं विभिन्न अधिकारीगण उपस्थित हुए।

## भंडरिया में पंचायत उन्नति सूचकांक पर कार्यशाला



भंडरिया (आजाद सिपाही)। भंडरिया प्रखंड कार्यालय के सभागार में पंचायत उन्नति सूचकांक पर प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसमें मुखिया, वार्ड सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान एवं बड़ी संख्या में कर्मियों ने भाग लिया। बीडीओ अमित कुमार ने कहा कि पंचायत उन्नति सूचकांक पंचायतों की विकास गतिविधियों का आकलन करने का सशक्त माध्यम है। इसके जरिए शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, पेयजल, स्वच्छता, रोजगार, और कृषि, आधारभूत संरचना और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में पंचायतों की प्रगति का मूल्यांकन ही संभव हो सकता है। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता और जवाबदेही ही पंचायतों की असली ताकत है। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर सनी कुमार और जयप्रकाश गुप्ता ने प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रशिक्षण दिया। हालांकि थाना प्रभारी, वन क्षेत्र पदाधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारी, शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, अंचल निरीक्षक एवं सीएससी कर्मी अनुपस्थित रहे। उपस्थिति जनप्रतिनिधि में जिला परिषद सदस्य हीरवंती देवी, उप प्रमुख श्रद्धा देवी, मुखिया मोनिका खालको, मुखिया प्रवणता देवी, मुखिया प्रेमी देवी, मुखिया सोहर सिंह, पंचायत समिति सदस्य अंबिका सिंह, महेश यादव, अनीता देवी तथा पंचायत सचिव राजेंद्र राम परमा राम मौजूद रहे।

## मूसलाधार बारिश से कई आदिवासी परिवार बेघर, दूसरे के घर में रहने को मजबूर



केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र में लगातार हो रहे मूसलाधार बारिश से कई लोग बेघर हो गये है। कई लोगों का घर ध्वस्त होने की सूचना प्राप्त हो रही है। इसी क्रम में प्रखंड क्षेत्र के मुकुंदपुर के आदिवासी बहुल टोला मायर में कई आदिवासी परिवार बेघर हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मायर निवासी राधिका देवी पति चंदेश्वर सिंह, सोना देवी पति बालेश्वर सिंह, शीला देवी पति बबनू सिंह का आशियाना नष्ट हो गया। जिससे लोग दूसरे के घर में रहने पर विवश है। इन आदिवासी परिवार को अभी तक आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। जबकि यह आवास के लिए योग्य परिवार है। घर ध्वस्त होने की सूचना मिलते ही जेएमएम के पूर्व प्रखंड उपाध्यक्ष दिनेश कुमार वर्मा, पंचायत अध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता,युवा पंचायत अध्यक्ष विवेक कुमार गुप्ता बूथ अध्यक्ष सुनील साह घटना स्थल पर पहुंच कर बीडीओ को सूचित किया। बीडीओ के निर्देश पर पंचायत सचिव आदित्य कुमार घटना स्थल पर पहुंचकर पीड़ित परिवार को शीघ्र आवास का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। बताते चलें कि राधिका देवी की पत्नी दो जून की रोटी उपलब्ध कराने के लिए चेन्नई में काम करने गया था। लगभग 15 दिन पूर्व तीन मंजिला घर से गिरने से पैर एवं कमर में गंभीर चोट आयी है। जिससे जिंदगी और मौत से जूझ रहा है।

## पिंडरा के ग्रामीणों ने उपायुक्त से की कालीकरण पथ निर्माण कराने की मांग



रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड अंतर्गत ग्राम पिंडरा के ग्रामीणों ने उपायुक्त गढ़वा से पिंडरा मुख्य पथ से सामुदायिक भवन होते पिण्डरा से रंका-रमकंडा मुख्य पथ तक ढाई किलोमीटर अति जनोपयोगी कालीकरण सड़क का निर्माण कराने की मांग की है। उक्त सड़क का निर्माण 1995 में मिट्टी मोरम सड़क के रूप में किया गया था किंतु अब यह जर्जर और गड्ढे में तब्दील हो गया है। यह सड़क बहुत ही उपयोगी सड़क है। यह सात - आठ गांव को जोड़ने वाली सड़क है। ग्रामीणों ने इस सड़क के कालीचरण पथ निर्माण कराने की मांग पूर्व में उपायुक्त गढ़वा, विधायक, सांसद एवं मुख्यमंत्री से भी कर चुके हैं। किंतु किसी अभी तक किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई। इस मौके पर शिवलाल राम, ब्रह्मदेव सिंह, अर्जुन राम, मनू राम, अरुण कुमार गुप्ता, रतन साव, शकुंतला देवी, राहुल दयाल राम सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## भवनाथपुर में डिज्नीलैंड झूलन मेला का शुभारंभ

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित हाई स्कूल मैदान के पीछे डिज्नीलैंड झूलन मेला का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन भवनाथपुर पंचायत की मुखिया बेबी देवी, उप मुखिया अमलेश रावत थाना के एस आई नरायण प्रसाद एवं समाजसेवी विनोद सिंह ने संयुक्त रूप से पूजा-अर्चना कर एवं फीता काटकर किया। उद्घाटन के अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। मुखिया बेबी देवी ने कहा कि इस तरह का मेला ग्रामीणों को मनोरंजन के साथ-साथ सामाजिक एकता और मेलजोल का भी अवसर देता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि मेला का आनंद शांतिपूर्ण ढंग से लें और बच्चों को सुरक्षित रूप से झूला एवं मनोरंजन साधनों का अनुभव करने दें। ग्रामीणों ने भी मेले के आयोजन पर प्रसन्नता जाहिर की और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से क्षेत्र का माहौल खुशनुमा हो जाता है।

# आरके पब्लिक स्कूल मझिआंव में पौधरोपण अभियान का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**मझिआंव।** आरके पब्लिक स्कूल, उचरी, मझिआंव में सोमवार को 'एक पेड़ मां के नाम' शीर्षक से एक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर 70 पौधे लगाये।

स्कूल के प्राचार्य, केआर झा के नेतृत्व में, स्कूल इको क्लब, स्टूडेंट्स काउंसिल और गंगा, यमुना, कावेरी और ब्रह्मपुत्र नामक चार हाउसों के प्रेफेक्ट्स ने इस पहल में हिस्सा लिया। इस सामूहिक प्रयास का उद्देश्य स्कूल परिसर को हरा-भरा बनाना और छात्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

इस अवसर पर, प्राचार्य केआर झा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्वच्छ और हरे-भरे स्कूल के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों को अपने घरों में भी अधिक से अधिक पेड़ लगाने और उनकी उचित देखभाल सुनिश्चित करने की सलाह दी।

स्कूल के निदेशक, प्रसिद्ध शिक्षाविद और सामाज सेवी अलख नाथ पांडे ने स्कूल के इस प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि आरके पब्लिक स्कूल नियमित रूप से ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करता है ताकि छात्रों को जिम्मेदार नागरिक बनाया जा सके। इको क्लब सदस्यों के साथ-साथ छात्र परिषद के निम्नलिखित पदाधिकारी ने इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लिया।

**हेड गर्ल :** पलक सिंह, कक्षा 10वीं ए, **हेड बॉय:** अंकित कुमार, कक्षा 10वीं ए, **पलक सिंह:** प्रधानमंत्री (10वीं ए), **अरुण कुमार यादव:** स्वास्थ्य मंत्री (10वीं ए), **अविनाश कुमार गुप्ता:** स्वच्छता मंत्री (10वीं बी), सगुन विश्वकर्मा: सुरक्षा और कानून मंत्री (10वीं बी), **सुमित कुमार:** पोषण मंत्री (9वीं ए), **अनन्या वर्मा:** उपस्थिति मंत्री (9वीं ए), **केतन सिंह:** शिक्षा मंत्री (9वीं बी), **जिया पांडे:** कौशल विकास मंत्री (9वीं बी), **असजद अली:** पर्यावरण मंत्री (8वीं ए), **कुमारी श्रेयांशी:** संचार और संपर्क मंत्री (8वीं ए), **दुर्गेश दुबे** : खेल मंत्री (दसवीं ए)।

# सरस्वती विद्या मंदिर के भैया-बहन पुरस्कृत

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर के वंदना सभा में विद्यालय प्रधानाचार्य रविकांत पाठक के द्वारा जपला में आयोजित पलामू विभाग स्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता में श्री बंशीधर नगर के चयनित प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सह सचिव चंदन कुमार ने कहा कि प्रश्नमंच से बच्चों प्रतिस्पर्धा का भाव बढ़ता है क्योंकि आज का युग प्रतिस्पर्धा का युग है। प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने कहा कि शिशु, बाल एवं किशोर वर्गों में संस्कृत, अंग्रेजी, विज्ञान, वैदिक गणित, संगणक तथा संस्कृति ज्ञान प्रश्नमंच प्रतियोगिता में भैया -बहनों ने आचार्यों के कुशल मार्गदर्शन में परिश्रमपूर्वक तैयारी करके सफलता हासिल की है। सफल प्रतिभागियों के नाम इस प्रकार हैं-

**संस्कृति ज्ञान प्रश्नमंच प्रतियोगिता में : बाल वर्ग -तृतीय स्थान :** बहन सेजल कुमारी, कक्षा अष्टम ब, शालू कुमारी, कक्षा अष्टम ब, अलिशा खान, कक्षा अष्टम ब।

**कथा कथन प्रतियोगिता में : शिशु वर्ग- प्रथम स्थान :** बहन महिमा देव, कक्षा - पंचम ब। **बाल वर्ग-द्वितीय स्थान :** बहन मेहक मारिया, कक्षा - सप्तम ब।

**आशु भाषण प्रतियोगिता में : किशोर वर्ग - प्रथम स्थान :** उत्सव राज, कक्षा -नवम अ।

**मूर्ति कला प्रतियोगिता में : किशोर वर्ग-तृतीय स्थान :** अंकित कुमार,कक्षा नवम अ।

**विज्ञान प्रश्नमंच प्रतियोगिता में : बाल वर्ग -द्वितीय स्थान :** दिव्या रानी, कक्षा अष्टम ब, संस्कृति पांडेय, कक्षा अष्टम ब, अतिफा साहिन,कक्षा सप्तम ब।

**अंग्रेजी प्रश्नमंच प्रतियोगिता में : शिशु वर्ग-प्रथम स्थान :** निशि कुमारी, कक्षा - पंचम ब, सनाया खान, कक्षा-पंचम ब, एरम नाज, कक्षा-पंचम ब।

**बाल वर्ग - द्वितीय स्थान :** अर्णव राज पांडेय, कक्षा-सप्तम अ, वैष्णवी कुमारी, कक्षा-अष्टम ब, नेहा कुमारी, कक्षा-अष्टम ब समेत अन्य छात्र छात्राओं ने पुरस्कार प्राप्त किया।

# कांडी में सड़क जर्जर, ग्रामीणों के संग जिप सदस्य ने जताया आक्रोश

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** प्रखंड के उत्तरी क्षेत्र में ढबरिया गांव जाने वाली सड़क की जर्जर स्थिति को लेकर सोमवार को जिला परिषद सदस्य उत्तरी सुषमा कुमारी ग्रामीणों संग आक्रोशित दिखीं। उन्होंने कांडी प्रखंड मुख्यालय स्थित बिजली ग्रिड के समीप कांडी-मझिआंव मुख्य सड़क पर धरना देकर सरकार व प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया। ग्रामीणों ने बताया कि कांडी बिजली ग्रिड से ढबरिया गांव तक करीब एक किलोमीटर कच्ची सड़क वर्षा के पानी से कीचड़ और जल जमाव में तब्दील हो गयी है। जिप सदस्य सुषमा कुमारी ने कहा कि आजादी के 79 वर्ष बाद भी गांव के लोग बुनियादी सुविधा से वंचित हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस महत्वपूर्ण सड़क के पीसीसी निर्माण के लिए पूर्व मंत्री मिथलेश ठाकुर, उपायुक्त, उप विकास आयुक्त और प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन दिया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गयी। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने कहा कि समस्या से वरीय अधिकारियों को अवगत कराया जायेगा ताकि शीघ्र समाधान हो सके। धरना कार्यक्रम में जिला परिषद प्रतिनिधि दिनेश कुमार, राजू राम, कमलेश राम, रीमा देवी, आशीष राम समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

## पंडरिया मोड़ से गर्दा तक जाने वाली सड़क कीचड़ और गढ्डों में तब्दील, लोग परेशान



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के पंडरिया पंचायत की सड़क व्यवस्था आज भी बदहाली की कहानी बयां कर रही है। पंडरिया मोड़ से गर्दा तक जाने वाली यह मुख्य सड़क आजादी के 79 वर्ष बाद भी मरम्मत और पक्कीकरण से वंचित है। बरसात के दिनों में यह मार्ग पूरी तरह कीचड़ और गड्ढों में तब्दील हो जाता है, जिसके कारण ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण महेंद्र पासवान, राजेंद्र प्रसाद यादव, अनवर मियां, अजमेर अली, अजीज मियां, कुर्बान, यमुना, हरिहर, नंदू समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि यह समस्या वर्षों से बनी हुई है। इस संबंध में पूछे जाने पर बीडीओ नंदजी राम ने बताया कि मुझे इसकी जानकारी नही थी, जल्द ही उक्त जर्जर सड़क को बनवाया जायेगा।

# राजस्व संबधित कार्यों को निर्धारित समय सीमा के अंदर करें पूर्ण : उपायुक्त

**उपायुक्त की अध्यक्षता में राजस्व विभाग की जिला स्तरीय समीक्षात्मक बैठक संपन्न, दिये गये आवश्यक दिशा निर्देश**

**भूमि विवाद से संबंधित सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारियों को दिए गये महत्वपूर्ण दिशा निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** समाहरणालय गढ़वा स्थित सभागार में उपायुक्त दिनेश यादव की अध्यक्षता में राजस्व विभाग से संबंधित कार्यों की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक सम्पन्न किया गया। बैठक में मुख्य रूप से दाखिल-खारिज, राजस्व संग्रहण, भूमि सीमांकन, सर्टिफिकेट इश्यू, लैंड ट्रांसफर, नामांतरण, लैंड डिस्प्यूट के मामले, भू-अर्जन, अतिक्रमण समेत अन्य कार्यों की समीक्षा की गयी। बैठक के प्रारंभ में उपायुक्त द्वारा विभिन्न अंचलों से प्राप्त अद्यतन प्रतिवेदन के आधार पर बिंदुवार समीक्षा किया गया। दाखिल-खारिज संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने जिले के विभिन्न अंचलों को 30 दिनों के अंदर दाखिल-खारिज के मामले का निष्पादन अनिवार्य रूप से करने का निर्देश दिया। किसी भी आवेदन को बिना किसी कारण 30 या 90 दिनों तक लंबित नही रखने का निर्देश दिया गया। अंचल कार्यालय से निर्गत होने वाले विभिन्न प्रमाण पत्रों को लेकर भी उपायुक्त ने प्राथमिकता के आधार पर प्रमाण पत्र निर्गत करने की बात कही। अपेक्षाकृत पुअर परफॉर्मेंस प्रदर्शित करने वाले अंचल अधिकारियों एवं संबंधित पदाधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त की गयी एवं बैठक के दौरान अनुपस्थित पाये गये पदाधिकारियों को शो-कॉज करने की बात कही गयी। सभी अनुमंडल पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्राधिकार में पड़ने वाले क्षेत्र में सभी सरकारी भूमि पर से अतिक्रमण को अतिक्रमण मुक्त कराना सुनिश्चित करेंगे।

इस जिला स्तरीय राजस्व विभाग की समीक्षात्मक बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी संजय प्रसाद, भूमि सुधार उपसमाहर्ता गढ़वा रविश राज सिंह, भूमि सुधार उपसमाहर्ता रंका प्रमेश कुशवाहा, सभी अंचल अधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थें।

## गढ़वा : बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ उठाने की अंतिम तिथि 31 अगस्त तक

गढ़वा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी दिनेश यादव ने जिले के सभी किसानों से अपील की है कि वे बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, खरीफ 2025 का लाभ समय पर अवश्य उठाएं। यह योजना भारत सरकार एवं राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी पहल है, जिसका कार्यान्वयन गढ़वा जिले में HDFC ERGO GIC द्वारा किया जा रहा है। **योजना का विशेष लाभ :** अगहनी धान एवं भदई मकई की फसल का बीमा केवल 1 प्रति प्लॉट (टोकन मनी) में कराया जा सकता है। बीमा कराने की अंतिम तिथि 31अगस्त 2025 निर्धारित है। **बीमा कराने की प्रक्रिया :** ऋणी किसान-संबंधित बैंक शाखा से स्वतः बीमा करा सकते है। गैर-ऋणी किसान-निकटतम सीएससी प्रज्ञा केंद्र अथवा स्वयं www.pmfby.gov.in पोर्टल पर बीमा करा सकते हैं। **आवश्यक दस्तावेज :** आधार कार्ड, बैंक पासबुक, जमीन का कागज (भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र), स्वप्रमाणित घोषणा पत्र (फसल बुवाई प्रमाण पत्र), वंशावली (दादा/परदादा के नाम पर जमीन होने पर), बटाईदार कृषक होने पर नोटराईज्ड शपथपत्र, मोबाइल नंबर (OTP हेतु)। जिले की प्रगति : जिले में 1,12,998 किसानों का लक्ष्य निर्धारित है। अब तक 26,162 किसानों का बीमा हो चुका है, जो मात्र 23.15% है।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 26 अगस्त, 2025
www.azadsipahi.in


# बनई नदी पर डायवर्सन निर्माण का कार्य बहुत जल्द शुरू होगा : राम सूर्या मुंडा





**जैसे ही बारिश थमेगी, एक करोड़ 80 लाख रुपये की लागत से डायवर्सन का निर्माण कार्य शुरू किया जायेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी के विधायक राम सूर्या मुंडा ने आश्वस्त किया है कि खूंटी-तोरपा-कोलेबिरा मुख्य मार्ग पर पेलौल गांव के समीप बनई नदी पर डायवर्सन का निर्माण बहुत जल्द शुरू होगा। ज्ञात हो कि गत 19 जून को भारी बारिश के कारण बनई नदी का पुल ध्वस्त हो गया था। खूंटी के विधायक रामसूर्या मुंडा ने बताया कि पुल के पास डायवर्सन निर्माण की प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। जैसे ही बारिश थमेगी, एक करोड़ 80 लाख रुपये की लागत से डायवर्सन का निर्माण कार्य शुरू किया जायेगा। विधायक ने कहा कि निर्माण कार्य तेजी से कराया जायेगा, ताकि जल्द से जल्द लोगों को आवागमन की सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि चुनाव के वक्त मैंने जो वादे किए थे, उन्हें पूरा कर रहा हूं। महिला कॉलेज खूंटी खुलवाने का वादा भी मैंने निभाया है। मुंडा ने कहा कि वे हमेशा जनता के बीच रहते हैं और किसी भी समस्या को लेकर खूंटी की जनता उनसे सीधे संपर्क कर सकती है।

**खूंटी के प्रतिनिधि को हटाया :** विधायक रामसूर्या मुंडा ने अपने खूंटी प्रतिनिधि कमलेश महतो को हटाने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि यह कदम अनुशासनहीनता को देखते हुए उठाया गया है।

### पिपरवार के न्यू बिजैन के विस्थापित ग्रामीणों ने 21 सूत्री मांगों को लेकर शुरू की अनिश्चितकालीन बंदी

# विस्थापित ग्रामीणों ने सड़क पर उतर कर किया प्रदर्शन

**कोयला खनन एवं ट्रांसपोर्टिंग का कार्य हुआ बंद**

आजाद सिपाही संवाददाता



बंद के दौरान नारेबाजी करते विस्थापित ग्रामीण।

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के पुर्नवास केंद्र न्यू बिजैन के विस्थापित ग्रामीणों ने 21 सूत्री मांगों को लेकर पिपरवार क्षेत्र में अनिश्चितकालीन बंदी शुरू कर दी है। इस दौरान विस्थापित ग्रामीण एकजुट होकर खदान क्षेत्र पहुंचा और कोयला खनन एवं ट्रांसपोर्टिंग का कार्य को बंद करा दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने अपनी मांगों के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। विस्थापित ग्रामीणों ने सीसीएल प्रबंधन पर झूठा आश्वासन देने का भी आरोप लगाया। इस संबंध में विस्थापित नेता रंथु गंझू ने बताया कि करीब तीन महीने पूर्व न्यू बिजैन के विस्थापित ग्रामीणों ने सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन को 21 सूत्री मांग पत्र सौंपा था,लेकिन मांगे पूरी नहीं होने पर ग्रामीणों ने बंदी किया था। इस बीच प्रबंधन ने ग्रामीणों के साथ वार्ता कर मांगों को पूरा करने का भरोसा दिया था, जिसके बाद ग्रामीणों के द्वारा बंदी को स्थगित कर दिया गया था। लेकिन तीन महीना बीत जाने के बावजूद प्रबंधन के द्वारा मांगों को पूरा नहीं किया गया है। प्रबंधन ग्रामीणों को सिर्फ आश्वासन देकर उन्हें ठगने का काम कर रही है। जिसके कारण ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है। यही वजह है कि ग्रामीणों ने प्रबंधन को एक बार फिर से स्थगित बंदी को शुरू करने के लिए आवेदन देकर बंदी शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि जब तक विस्थापित ग्रामीणों की मांगों को पूरा नहीं किया जायेगा तब तक अनिश्चितकालीन बंदी जारी रहेगा। ग्रामीणों की मुख्य मांगों में ग्राम बिजैन के सत्यापित जमीन पर लंबित नौकरी वमुआवजा देने, पुर्नवास केंद्र में पार्क एवं स्टेडियम का निर्माण करने, स्थापित मंदिर एवं मेलाटांड़ में भूमि समतलीकरण, सुंदरीकरण एवं चाहरदीवारी करने,नियमित रूप से साफ सफाई एवं दवा का छिड़काव करने, खाली पड़े सभी जगह पर फलदार पौधा लगाने, प्लॉट के एवज में एकमुस्त राशि का भुगतान करने, मेलाटांड़ मे मंच एवं भवन का निर्माण करने, सभी जर्जर पोल को बदलने व स्ट्रीट लाइट लगाने, तीन अलग-अलग जगह पर टावर लाइट लगाने, रैयतों के बचे हुए नौकरी, मुआवजा, पेड़ का मुआवजा आदि का भुगतान जल्द करने सहित अन्य मांगे शामिल है। इधर कोयला खदान में कोयला खनन एवं ट्रांसपोर्टिंग का कार्य बंद होने से सीसीएल अधिकारी भी रेस हो गये। स्थानीय सीसीएल अधिकारियों ने विस्थापित ग्रामीणों के साथ वार्ता का प्रयास भी किया, लेकिन विस्थापित ग्रामीण अपनी मांगों के समर्थन में पूरी तरह से अडिग है और खदान क्षेत्र मे जमे हुए है। मौके पर रंथु गंझू, राहुल राम, बाबूलाल राम, कुलदीप राम, पच्चु गंझू, सुरेंद्र राम, संतोष कुमार गंझू, अजीत कुमार मुंडा, चरका गंझू, राजू मुंडा, सोनू कुमार गुप्ता,संजय गंझू, देवनारायण राम सहित अन्य विस्थापित ग्रामीण मौजूद थे।

## जोजोडीह गांव में भारी बारिश से घर ध्वस्त



तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के हडामलोहर पंचायत के जोजोडीह गांव में भारी बारिश से गहन सिंह मुंडा का कच्चा घर गिर गया, जिससे लोग बेघर हो गये। सूचना पाकर प्रखंड प्रमुख ने जाकर निरीक्षण किया।

## तमाड़ अंचल कार्यालय में समरेश प्रसाद भंडारी ने नये सीओ का प्रभार ग्रहण किया



तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ अंचल कार्यालय में सोमवार को समरेश प्रसाद भंडारी ने नये अंचल अधिकारी (सीओ) का प्रभार ग्रहण किया। पूर्व सीओ हंस कुमार हेमरोम ने उन्हें औपचारिक रूप से कार्यभार सौंपा। प्रभार लेने के बाद श्री भंडारी ने कहा कि अंचल क्षेत्र में चल रही योजनाओं की निगरानी, पंजी-2 सुधार कार्य तथा प्राकृतिक आपदा प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। मौके पर बीडीओ सावित्री कुमारी, प्रमुख अजय मुंडा अंचल निरीक्षक बचुवा उरांव, नाजिर डेविड कुमार, कर्मचारी संदीप उरांव समेत अन्य उपस्थित रहे। सभी ने पुष्पगुच्छ और सॉल ओढ़ाकर नए सीओ का स्वागत किया।

## जिला शिक्षा पदाधिकारी ने ईचागढ़ प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय का किया निरीक्षण



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। ईचागढ़ प्रखंड के गौरांगकोचा स्थित प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय ईचागढ़ का सोमवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी कैलाश मिश्रा ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पठन पाठन, शौचालय,भवन आदि का भी जायजा लिया। वहीं उन्होंने बीआरसी ईचागढ़ का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बीआरसी परिसर में एक बृक्ष मां के नाम कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय व बीआरसी कार्यालय का निरीक्षण किया गया और आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि सभी विद्यालयों में एक बृक्ष मां के नाम कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण करना है। बीआरसी प्रांगण में वृक्षारोपण भी किया गया। मौके पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी संजय जोशी, बीआरसी कर्मी सपन महापात्र, साहीद हुसैन, तपन चाकी, सुभाष दत्ता आदि उपस्थित थे।

## सरोजिनी प्रौद्योगिकी संस्थान बुंडू के कैंपस में लगा ट्रांसफार्मर जला, काम ठप

बुंडू (आजाद सिपाही)। सरोजिनी प्रौद्योगिकी संस्थान बुंडू के कैंपस में लगे ट्रांसफार्मर बीते 21 अगस्त को जल जाने से संस्थान के सारे कार्य ठप हो गया है। विद्युत नहीं रहने के कारण प्रयोगशाला पूरी तरह से बंद हो गयी है साथ ही यहां रहने वाले छात्रों को रात्रि के समय दैनिक कार्य करने में असुविधा हो रही है। वहीं पुरानी अनुमंडलीय अस्पताल में रात्रि सेवा बंद रहने से बुंडू के लोगों के लिए परेशानी हो गयी। बुंडू की जनता को रात्रि के समय साधन उपलब्ध नहीं होने से मरीज को भगवान भरोसे ही रखा जाता है। ऐसे बुंडू में निजी प्रेक्टिस करने वाले डॉक्टर दिन में तो रहते हैं लेकिन शाम होते ही रांची चले जाते हैं। ऐसे में बुंडू की बहुत बड़ी आबादी खासकर गरीब तबके के लोगों के लिए किसी मुसीबत से कम नहीं होती है। रात्रि के समय नेशनल हाईवे पर चलना खतरे से खाली नहीं है।

## झामुमो प्रतिनिधिमंडल ने ढहे पुल का निरीक्षण किया



अड़की (आजाद सिपाही)। विधायक तमाड़ विकास सिंह मुंडा के निर्देश पर जिला प्रवक्ता सह विधायक प्रतिनिधि मनोज मंडल के नेतृत्व में अड़की प्रखंड के सोसोकुटी पंचायत के रुताडीह में ट्रांसफरमर का उद्घाटन सोमवार को किया गया, और रूताडीह एवं इंडीपीढी के बीच ढहे पूल पानी का निरीक्षण करते हुए, ग्राम रूताडीह में अतिवृष्टि से प्रभावित परिवार गंझू अहीर निशिकांत अहीर से मिलते हुए कोचा सुंदरी पहुंच कर वहां भी अतिवृष्टी से प्रभावित परिवार गुडवा मुंडा, सुखराम मुंडा कालिया मुंडा, लालमोहन मुंडा, मुकेश मुंडा, डुया मुंडा, लक्ष्मीनारायण मुंडा, विश्वा मुंडा से मिले और उन सबको अविलंब मदद किया। और उन्होंने हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ा रहने को लेकर आश्वस्त किया। इस अवसर पर झामुमो केंद्रीय सदस्य भोलानाथ लाल, बसंत प्रमाणिक प्रखंड, जगदीश मुंडा, गालों मुंडा आदि कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# पूर्व तट रेलवे ने समर्पण और सतर्कता के लिए छह रेलवे कर्मचारियों को किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**इन कर्मचारियों को किया गया सम्मानित**

बिसमकटक में ट्रैक मेंटेनर जॉन एडवार्ड तिर्की, मुनिगुडा में ट्रैक मेंटेनर अमरजीत कुमार सिंह, लोइसिंघा में कार्यरत ट्रैक मेंटेनर लक्ष्मण कुमार पात्र और मनोज सिका, जोरंदा रोड में ट्रैक मेंटेनर विजय कुमार बेहेरा और हुम्मा में पॉइंट्समैन प्रद्युम्न कुमार पंडा को सम्मानित किया गया।

**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक परमेश्वर फुंकवाल ने छह अग्रिम पंक्ति के रेलवे कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट समर्पण, सतर्कता और सुरक्षित एवं निर्बाध रेल संचालन सुनिश्चित करने में योगदान के लिए सम्मानित किया। बिसमकटक में ट्रैक मेंटेनर जॉन एडवार्ड तिर्की, मुनिगुडा में ट्रैक मेंटेनर अमरजीत कुमार सिंह, लोइसिंघा में कार्यरत ट्रैक मेंटेनर लक्ष्मण कुमार पात्र और मनोज सिका, जोरंदा रोड में ट्रैक मेंटेनर विजय कुमार बेहेरा और हुम्मा में पॉइंट्समैन प्रद्युम्न कुमार पंडा ने अपने नियमित कर्तव्यों के दौरान असाधारण सतर्कता और त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई का प्रदर्शन किया है, सूझबूझ का परिचय दिया है और ट्रेनों के सुरक्षित और सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने में मदद की है।

कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए, रेलवे महाप्रबंधक परमेश्वर फुंकवाल ने कर्मचारियों की प्रतिबद्धता और कड़ी मेहनत की सराहना की। विशेषकर, रेलवे कर्मचारी अक्सर कठिन परिस्थितियों में काम करते हैं। उन्होंने रेल सेवाओं की सुरक्षा और विश्वसनीयता बनाये रखने में ट्रैक, सिग्नल और ओएचई मेंटेनर्स, लोको पायलट, तकनीशियन और स्टेशन ऑपरेटरों सहित सभी अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

पूर्व तट रेलवे ने जमीनी स्तर पर काम करने वाले कर्मचारियों की अमूल्य सेवा को मान्यता देते हुए सुरक्षा और परिचालन उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

# योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण और ससमय पूर्ण करायें अधिकारी: उप विकास आयुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उप विकास आयुक्त आलोक कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन तथा जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं की अद्यतन प्रगति पर चर्चा की गयी। उप विकास आयुक्त ने समीक्षा के क्रम में हर घर जल, झार जल पंचायत, ग्रे वॉटर मैनेजमेंट, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट, जल जीवन मिशन के तहत हो रही जलापूर्ति की समीक्षा की और योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण एवं ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिए, जिससे आमजनों को पेयजल मिल सके। पीवीटीजी टोलों में सुचारू रूप से पेयजल आपूर्ति को लेकर आवश्यक निर्देश दिये गये।

पंचायतों में प्लास्टिक कचरा संग्रहण के लिए उपलब्ध करायी गयी ट्राय साइकिल की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया गया कि प्लास्टिक कचरा संग्रहण के लिए ट्राय साइकिल का संचालन पंचायती राज विभाग की सहायता से प्रारंभ किया जाए, जिससे दैनिक रूप से कचरा उठाव का कार्य प्रभावी ढंग से प्रारंभ हो सके। इसे लेकर ठोस कार्यप्रणाली बनाने एवं इसके संचालन और रख-रखाव हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये। उप विकास आयुक्त ने ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियों को विद्यालयों एवं आंगनबाड़ियों में स्वच्छता के प्रति बच्चों को जागरूक करने के लिए विशेष प्रयास करने का निर्देश दिया। स्कूल सेनिटेशन एंड हाइजिन एजुकेशन के तहत बच्चों की व्यक्तिगत स्वच्छता तथा विद्यालय परिसर की स्वच्छता पर बल देते हुए संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि विद्यालयों में बच्चों के स्वच्छता का आकलन किया जाए एवं उन्हें स्वच्छ रहने के लिए निरंतर प्रेरित किया जाए। बैठक में जिला पंचायती राज पदाधिकारी, सिविल सर्जन, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, जिला समन्वयक, एई, जेई, जल सहिया समेत अन्य उपस्थित थे।

## जितिया जतरा मेला समिति के प्रतिनिधिमंडल ने सीसीएल सीएमडी से की मुलाकात



सीसीएल सीएमडी से मुलाकात करते जितिया मेला समिति के लोग।

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर मे लगने वाले ऐतिहासिक तीन दिवसीय जितिया जतरा मेला को लेकर सारी तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। इस वर्ष आगामी 16 सितंबर से तीन दिवसीय ऐतिहासिक जितिया जतरा मेला का शुभारंभ किया जायेगा। इसको लेकर जितिया जतरा मेला समिति का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को सीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक एनके सिंह से मुलाकात किया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने फूलों का गुलदस्ता देकर सीसीएल सीएमडी का स्वागत किया, साथ ही मेला के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए उन्हें आमंत्रण पत्र सौंपा। इस मौके पर मेला समिति के द्वारा कल्याणपुर में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय ऐतिहासिक जितिया जतरा मेला के बारे में विस्तार से सीसीएल सीएमडी को जानकारी देते हुए मेला के उद्घाटन समारोह में शामिल होने की अपील की। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष फुलदेव टाना भगत, सचिव बालेश्वर उरांव, संरक्षक हाजी आशिक अली उर्फ बढो मिया, कासिम उर्फ मुन्ना, धनेश्वर गंझू, महेश प्रसाद, टिकेश्वर महतो, शिव शंकर साव, अर्जुन गंझू, मिश्रा पासवान सहित अन्यलोक शामिल थे।

## खूंटी प्रखंड के 34 विद्यालयों को दिये गये टैब

खूंटी (आजाद सिपाही)। खूंटी सदर प्रखंड में सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्योति कुमारी, जिला शिक्षा अधीक्षक अभय कुमार शील, एमआइएस मो आरिफ और प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अजय कुमार राम की उपस्थिति में विभिन्न विद्यालयों के बीच टैब का वितरण किया गया। खूंटी प्रखंड के 34 विद्यालयों को टैब दिये गये। इससे पूर्व जिन विद्यालयों में 30 से अधिक विद्यार्थी नामांकित हैं, उन 87 विद्यालयों को टैब दिया जा चूका है। यह टैब झारखंड सरकार की ओर से दिया जा रहा हैं। झारखंड शिक्षा परियोजना और लर्निंग कार्ट प्राइवेट लिमिटेड के बीच एकरारनामा कर झारखंड के सभी विद्यालयों में टैब का वितरण किया जाना है। इसके तहत खूंटी प्रखंड के सभी विद्यालयों को टैब दिया गया, जिससे विद्यालयों में आईटी से सम्बंधित कार्यों को करने में किसी भी विद्यालय को परेशानियों का सामना करना ना पड़े।

# पिपरवार में अवैध हथियार के साथ तीन नाबालिग निरुद्ध, एक अपराधी गिरफ्तार

**कोयला कारोबारी अरशद अंसारी पर हुई फायरिंग की घटना का पुलिस ने किया खुलासा**

आजाद सिपाही संवाददाता



अपराधियों के पास से बरामद हथियार एवं बाइक।

**पिपरवार ।** पिपरवार थाना पुलिस ने अवैध आग्नेयास्त्र के साथ तीन किशोर को निरुद्ध किया है एवं एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसके साथ ही पुलिस ने एक अगस्त को थाना क्षेत्र के चिरैयाटांड़ के समीप कोयला कारोबारी अरशद अंसारी पर हुई फायरिंग की घटना का भी खुलासा कर लिया है। जानकारी के अनुसार चतरा पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल को गुप्त सूचना मिली थी कि विगत कुछ सप्ताह पूर्व पिपरवार थाना क्षेत्र के चिरैयाटांड में हुए फायरिंग कांड में अभियुक्त बेंती मैदान में एकत्रित है तथा पुनः अपराध करने की योजना बना रहे हैं। जिसके आलोक में टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया।छापेमारी टीम के द्वारा बेंती मैदान में छापेमारी कर तीन निरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया एवं एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। इनके पास एक अवैध देशी कट्टा, तीन जिंदा गोली, एक चोरी की बाईक एवं एक स्मार्ट मोबाईल फोन भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार एवं निरूद्ध किये गये आरोपी ने कोयला कारोबारी पर फायरिंग करने की घटना को स्वीकार किया है। इनकी गिरफ़्तारी के साथ फायरिंग की घटना का उद्भेदन कर लिया गया है। पुलिस ने तीन किशोर को निरुद्ध एंव एक अपराधी को गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान विशाल कुमार गंझु, पिता देवनारायण गंझु ग्राम सखुआटोला, थाना पिपरवार, जिला चतरा के में की गयी है। छापेमारी दल में इंस्पेक्टर उत्तम कुमार तिवारी, थाना प्रभारी अभय कुमार, अवर निरीक्षक संजय कुमार, राजेश कुमार यादव, हवलदार रविंद्र कुमार, नरसिंह ठाकुर, संतोष कुमार यादव सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## टिमपुर में डायरिया का प्रकोप, कई बीमार


तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ प्रखंड के टिमपुर गांव में डायरिया का प्रकोप हो गया है। गांव के लीबु मुंडा 65 वर्ष और ललटु लोहरा 25 वर्ष का इलाज रांची रिम्स में चल रहा है। एक दो रोगीयों का इलाज प्राइवेट डॉक्टर कर रहे हैं। अभी तक चिकित्सा टीमें नहीं पहुंची हैं।

## तपकरा पस्टोरेट के पूर्व चेयरमैन रेव रॉयलेन का निधन



खूंटी (आजाद सिपाही)। तोरपा प्रखंड के दियांकेल पेरिश अंतर्गत तपकरा पस्टोरेट के पूर्व चेयरमैन रेव रॉयलेन तिरू का निधन सोमवार को रिम्स में इलाज के दौरान हो गया। वे लंबे समय से रिम्स मे इलाजरत थे। जानकारी मिलने पर तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया ने रिम्स पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात की और शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हमारे लिए काफी दुख की बात है। आपके इस दुख में हम और झामुमो परिवार आप के साथ हैं। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा के शांति की कामना की। मौके पर अरमान तोपनो, फूल अहमद उपस्थिति भी मौजूद थे।

## बारिश से गिरा कच्चा घर, बाल-बाल बचा परिवार



खूंटी (आजाद सिपाही)। कर्रा प्रखंड के कुदलुम गांव निवासी दाउद हेरेंज का कच्चा घर सोमवार को भारी बारिश कें कारण पुरी तरह ध्वस्त हो गया। ग्रामीणो ने बताया कि दाउद हेरेंज काफी गरीब किसान है। घर ध्वस्त होने के समय दाउद हेरेंज का पूरा परिवार उसी घर में ही था। खपरैल छत के गिरने की आवाज सुनकर परिवार के सदस्य तत्काल बहार निकल गये, अन्यथा कोई बड़ा हादसा हो सकता था। कुदलुम पंचायत के समाजसेवी सुदर्शन कुजूर ने प्रशासन से दाउद को अविलंब सरकारी आवास देने की मांग प्रशासन से की है।

# मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय में प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय के सभागार में सोमवार को प्रखंड स्तरीय राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर पेंटिंग, क्विज और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सभी कोटि के विद्यालय के बच्चों ने भाग लिया। पेंटिंग में प्रथम स्थान राजमनी कुमारी, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय एवं अंशु साहू आरसी बालक मध्य विद्यालय खूंटी, क्विज में प्रथम स्थान श्रेया कुमारी और सईद अख्तर मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय खूंटी तथा भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान काली मुंडा जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय एवं ज्योति नाग मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय खूंटी को मिला। प्रतियोगिता का आयोजन प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अनीता लकड़ा और अजय कुमार राम के देखरेख में किया गया। प्रखंड साधन सेवी विजय कुमार शर्मा, शिक्षक प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव और अन्य शिक्षकों ने भी सहयोग किया।

## भारी बारिश से गिरा गरीबों का आशियाना



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में हुई मूसलाधार बारिश के कारण कई जगहों पर गरीबों का आशियाना उजड़ने की सूचना है। गरीबों का घर गिरने के कारण उनके समक्ष विकराल समस्या उत्पन्न हो गयी है। मिली जानकारी के अनुसार लगातार हुई मूसलाधार बारिश के कारण पिपरवार थाना क्षेत्र के बचरा बस्ती में अशोक ठाकुर का कच्चा मकान गिरकर ध्वस्त हो गया। घटना के वक्त घर के सभी लोग बगल के घर में थे, जिसके कारण घर के सभी लोग बाल-बाल बच गया, लेकिन घर गिरने से घर में रखा सामान पूरी तरह से बर्बाद हो गया है।

# रातू के पिर्रा में मकान से नकदी-आभूषण की चोरी

## चोरों की करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद

- नकदी सहित 30 लाख के जेवरात चोरी होने का दावा, जांच में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र के पिर्रा गली नंबर 11 में लाखों रुपये की चोरी की घटना सामने आयी है। हालांकि चोरी की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। घटना रविवार की रात 12 से एक बजे के बीच की बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक वारदात की रात घर में कोई नहीं था। पूरा परिवार इलाज कराने बेल्लोर गया है। चोरी का पता तब चला जब पड़ोसी ने फोन कर पिर्रा गली नंबर 13 निवासी अमित रंजन को फोन कर जानकारी दी। अमित रंजन जब अपने बहन के घर पहुंचे तो ताला टूटा पाया। अंदर जाने पर



टूटी अलमारी और बिखरा सामान।

सभी कमरों का सामान बिखरा पाया। अमित रंजन ने बताया कि उसका घर एकांत में रहने के कारण सारा जेवरात और नकदी बहन के ही घर में रखता था। चोरों ने अलमीरा का ताला तोड़कर नकद 45 हजार रुपये के अलावा जेवरात चोरी कर फरार हो गये। आभूषणों में तीन सेट झुमका, दो सेट कान की बाली, दो पीस मंगल सूत्र, तीन पीस दुर्गा एवं दो पीस बजरंग बली का लॉकेट, 5 पीस अंगूठी, एक चेन, एक हार, सात जोड़ी पायल, 25 पीस बिछिया, टिका, चार पीस चूड़ी, 8 पीस नथिया, पांच कैसेली, मछली, दो पीस थाली और एक गिलास शामिल है। जिसकी कीमत करीब 30 लाख रुपया बतायी जा रही है। मामले को लेकर अमित रंजन सिंह ने रातू थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रथमिकी दर्ज करायी है। वहीं, पुलिस आस पास के घरों में लगे सीसीटीव कैमरों की मदद से फुटेज खंगाल रही है।

# जेएलकेएम नेत्री निशा भगत पर प्राथमिकी दर्ज



**कांके (आजाद सिपाही)।** राज्य के स्वास्थय मंत्री डॉ इरफान अंसारी को जान से मारने की धमकी और अभद्र भाषा का प्रयोग करने पर सोमवार को कांके थाना में जेएलकेएम नेत्री निशा भगत के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। कांग्रेस कार्यकर्ता गागी निवासी जावेद अली ने कांके थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी। निशा भगत पर बीएनएस की 7 धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। जावेद ने बताया कि रविवार को रिम्स 2 के विरोध पर निशा भगत ने हरवे हथियार के साथ भीड़ जमा की थी। उसके बाद एक चैनल को दिये बयान में स्वास्थय मंत्री के घर में घुस कर जान से मारने की धमकी देने के साथ ही अमर्यादित भाषा का भी प्रयोग किया था। जिसका सोशल मीडिया एवं चैनल पर बयान प्रसारित कर मंत्री के छवि को धूमिल किया गया। प्राथमिकी में यह भी कहा गया है कि निशा भगत अपने राजनीतिक लाभ के लिए भीड़ इकट्ठी कर इरफान अंसारी पर कभी भी हमला करवा सकती हैं या कर सकती है। दूसरी ओर, रिम्स 2 के प्रस्तावित जमीन पर रविवार को हुऐ मामले में 65 नामजद और सैकड़ो अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

# केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने केक काटकर मनाया जन्मदिन

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** आदिवासी नेता सह खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा के रामपुर स्थित आवास पर सोमवार को केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ और मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा के पुत्र अभिमन्यु मुंडा का प्रथम जन्मदिन संयुक्त रुप से केक काटकर मनाया गया। इस दौरान भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें लंबी उम्र की शुभकामना दी। इस अवसर पर अशोक मुंडा ने कहा कि सांसद संजय सेठ के नेतृत्व में लोकसभा क्षेत्र में चाहूमुखी विकास हुआ है और जनसमस्याओं पर भी बेहतर कार्य हुआ है। इस अवसर पर पूर्व सांसद प्रतिनिधि शंकर सिंह मुंडा, स्वतंत्रता सेनानी पौत्र सह मंडल कोषाध्यक्ष समीर राय, किरण मुंडा, फूलो देवी, रवि सागर, निकिता ओड़ेया, धनंजय मुंडा, संदीप मंडल, सुनील केरकेटा, राजीव रंजन, बोनी टोप्पो, सीमा कुमारी और अनमोल लकड़ा आदि मौजूद रहे।



## जन्मदिन पर बधाई देनेवालों का लगा तांता



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने सोमवार को हेहल स्थित आवास में अपना जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। इस क्रम में भाजपा ओबीसी मोर्चा ग्रामीण रांची के जिलाध्यक्ष नरेश साहू भी अपने समर्थकों के साथ आवास पहुंच कर उन्हें पुष्पगुच्छ देकर जन्मदिन की बधाई दी और उनके दीघार्यु का कामना की।

# नींबू वर्गीय फल उत्पादन में किसान समृद्धि की ओर : डॉ दिलीप घोष

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** रामकृष्ण मिशन आश्रम दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र मोराबादी में सोमवार को आइसीएआर केंद्रीय नींबू वर्गीय फल अनुसंधान संस्थान नागपुर (महाराष्ट्र) की ओर से एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संस्थान के निदेशक डॉ दिलीप घोष शामिल हुए। इससे पूर्व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर 250 एसटी और एससी किसानों के बीच 6250 कागजी नींबू, 150 मौसम्बी, 100 संतरा एवं 250 बैटरी संचालित स्प्रेयर मशीन का वितरण किया गया। वहीं, केवीके गेतलसूद फार्म में नींबू वर्गीय फलों की प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें 298 किसानों ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ दिलीप घोष ने कहा कि 2047 तक समृद्ध भारत के सपने को साकार करने के लिए



विकसित कृषि/हॉर्टिकल्चर को बढ़ावा देने के लिए हम सभी को समेकित कृषि प्रणाली और फसल विविधिकरण को अपनाना होगा। नींबू वर्गीय फसलों की झारखंड में काफी संभावनाएं हैं। विगत वर्ष देश में 360 मिलियन टन बागवानी फल सब्जी तथा 350 मिलियन टन अनाज और दलहन का उत्पादन हुआ। इस समय हमारा देश कृषि निर्यात में 8वें स्थान पर है जो गर्व की बात है। मिशन के सचिव स्वामी भवेशानंद जी ने प्राकृतिक खेती फल फूल सब्जी पर जोर दिया। बताया कि अनगड़ा प्रखंड प्राकृतिक खेती की ओर अग्रसर हो रहा है। इस अवसर पर डॉ देवदास टी मेसराम ने नींबू वर्गीय फल उत्पादन के तकनीक का प्रशिक्षण किसानों को दिया। स्वागत भाषण डॉ अजीत कुमार सिंह, संचालन डॉ राजेश कुमार और धन्यवाद ज्ञापन डॉ रविंद्र कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर अनुसंधान संस्थान नागपुर के डॉ देवदास टी मेसराम, डॉ नरेश मेशराम, डॉ एसके पॉल, डॉ मनोज कुमार सिंह, डॉ भरत महतो, डॉ नेहा राजन, डॉ विशाखा सिंह, प्रफुल सीओ और ओपी शर्मा आदि उपस्थित थे।

# पेसा कानून विषय पर कार्यशाला शुरू



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगडी प्रखंड सभागार में झारखंड सरकार के पंचायती राज विभाग के तत्वावधान में दो दिवसीय प्रशिक्षण पंचायत अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार अधिनियम 1996 यानी पेसा कानून विषय पर कार्यशाला आयोजित हुआ। जिसमें अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभा के अधिकार और जिम्मेदारियों के संबंध मे प्रखंड के सभी 13 पंचायत के ग्राम प्रधानों को विस्तार से बताया गया। मास्टर ट्रेनर जहाना परवीन एवं आशीष मिर्धा ने कहा कि पेसा में ग्राम प्रधान महत्वपूर्ण कड़ी है। सरकार ने पांचवीं सूची में शामिल स्थानीय स्वशासन के व्यवस्था को मजबूत बनाने और पंचायत को विकास की दिशा को बढ़ाने के उद्देश्य से पेसा अधिनियम बनाया है। ग्राम प्रधान के माध्यम से ही गांव की दशा और दिशा बदलने का सशक्त कानून हैं। उन्होंने उपस्थित सभी 13 पंचायतों के ग्राम प्रधानों को एक मानचित्र के आधार पर उनके अधिकारों के बारे मे विस्तार से बताया। कहा कि अगर एक ग्राम प्रधान पंचायत के विकास के लिए नीतिगत कार्य करे तो उस पंचायत का चौतरफा विकास होने से कोई नहीं रोक सकता है। इस मौके पर प्रधानों में जेवियर पाहन तिर्की, गणेश पाहन, मंगरा उरांव, आशीष गारी, विलियम लकड़ा, दीपक मुंडा, दुर्गेश उरांव, मुन्ना मुंडा आदि उपस्थित थे। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में राहुल कुमार एवं द्रोणाचार्य पाण्डेय आदि ने अहम भूमिका निभायी।

# बारिश के बीच कच्चे मकानों के गिरने का सिलसिला जारी

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सहित ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार बारिश के कारण जन जीवन अस्त-व्यस्त हो चुका है। कच्ची सड़कों का बुरा है। गरीबों की रोजी-रोटी पर भी आफत आ गई है। जल स्तर बढ़ने से ग्रामीण क्षेत्रों में भी आवागमन पर असर पड़ा है। वहीं, कच्चे मकानों के गिरने का सिलसिला भी जारी है। रविवार के बाद सोमवार को भी प्रखंड के कई गांवों में दर्जनों कच्चे मकान गिर गए, जिससे लोग बेघर हो गये हैं। बेड़ो के हरिहरपुर, जामटोली के भसनंदा गांव निवासी अजय गोप का पूरा घर ध्वस्त हो गया। जिससे अजय गोप का परिवार बेघर हो गया है। उनके घर में रखा सारा सामान भी बर्बाद हो गया।



चावल, 10 बोरा धान, साइकिल, चौकी और रसोई का पूरा सामान मलबे में दबकर बर्बाद हो गया। बारिश के चलते कई और कच्चे मकानों के गिरने का डर भी ग्रामीण को सता रहा है। अजय के परिवार ने प्रखंड प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। इधर, घटना की सूचना मिलते ही जनजातीय सुरक्षा मंच के जिला अध्यक्ष जगन्नाथ भगत मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अजय गोप के परिवार से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। जगन्नाथ भगत ने प्रखंड प्रशासन से तत्काल मुआवजा दिये जाने की मांग की, ताकि वह अपने और परिवार के लिए फिर से आशियाना बना सकें।

# बेड़ो में 27 से गणेश पूजा, भक्ति के रंग में डूबा क्षेत्र

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में श्री राधेकृष्ण यूथ संगम क्लब गणेश पूजा महासमिति की ओर से गणेश पूजा का भव्य आयोजन किया गया है। गणपति बप्पा मोरया के उद्घोष के साथ कलश स्थापना के साथ विधिवत पूजा अर्चना के बीच बुधवार की शाम भगवान गणेश पूजा पंडाल के पट दर्शन के लिए खोल दिये जायेंगें। यहां गणेश भगवान की पांच दिनों तक विधिवत पूजन की जायेगी और लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया जाएगा। वहीं, पूजा पंडाल के निर्माण में झोला, मिट्टी के बर्तन एवं कुल्हड़ का उपयोग किया जा रहा है, जो श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। रात में पंडाल की भव्यता देखते ही बन रही है। पंडाल के अंदर गणपति बप्पा का दर्शन करने के बाद श्रद्धालु चलित मूर्ति का अवलोकन कर सकेंगे। समिति की ओर से इस वर्ष भव्य विद्युत सज्जा भी की जा रही है। पूजा पंडाल आने वाले मार्गों पर कई तोरण द्वार होंगे। जिसमें एफिल टावर, ड्रैगन एवं तितली द्वार लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। यहां 27 अगस्त से आयोजित होने वाले गणेश पूजा में पूरे महावीर चौक से देवी मंडप चौक तक को आकर्षक रंगीन लाइटों से सजाया गया है। गणेश पूजा का प्रारंभ 27 अगस्त को कलश स्थापना के साथ होगा। इसके बाद 29 अगस्त को 1001 महिलाएं-युवतियों की ओर से महाआरती की जाएगी। 30 अगस्त को खिचड़ी भोग, 31 अगस्त को 501 किलो दूध से बने खीर का महाभोग लगाने का साथ ही एक सितंबर को हवन पूर्णाहूति के बाद शाम में गणपति की भव्य विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी।

# मुख्य प्रबंधक से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** टाटीसिलवे क्षेत्र निवासी सह विधायक प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने सोमवार को पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड के मुख्य प्रबंधक शुभ्रता खान से मुलाकात कर न्यूनतम मजदूरी की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से बताया है कि हिंदुस्तान पेट्रोलियम के अंतर्गत जितने भी पेट्रोल पंप है। उसमें काम कर रहे कर्मचारियों का वेतन मात्र 6 से 7 हजार रुपये ही है। इसपर मुख्य प्रबंधक ने रांची जिला के सभी पेट्रोल पंप के कर्मचारियों का वेतनमान झारखंड सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी दिलाने की बात कही। वहीं, श्रम विभाग झारखंड सरकार की सदस्य सुनीता चौधरी ने कहा कि यदि मौजूदा स्थिति में सुधार नही किया गया तो हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन पर कार्रवाई की जाएगी।

# सूर्या हांसदा एनकाउंटर के विरोध में टाटीसिलवे भाजपा मंडल कार्यकर्ताओं ने निकाला कैंडल मार्च

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** सूर्या हांसदा एनकाउंटर के विरोध में भाजपा टाटीसिलवे मंडल के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को कैंडल मार्च निकाला। इस दौरान पूर्व विधायक आरके पाहन के नेतृत्व में सूर्या हांसदा के फर्जी एनकाउंटर की सीबीआई जांच कराने की मांगों को लेकर हरिप्रसाद मिश्र चौक से टाटीसिलवे बैक मोड़ होते हुए वापस हरिप्रसाद मिश्र चौक तक कैंडल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर मंडल महामंत्री अमित कुमार मिश्रा ने सीबीआई जांच की मांग करते



हुए कहा कि लोकतंत्र के अंदर एनकाउंटर जैसे कृत्यों का कोई स्थान नहीं है। कैंडल मार्च में पूर्व मंडल अध्यक्ष गाजू महतो, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, मुखिया कृष्णा पहान, नूतन पहान, मीडिया प्रभारी प्रशांत किशोर, सरयुग प्रसाद, भोलानाथ मिश्रा, मुक्तिनाथ मिश्रा, राजन साहू, अमित मिश्रा, गिरिधर मिश्रा, सोहन मुंडा, साईनाथ महतो, जगदीश नायक आदि शामिल थे।

# रक्तदान शिविर का आयोजन, 100 यूनिट रक्त संग्रह



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** जनरल अस्पताल एवं ब्रह्माकुमारी संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में सेक्टर-4 स्थित ब्रह्माकुमारी संस्थान प्रांगण में सोमवार को रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ बोकारो जनरल अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आनंद कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (नगर सेवाएं) कुंदन कुमार और ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ सुरेन्द्र कुमार ने किया। इस दौरान शिविर में कुल 100 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। शिविर आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य थैलेसीमिया पीड़ित मरीजों को रक्त उपलब्ध कराना और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना था, ताकि रक्त की कमी से किसी की जान न जाए। विशेषज्ञों ने बताया कि एक यूनिट रक्त से तीन जीवन बचाए जा सकते हैं। साथ ही 18 से 60 वर्ष के बीच का कोई भी स्वस्थ व्यक्ति साल में चार बार एवं एक स्वस्थ महिला साल में तीन बार सुरक्षित रूप से रक्तदान कर सकती है। चिकित्सकों ने यह भी स्पष्ट किया कि रक्तदान से शरीर में किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती, बल्कि यह एक नेक कार्य है जो समाज की जीवनरेखा को मजबूत करता है। शिविर में बड़ी संख्या में ब्रह्माकुमारी संस्थान के रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मानव सेवा की इस मुहिम को सफल बनाया।

## मुखिया ने किया ओरमांझी के बरवे में स्वच्छता निस्तारण केंद्र का उद्घाटन

# स्वच्छता को अपनी आदत बनायें : दीपक बड़ाइक

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड के बरवे पंचायत स्थित स्वच्छता सेंटर में इको स्ट्रक्टिव इंजीनियरिंग एंड प्लानर्स की ओर से ग्रामीण स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य गांव-गांव से सूखा एवं गीला कचरा एकत्र कर सुरक्षित निस्तारण करना है। योजना के तहत फिलहाल प्रत्येक पंचायत में ई- रिक्शा उपलब्ध कराया गया है। आने वाले समय में प्रत्येक पंचायत को ई-रिक्शा दिया जाएगा, ताकि कचरा परिवहन में आसानी होगी। ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है कि वे अपने घर के कचरे को अलग-अलग कर एक बोरे में सुरक्षित रखें, ताकि कचरा संग्रहण टीम समय पर उसे उठाकर स्वच्छता सेंटर तक पहुंचा सके।



प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल जलसहिया एवं अन्य।

इसके लिए पंचायत स्तर पर नाम मात्र का शुल्क तय किया गया है। उद्घाटन के अवसर पर मुखिया संघ के अध्यक्ष दीपक बढ़ाइक ने कहा कि गांव की स्वच्छता हमारी जिम्मेदारी है। यदि हर व्यक्ति अपने घर का कचरा अलग रखेगा तो सफाई में आसानी होगी और बीमारियों से भी बचाव होगा। आने वाले समय में हर पंचायत को ई-रिक्शा मिलने से यह अभियान और सशक्त होगा। ग्रामीणों से अपील है कि इस पहल में सहयोग करें और स्वच्छता को अपनी आदत बनाएं। इस मौके पर प्रखंड इंचार्ज अंजली कुमारी, अजय कुमार, जलसहिया बेबी देवी, अनीता देवी, रीना सिंह, पूर्णिमा देवी, शोभा देवी, शांति देवी, रेणु देवी आदि उपस्थित थे।

# विकास की राह देखती बेड़ो बस्ती

- आजादी के 79 साल बाद भी न बस्ती की सूरत बदली और न ही रहने वालों की जिंदगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** आजादी के 79 वर्ष बीत जाने के बावजूद न बस्ती की सूरत बदली और न ही बस्ती में रहने वालों की जिंदगी। खर्च तो योजनाओं के नाम पर लाखों रुपये हुए, पर बस्ती को गंदगी से निजात नहीं मिल पाई। आज भी यहां के लोग बदहाली से जूझ रहे। बेड़ो बस्ती अभी भी विकास से कोसों दूर हैं। बस्ती की गंदी सूरत बदलने और यहां रहनेवालों को मूलभूत सुविधाओं के साथ ही आशियाना, शौचालय, नाली सड़क और पेयजल उपलब्ध कराने के नाम पर सरकार द्वारा कई योजनाएं बनाई गई हैं। योजनाओं को मूर्त रूप देने के लिए लाखो रुपये खर्च भी कर दिये गये, पर बस्ती के लोग अब भी गंदगी के बीच जीवन यापन करने को विवश हैं। लोगों के दरवाजों के आगे कीचड़, सड़क में बहता गंदा पानी, गंदगी



एवं जलजमाव के लगे अंबार के कारण जीना मुहाल हो रहा है। कई बार गुहार लगाने के बाद भी लोगों को सड़क, नाली, कीचड़ और गंदगी से निजात नहीं दिलाई जा रही है। यहां बीमारी फैलने का खतरा भी प्रबल है। सरकार की ओर से गांव-गांव, गली-गली विकास कराने के दावे-वादे बेड़ो बस्ती के लोगों के लिए दिखावा बन कर रह गए हैं। ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी जिम्मेदारों ने घरों के आगे जमा कीचड़, पानी निकासी, जलजमाव एवं गंदगी से निजात दिलाने में नाकाम साबित हुए हैं। इनका कहना है कि गंदगी और कीचड़ के भरे रहने के कारण कई बार लोग बीमारी की मार झेल चुके हैं। बच्चे और लोगों में डेंगू, डायरिया और मलेरिया की बीमारियों का डर सता रहा हैं। महिलाओं एवं बच्चों ने बताया कि लोगों को दुर्गंध के कारण घरों में रहना दुश्वार हो रहा है। कई बार शिकायत की जा चुकी है। इसके बावजूद कोई ध्यान नहीं दिया गया है। जिम्मेदारों द्वारा शीघ्र कोई पहल नहीं की गयी तो आने वाले समय में स्थिति भयावह हो सकती है।

## घाघरा में भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन की रणनीति के लिए बैठक 27 को

**गुमला (आजाद सिपाही)।** ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट व झारखंड नवनिर्माण दल के संयुक्त तत्वाधान में घाघरा ब्लॉक में चरम पर पहुंची भ्रष्टाचार के विरुद्ध आंदोलन की रणनीति बनाने के लिए 27 अगस्त 2025 को दिन के 11 बजे से घाघरा में आम बैठक बुलायी गयी। बैठक में भ्रष्टाचार विरोधी लोगों को भी आमंत्रित की गयी है। विदित हो कि आवास, मनरेगा की योजनाएं तथा ब्लॉक द्वारा संचालित विभिन्न योजना सहित मृत्यु प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र तक में भारी भरकम भ्रष्टाचार प्रखंड विकास पदाधिकारी के संरक्षण में की जा रही है। गरीब जनता लूटी जा रही हैं वहीं भाजपा, कांग्रेस, झामुमो जैसी सत्ताधारी पार्टी इस लूट में शामिल होकर चुप्पी साधे बैठी हैं। जब वोट का समय आता है तो यही झूठ की राजनीति करने वाली पार्टी गांव-गांव वोट ठगने चले जाते और जब जनता समस्याओं से जूझ रही होती है तो बड़ी-बड़ी बात करने वाली पार्टी कहीं नजर नहीं आती हैं। सत्ताधारी पार्टियों का इस उदासीनता को देखते हुए और लगातार ग्रामीणों और अखबारों द्वारा प्राप्त हो रही सूचना के बाद पार्टी द्वारा यह निर्णय लिया गया है। जरूरत पड़े तो घाघरा में 'बीडीओ भगाओ घाघरा बचाओ' जैसे आंदोलन पर भी विचार किया जायेगा। बैठक में ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह की भी भाग लेने की संभावना है।

## खेल से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास होगा : बसंत कुमार



**गुमला (आजाद सिपाही)।** खेलो झारखंड के तहत पालकोट मुख्यालय स्तिथ कंदर्प उच्च विद्यालय के खेल मैदान में विभिन्न स्कूलों के बीच खेल प्रारम्भ किया गया, जिसमे प्रखंड के सभी विद्यालय के हजारों बच्चों ने भाग लिया। बतौर मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि बसंत कुमार गुप्ता प्रखंड प्रमुख सोमी लकड़ा, उज्जवल कुमार प्रसाद, मंडल अध्यक्ष सुशील लकड़ा ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर के कार्यक्रम की शुरुआत की। मौके पर मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि बसंत कुमार गुप्ता ने कहा कि खेलो झारखंड सरकार की एक सराहनीय पहल है जिससे बच्चों के खेल के प्रति रुझान बढेगा। साथ ही बच्चों का शारीरिक और बौद्धिक विकास होगा। मौके पर श्री गुप्ता के द्वारा शिक्षकों के बीच फलदार पौधों का वितरण किया गया। मौके पर पालकोट प्रखंड संसाधन के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, प्रखंड बीपीओ एंजेलिना मिंज, तारा कुमारी, अनामिका कुमारी, नीरज कुमार ओहदार, बीरेंद्र राम, ग्रेगोरी सोरेंग, नीरज कुमार, पवन कुमार केसरी, विजय टोप्पो, सुमन, रूपधारी साहू, लालेस्वर साहू , जनार्दन प्रसाद, दिलीप कुमार, लालजीत साहू अलमा सोरेन, प्रतिभा नाग, देवंती मिंज , गीता देवी सहित काफी संख्या में विभिन्न स्कूलों से आये बच्चे उपस्थित थे।

## गुलाबगंज का युवक लापता, दिया आवेदन



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर थाना क्षेत्र के गुलाबगंज निवासी जयराम एक्का ने चैनपुर थाने में आवेदन देकर अपने 24 वर्षीय पुत्र किशोर एक्का की तलाश की गुहार लगायी है। किशोर एक्का मरियम बस में खलासी का काम करता था और 19 जुलाई 2025 से लापता है। जयराम एक्का ने बताया कि उनका पुत्र किशोर एक्का मरियम बस में खलासी के रूप में कार्यरत था। 19 जुलाई को काम के दौरान वह लापता हो गया। परिवार ने अपने रिश्तेदारों और अन्य जगहों पर काफी खोजबीन की, लेकिन किशोर के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। उसके फोन पर कॉल करने पर कोई दूसरा व्यक्ति फोन उठाता है और कहता है कि वह उसके बारे में नहीं जानता। किशोर एक्का को लापता हुए लगभग एक महीना हो गया है, लेकिन अभी तक उसका कोई पता नहीं चल पाया है। जयराम एक्का ने थाना प्रभारी से अनुरोध किया है कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाये। किशोर एक्का के फोन नंबर- 8304610175, 9504611015 जयराम एक्का ने बताया कि वह अपने पुत्र की सलामती की कामना कर रहे हैं और पुलिस से जल्द से जल्द किशोर का पता लगाने की अपील की है।

## प्रखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का समापन



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** खेलो झारखंड कार्यक्रम के तहत एसएस प्लस टू स्टेडियम में आयोजित तीन प्रखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता सोमवार को संपन्न हुआ। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिशनपुर थाना के एसआइ प्रमोद कुमार प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी नीरज कुमार सहित अन्य अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया गया। आयोजित कार्यक्रम में लगभग 800 स्कूली बच्चों भाग लिया। एसआइ प्रमोद कुमार ने कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में खेल भावना को बढ़ावा देना, अनुशासन और टीम भावना का विकास करना तथा ग्रामीण स्तर पर छुपी प्रतिभाओं को सामने लाना था। प्रतियोगिता में एथलेटिक्स और समूह खेलों की अनेक विधाओं को शामिल किया गया। इनमें 14, 17 और 19 आयु वर्ग के बालक एवं बालिकाओं के बीच अलग-अलग प्रतिस्पधाएं आयोजित की गयी। एथलेटिक्स इवेंट के अंतर्गत 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 600 मीटर, 800 मीटर तथा 1500 मीटर दौड़ का आयोजन हुआ। इसके अतिरिक्त 4400 मीटर रिले रेस भी करायी गयी। समूह खेलों में खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल और फुटबॉल प्रतियोगिताएं शामिल थीं। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी नीरज कुमार बीआरपी रहे। आयोजन में विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक एवं तकनीकी शिक्षक सक्रिय रूप से शामिल हुए। मुख्य रूप से चरण उरांव, मनोहर उरांव, ब्रह्मदेव तथा संतोष मध्य विद्यालय समंदर्री की शिक्षिका रेनू टोप्पो ने कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

## सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी थाना क्षेत्र के निवासी चैनपुर थाना अंतर्गत कटकाही के पास बैल ने बाइक पर छलांग लगा दी घटना में बाइक सवार ऊपर जारी के कोदा निवासी आशीष लकड़ा आदित्य तिर्की और छत्तीसगढ़ के जशपुर निवासी देवनारायण राम घायल हो गये। घटना रविवार की शाम की है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर में इलाज के बाद रविवार की देर रात तीनों घायल को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक तीनों युवक नवागई डैम घूमने गये थे। वापसी के क्रम में कटकाही के पास किसान अपने बैल को घर ले जा रहा था तभी रास्ते में एक साथ बंधे जोड़ा बैल अचानक सड़क पर दौड़ने लगे और तेज रफ्तार से चलती बाइक पर छलांग लगा दिया जिससे एक बैल का आगे का एक पैर बाइक के पीछे का चक्का में घुस गया जिससे चालक अनियंत्रित हो गया और सड़क पर ही गिर गया। वहीं बैल का एक पैर टूट गया। घटना के बाद आशीष लकड़ा बेहोश हो गया सदर अस्पताल में इलाज के दौरान सोमवार की सुबह 9 बजे तक उसे होश नहीं आया था। वही आदित्य और देवनारायण की इलाज के बाद छुट्टी कर दी गयी है।

# हरिजन मोहल्ला में घर से चोरी के मामले में युवक गिरफ्तार

### चोरी के आभूषण भी हुए बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुमला शहर के हरिजन मोहल्ला में 23अगस्त की रात अज्ञात चोरों ने बंद घर का ताला तोड़कर नगद और लाखों के जेवरात की चोरी कर ली थी। मामले को लेकर अंबेडकर नगर हरिजन मोहल्ला निवासी महिला इशरत खातून ने गुमला थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। दर्ज प्राथमिक के आलोक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी महेन्द्र करमाली, पुलिस अवर निरीक्षक गौतम वर्मा, मिंटू कुमार सिंह, सुनील कुमार और थाना के जवान शामिल थे। कांड के उद्बेदन हेतु तकनीकी एवं मानवीय साक्ष्य के आधार पर अंबेडकर नगर हरिजन मोहल्ला स्थित एक घर में छापामारी की गयी। तभी एक युवक घर के छत के उपर से भागने लगा जिसे पुलिस बल के द्वारा खदेड़कर कर पकड़ा गया। पकड़ाये युवक का नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम मोहित कुमार राम 19 वर्ष ग्राम अंबेडकर नगर हरिजन मोहल्ला बताया। पूछताछ करने पर उसने बताया कि 23 अगस्त को हरिजन मोहल्ला निवासी इशरत खातून के घर से सोना चांदी का जेवर और नगद चोरी कर अपने घर में छुपा कर रखा है। पुलिस ने आरोपी के घर से उक्त सामान को बरामद किया साथ ही विधिवत उसे गिरफ्तार किया गया। सोमवार को 2 बजे एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने थाना कार्यालय कक्ष में प्रेस वार्ता कर आरोपी को जेल भेज दिया है। आरोपी का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। पिठोरिया रांची थाना में चोरी और गुमला थाना में चोरी के मामले में पूर्व में भी वह जेल जा चुका है। आरोपी के घर से चांदी का 27 पीस सिक्का और काफी मात्रा में जेवरात बरामद किया गया।

## रायडीह-कोंडरा मुख्य मार्ग पर गिरा विशाल पेड़, आवागमन बाधित



आजाद सिपाही संवाददाता

**रायडीह।** जिले में लगातार बारिश ने लोगों की समस्या बढ़ा कर रख दी है। सोमवार की सुबह 6 बजे प्रखंड अंतर्गत पुराना रायडीह के पास विशालकाय पेड़ बारिश के कारण गिर गया। जिससे आवागमन बाधित हुआ। पेड़ के गिरने से बिजली के तार सहित बिजली के कई पोल भी जमीन पर गिर गये। जिससे बिजली कट गयी है। ग्रामीणों ने घटना की सूचना रायडीह थाना और बिजली विभाग को दी है। पेड़ को हटाने का कार्य चल रहा है वहीं विद्युत बहाल करने के लिए कार्य शुरू किया गया है। सड़क पर ही विशाल पेड़ गिर जाने से तीन और चार चक्का वाहनों को ग्रामीणों को सहयोग से किनारे से धक्का देकर निकाला जा रहा है। घटना के वक्त लोगों का आवागमन कम था इसी चलते बड़ी दुर्घटना टल गयी।

## ईद मिलादुन्नबी की तैयारी को लेकर बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** ईद मिलादुन्नबी की तैयारी को लेकर बज्मे रब्बानी ट्रस्ट की बैठक रविवार को ट्रस्ट के कार्यालय में आयोजित हुई। मौके पर ट्रस्ट के सचिव साहेब रब्बानी ने कहा कि हर वर्ष से बढ़ चढ़ कर इस वर्ष ईद मिलादुन्नबी का जुलूस भव्य और आकर्षक तरीके से निकाला जायेगा। क्योंकि इसबार पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का 1500वां यौमे पैदाइस है। उन्होंने यह भी बताया कि रब्बानी ट्रस्ट के बैनर तले पिछले तीन वर्षों से पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के यौमे पैदाइस के मौके पर छोटे-छोटे बच्चे बच्चियों के बीच इस्लाम धर्म से संबंधित सवाल-व-जवाब के साथ - साथ तकरीर (प्रवचन) का इनामी मुकाबला कराया जाता है। मुकाबले में पहला स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे को 21 सौ रूपया का नगद इनाम दिया जाता है। द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 11 सौ और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 551 रुपया का नगद इनाम के साथ साथ मेडल और शिल्ड देकर प्रोत्साहित किया जाता है। इस मुकाबले में भाग लेने के लिए पहला ग्रुप में आठ साल से 12 साल तक के बच्चे - बच्चियां भाग ले सकते हैं। जबकि दूसरे ग्रुप में 12 से 16 साल के सिर्फ लड़के ही भाग ले सकते हैं। तीसरा ग्रुप में 13 से 18 साल की बच्चियों के बीच लिखित प्रतियोगिता होगी और चौथा ग्रुप में 4 से 7 साल के बच्चों के बीच पेंटिंग का मुकाबला होगा। जिसका फाइनल प्रोग्राम 7 सितम्बर दिन रविवार को 11 बजे शुरू होगा। बैठक के उपरांत सदर फिरोज रब्बानी उर्फ पप्पू रब्बानी ने कहा कि बज्मे रब्बानी ट्रस्ट के बैनर तले आकर्षक जुलूस 05 सितम्बर दिन शुक्रवार को 07:30 बजे सुबह मिल्लत कॉलोनी से निकाला जायेगा। जुलूस में शामिल लोगों के बीच टावर चौक में ट्रस्ट के स्टॉल से खजूर और फल वितरण किया जायेगा। मौके पर तहसीन रब्बानी, गुलाब रब्बानी, रिंकू रब्बानी, हसन रब्बानी, एखलाक रब्बानी, रागिब रब्बानी, इम्तियाज रब्बानी, शाहजहां रब्बानी, सोनू रब्बानी और सैफ रब्बानी समेत ट्रस्ट के कई सदस्य मौजूद थे।

## उरइकोना में बिजली पोल और तार नहीं फिर भी घरों में विभाग ने लगवाये मीटर

आजाद सिपाही संवाददाता



**जारी।** आजादी के 79 वर्ष गुजर जाने के बावजूद परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का के सम्मान में बने जारी प्रखंड मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी स्थित घने जंगलों के तलहटी पर बसे जरडा पंचायत के उरईकोना गांव जहां लगभग 15 से 20 परिवार कोरवा समुदाय के लोग निवास करते हैं। लेकिन यहां के लोग आज भी ढिबरी युग में जीने के लिए बेबस है। राधे कोरवा, कलेश्वर कोरवा, भानजू कोरवा, नवासाय कोरवा, झिरु कोरवा, रामप्रसाद कोरवा, सिमोन कोरवा, सिफिया कोरवा, डुडका कोरवा ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारे गांव में बिजली के खंभे और तार तक नहीं लगाये गये हैं। लेकिन फिर भी घरों में बिजली विभाग के द्वारा 2025 के अप्रैल माह में मीटर लगाये गये हैं। साथ ही हर घर से मीटर लगाने वालों ने 100-100 रुपये लिया भी है। यदि मीटर लग गये हैं तो खंबे और तार भी लगवानी चाहिए ताकि लोगों को बिजली मिल सके। बिजली सरकारी योजनाओं का एक अभिन्न अंग है। हम सभी ग्रामीण कई बार बिजली व्यवस्था को लेकर प्रशासन से लिखित तौर पर आवेदन भी कर चुके हैं। लेकिन आज तक हमारे गांव में बिजली नहीं आ सकी है। चुनाव के वक्त कई नेता आते हैं। हमारे गांव लेकिन बिजली लाने की वादे कर गांव से जाते हैं। वही चुनाव जीतने के बाद अपना मुंह तक दिखाना मुनासिब नहीं समझते हैं। आज के डिजिटल युग में हमारे गांव शाम होते ही अंधेरे में डूब जाता है।जो ग्रामीणों के मन में बिजली विभाग के प्रति असंतोष और अविश्वास की भावना पैदा करती है। गांव में गुमला के पूर्व उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के द्वारा कुछ बहुत सोलर लाइट की व्यवस्था की गयी है। लेकिन रात्रि के समय गांव में तो कुछ बहुत उजाला रहती है। लेकिन घरों के अंदर अंधेरा ही अंधेरा है। इसलिए हमारे परेशानियों को देखते हुए बिजली विभाग जल्द से जल्द हमारे गांव के लिए बिजली की व्यवस्था करें।

## डीसी ने ब्राउन शुगर और नशीले पदार्थों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** सोमवार को उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित एवं पुलिस अधीक्षक गुमला हरीश बिन जमां की संयुक्त अध्यक्षता में एनसीओआरडी समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले में ब्राउन शुगर, अफीम, गांजा एवं अन्य नशीले पदार्थों के अवैध व्यापार के विरुद्ध शून्य सहिष्णुता (जीरो टॉलरेंस) अपनाने के स्पष्ट निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में नशीले पदार्थों की बिक्री व उपभोग पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित करें तथा इस संबंध में कड़ी और ठोस कार्रवाई करें। उपायुक्त ने कहा कि यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। उपायुक्त ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को नियमित पेट्रोलिंग, सूचना तंत्र को सुदृढ़ बनाने तथा प्रखंड स्तरीय अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए विद्यालयों (विशेषकर कक्षा 8 से उच्च विद्यालय तक) में जाकर छात्रों को नशा से दूर रहने हेतु जागरूकता कार्यक्रम चलाने का भी निर्देश दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां ने कहा कि जिले की सीमा में प्रवेश करने वाले वाहनों एवं बाहरी नागरिकों पर विशेष निगरानी रखी जाए। अन्य शहरों से ब्राउन शुगर एवं नशीले पदार्थों के अवैध आयात-निर्यात की संभावना को देखते हुए कड़े निगरानी तंत्र की आवश्यकता है। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक गुमला, एसडीओ सदर, सीडीओ चैनपुर, एसडीओ बसिया, सभी एसडीपीओ, जिला सामान्य शाखा पदाधिकारी सहित संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## आपदा प्रबंधन समिति की बैठक

**गुमला (आजाद सिपाही)।** आपदा प्रबंधन समिति की बैठक उपायुक्त की अध्यक्षता में नया समहरणालय भवन में संपन्न हुई। उपायुक्त ने सर्पदंश की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की और बताया कि सर्पदंश से मृत्यु होने पर परिजनों को 4 लाख की मुआवजा राशि प्रदान की जाती है। इसकी जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाने हेतु सभी अधिकारियों को व्यापक जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अपने क्षेत्र के उरउ केंद्रों से सर्पदंश का डेटा एकत्र करने का भी निर्देश दिया।


उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि यदि किसी प्रखंड से शून्य सर्पदंश रिपोर्ट प्राप्त होती है, तो संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी को शपथ पत्र देकर इसकी पुष्टि करनी होगी।

## विद्यार्थियों को संतुलित खाद प्रयोग और फसल अवशेष प्रबंधन की जानकारी दी



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** प्रखंड क्षेत्र के राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय प्रखण्ड मुख्यालय सिसई में सोमवार को विद्यालय स्तर पर स्कूल सोइल हेल्थ प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र बिशुनपुर और कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) जिला गुमला के संयुक्त तत्वाधान में सोइल हेल्थ एवं फर्टिलिटी स्कीम के तहत किया गया। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक डॉ नीरज कुमार वैश्य, प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक पंकज कच्छप, सहायक तकनीकी प्रबंधक आकाश राज, भाग्यलक्ष्मी कुमारी एवं कुल 145 विद्यार्थी एवं 10 शिक्षक ब्रजेश कुमार पांडे, बिपिन बिहारी झा, मिथिलेश कुमार सिंह, इत्यादि उपस्थित हुए। विशेषज्ञों ने छात्रों को बताया कि स्वास्थ्य मृदा ही स्वस्थ पर्यावरण और समृद्धि की कुंजी है उन्होंने छात्रों को आवश्यक पोषक तत्वों का महत्वं, संतुलित खाद प्रयोग और फसल अवशेष प्रबंधन की जानकारी दी। साथ ही विद्यार्थियों को मृदा जांच हेतु मृदा नमूना संग्रहण एवं परीक्षण विधि पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। विद्यार्थियों को अपने समाज में मृदा स्वास्थ्य की जागरूकता के लिए प्रेरित किया गया।




## बेलपाहड़ में मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय खेल महोत्सव शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** बेलपाहड़ की स्वयंसेवी संस्था मिशन प्लांटेशन विद फिटनेस की ओर से मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय खेल महोत्सव का आयोजन किया गया है। फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की अनुमति से मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय खेल महोत्सव 2025 भारत के विभिन्न हिस्सों में मनाया जा रहा है।

झारसुगुड़ा जिले के बेलपाहड़ की मिशन प्लांटेशन विद फिटनेस को इसकी जिम्मेदारी दी गयी है। यह प्रतियोगिता 23 अगस्त से 31 अगस्त तक चलेगी। इसमें बैडमिंटन, इंटर क्लब हैंडबॉल, इंटर स्कूल फुटबॉल और वॉलीबॉल के साथ-साथ ड्राइंग, स्लोगन राइटिंग, भाषण प्रतियोगिताएं शामिल हैं। एमपीएफ की ओर से आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम में बैडमिंटन (मिक्स्ड डबल्स) प्रतियोगिता हुई।

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ब्रह्माकुमारी बेलपाहड़ शाखा की मुख्य शिखा दीदी उपस्थित थीं कार्यक्रम में स्थानीय पार्षद युधिष्ठिर मुखी व पार्षद संजय यादव, बेलपाहड़ इंग्लिश मीडियम स्कूल के उप अध्यक्ष प्रफुल्ल कुमार महापात्र सहित अन्य अतिथि उपस्थित थे। हमिद कुमार महापात्र ने अतिथियों का परिचय कराया और खेल महोत्सव की जानकारी दी।


**NETARHAT RESIDENTIAL SCHOOL**
**NETARHAT**
**P.O- NETARHAT, DISTRICT- LATEHAR**
**(An Autonomous Institute under School Education & Literacy Department, Govt. of Jharkhand )**

**Tender Inviting Notice**

**Enquiry No- 2496** **Dated- 24.08.2025**

Sealed tenders are invited for Netarhat Residential School, Netarhat from reputed parties/firms/Company/contractors having relevant experience in Civil Works, for renovation of Doctor's Quarter & Hospital Building at Netarhat Residential School, Netarhat.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Tender | Renovation of Doctor's Quarter & Hospital Building at Netarhat Residential School, Netarhat. |
| 2. | Scope of Work | Renovation of Doctor's Quarter & Hospital Building at Netarhat Residential School, Netarhat. |
| 3. | Technically Sanctioned By | Executive Engineer, Building Division, Latehar |
| 4. | Technical Sanctioned Date | 17.10.2024 |
| 5. | Name and Address of the Office Inviting Tender | Principal, Netarhat Residential School, Netarhat, P.O - Netarhat, Dist- Latehar. |
| 6. | Date of Publication of Tender on Website | 23.08.2025 at 03.00 P. M. |
| 7. | Last Date and Time for submission of Bids | 12.09.2025 at 11.30 A. M |
| 8. | Date of Opening of the Tender | 13.09.2025 at 11.30 P.M. (Technical Bid)<br>13.09.2025 at 03.30 P.M. (Financial Bid) |

Complete details can be seen on our school's website www.netarhatvidyalaya.com

Sd/-
Principal
Netarhat Residential School
Netarhat

PR 360444 Human Resource Developement(25-26).D

### समाहरणालय में आयोजित जिला समन्वय समिति की बैठक में अधिकारियों को दिया निर्देश

# विद्यालय-आंगनबाड़ी केंद्रों में करें पानी बिजली और शौचालय को दुरुस्तः डीसी

- अधिकारियों से कहा- बुनियादी सुविधाओं की नहीं होनी चाहिए कमी

आजाद सिपाही संवाददाता




समाहरणालय सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी अजय नाथ था।

**बोकारो।** समाहरणालय सभागार में सोमवार को जिला समन्वय समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता डीसी अजय नाथ झा ने की। इसमें विभिन्न विभागों की योजना- प्रगति की समीक्षा की गई। डीसी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने और योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने को लेकर जरूरी निर्देश दिया। उन्होंने शिक्षा एवं समाज कल्याण विभाग की समीक्षा क्रम में जिले के सभी विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में शौचालय, पानी और बिजली की व्यवस्था की जानकारी ली। जरूरी सुविधाओं से वंचित विद्यालयों-आंगनबाड़ी केंद्रों को चिन्हित करते हुए व्यवस्था को सुदृढ़ करने को कहा। उन्होंने आवश्यक कार्यों के लिए विभागीय आवंटन के साथ ही जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) और कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसब्लिटी (सीएसआर) मद से भी संसाधन उपलब्ध कराये जाने की बात कही। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए समाज कल्याण विभाग को आवंटन संबंधित प्रखंड के बीडीओ को हस्तांतरित करने और इस कार्य को आगामी पांच नवंबर 2025 तक हर हाल में पूरा करने का सभी बीडीओ को निर्देश दिया। कहा कि बुनियादी सुविधाओं की कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने कार्यालय परिसरों का नियमित निरीक्षण करें। इस क्रम में सार्वजनिक शौचालयों की साफ-सफाई का भी जायजा लें और व्यवस्था को दुरूस्त रखें। महिलाओं और दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए अतिरिक्त शौचालय चिन्हित करें। जरूरत हो तो निर्माण के लिए जिला को प्रस्ताव भेजें। समीक्षा क्रम में गोमिया प्रखंड के हुरलुंग में नव निर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर को अगले एक सप्ताह के भीतर सौंपने की प्रक्रिया पूरा करने का निर्देश दिया। डीसी ने बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में किसानों का पंजीकरण अभियान चलाकर करने का जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया। उन्होंने अगले पांच दिनों में कम से कम लक्ष्य का 70 प्रतिशत प्राप्त करने को कहा। छात्रवृति के बाबत उन्होंने सभी प्रखंडों में शिविर लगाकर प्रि-मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति का शत-प्रतिशत भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश डीईओ, डीएसई और डीडब्ल्यूओ को देते हुए समन्वय के साथ कार्य करने को कहा। बैठक में शिक्षा विभाग को मर्जर (विलय) के बाद खाली पड़े विद्यालय भवनों की सूची जिला को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। ताकि इन भवनों का उपयोग आजीविका योजनाओं से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए हो सके। कहा कि आगामी दिनों में धानकटनी महोत्सव का आयोजन सुनिश्चित किया जाए। इस मौके पर डीडीसी शताब्दी मजूमदार, डीपीएलआर मेनका, अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी, चास अनुमंडल पदाधिकारी प्रांजल ढ़ांडा, बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुआ आदि उपस्थित थे।

# स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति में पूरे झारखंड में धनबाद का दूसरा स्थान

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** डीसी आदित्य रंजन द्वारा जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य विभागों की निरंतर समीक्षा एवं निगरानी के साथ ही पदाधिकारियों-कर्मियों को प्रोत्साहित करने एवं उनका मार्गदर्शन करने के बाद धनबाद के शिक्षा विभाग ने अप्रत्याशित प्रगति हासिल की है। विगत जुलाई माह में धनबाद के सरकारी विद्यालयों में जहां शिक्षकों की उपस्थिति औसतन 50 फीसदी थी, वह अगस्त माह में औसतन 85 फीसदी रही। सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति में 35 फीसदी प्रगति से धनबाद जिला ने अगस्त माह में पूरे झारखंड राज्य में द्वितीय स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि पर डीसी ने जिले के सभी शिक्षकों की सराहना की। उन्होंने शिक्षकों को ऐसी ही लगन से अपने कर्तव्य का निर्वाहन करने का अनुरोध किया। साथ ही छात्रों की उपस्थिति में भी वृद्धि करने का निर्देश दिया।

## समस्याओं को लेकर नप कार्यपालक अधिकारी से मिला जन सेवा पार्टी का प्रतिनिधिदल



**मिहिजाम (आजाद सिपाही)।** जन सेवा पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को मिहिजाम नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी गोपेस कुम्भकार से मुलाकात कर क्षेत्र से संबंधित विभिन्न समस्याओं एवं पूर्व में मिहिजाम नगर परिषद क्षेत्र में किये गये कार्यों की जांच के संबंध में मांग पत्र सौंपा। पार्टी के संयोजक राकेश लाल के नेतृत्व में कार्यपालक पदाधिकारी से मिहिजाम में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं लचर व्यवस्था पर रोक लगाने, नगर परिषद क्षेत्र में नियमित साफ-सफाई कि व्यवस्था कराने, मच्छर मारने की दवा का छिड़काव, मिहिजाम नगर में लगाए गये वाटर एटीएम मशीन कि जांच कर, मशीन लगने से पूर्व ही इसका भुगतान किस परिस्थिति में किया गया, लंबे समय से यह मशीन बंद रहने, राजबाड़ी एवं अन्य क्षेत्रों में लगाए गए विभिन्न प्रकार के स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, सोलर वॉटर पंप, कचड़ा डब्बा का नियम पूर्वक जांच कराने, कानगोई हनुमान मंदिर से भोला यादव के घर को जाने वाले रास्ते पर छोटा पुलिया का निर्माण कराने आदि की मांग की गयी। इसके अलावा मिहिजाम नगर परिषद कार्यालय में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एवं सफाई कर्मचारियों को स्थाई कर उन्हें नियमित वेतन भुगतान की भी मांग की गयी। इस मौके पर पार्टी के नगर अध्यक्ष पवन देव रॉय, जिला प्रवक्ता छोटेलाल मंडल, नगर उपाध्यक्ष चंद्रशेखर साव एवं राहुल सिंह आदि थे।

## कतरास पहुंची झारखंड राज्य खाद्य आयोग की प्रभारी शबनम परवीन




**कतरास (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य खाद्य आयोग की प्रभारी अध्यक्ष सबनम परवीन सोमवार को कतरास डीएवी प्लस 2 विद्यालय पहुंची। जहां विद्यालय परिवार के पदाधिकारियों एवं प्राचार्य ने उनका स्वागत किया। शबनम परवीन सरकारी कार्य से धनबाद आई थी। इसी क्रम में कतरास पहुंची। कतरास के केशलपुर पंजाबी मोहल्ला स्थित प्रदीप पांडेय के आवास पहुंचकर जरूरतमंद महिलाओं-बच्चों के बीच वस्त्र एवं फूड पैकेट का वितरण किया। इसी के साथ केशलपुर प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण भी किया एवं बच्चों के बीच चल रहे मिड डे की जानकारी ली। इस मौके पर पूर्व पार्षद हरि प्रसाद अग्रवाल, रणधीर ठाकुर, फिरोज रजा, प्रकाश राम गुप्ता, मनोज गुप्ता, रंजीत पाण्डेय, मनोज कसेरा और बबलू सोनी आदि उपस्थित थे।

## मकान का निबंधन और दाखिल-खारिज की मांग को लेकर सांसद से मिला प्रतिनिधिमंडल



**झरिया (आजाद सिपाही)।** मकान का निबंधन और दाखिला खारिज सहित अन्य समस्याओं को लेकर सोमवार को झरिया वस्त्र व्यवसाय संघ के अध्यक्ष उपेंद्र गुप्ता, पूर्व पार्षद अनूप कुमार साव, चेंबर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष दीपू दत्ता, सोना चांदी व्यवसाय संघ के राजू वर्मा, समाजसेवी पवन खरकिया, त्रिलोकी प्रमाणिक, पिंटू बर्मन ,धर्मेंद्र साव, बिहारी वर्मा आदि ने धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो से मुलाकात की। कहा कि झरिया अंचल के 58 मौजा में से 10 मौजा का हाल सर्वे ऑनलाइन एंट्री नहीं होने के कारण झरिया के रैयतदार का रजिस्ट्री, दाखिल खारिज, पंजी-2 में नाम दर्ज नहीं हो रहा है। ऐसा लग रहा कि हम रैयतदारों को एंक्रोचर की श्रेणी में (गैर आबाद) शामिल करने के लिए बीसीसीएल एवं जेआरडीए साजिश रच रही है। गौरतलब है कि जून 2019 में सर्वे सेटलमेंट के लिए झरिया अंचल अधिकारी की ओर से भी एक पत्र अपर समाहर्ता धनबाद को प्रेषित किया गया था। सितंबर 2019 में राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग को भी एक पत्र प्रेषित किया गया था, जो अभी तक लंबित है। इस पर सांसद ने समस्याओं के निदान के लिए त्वरित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

## राज्य गतका चैंपियनशिप में बोकारो उपविजेता



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** गतका एसोशिएशन ऑफ झारखंड के बैनर तले क्रेडो वर्ल्ड स्कूल धनबाद में तीसरा झारखंड राज्य गतका चैंपियनशिप का आयोजन हुआ। धनबाद गतका एसोसिएशन की मेजबानी में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से सैकड़ो खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर बोकारो गतका एसोसिएशन के सचिव राजीव सिंह ने बताया कि इस वर्ष भी बोकारो के बच्चों का प्रदर्शन शानदार रहा। जिसमें 184 अंकों के साथ 16 स्वर्ण पदक सात रजत पदक एवं तीन कास्य पदक हासिल किया। इस प्रतियोगिता में बोकारो उप विजेता बना। वहीं, पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में माया, ऋषिका, काव्य कुमारी, रिया, ब्लेसी, इशिका, अदिति, पायल, शौर्य शेखर, श्रेयांश, समर्थ, रुद्रा, प्रियांशु राज, आशीष, वेदांत, तेजस्वी, दिव्या, हर्षित, देवराज, जयकुमार, प्रतिक, शिवम, अनन्या, मनीष, संजना, खुशी, अस्मिता, रिया एवं आदित्य कुमार शामिल रहे। उन्होंने बताया कि सभी स्वर्ण पदक विजेता दिल्ली में 10 से 12 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय गतका प्रतियोगिता में भाग लेंगे। यह प्रतियोगिता गतका फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित होगी। जिसमें झारखंड की ओर से ये बच्चे प्रतिनिधित्व करेंगे। बच्चों के इस सफलता पर बोकारो गतका संघ के पदाधिकारी नईम अंसारी, राहुल प्रताप,पायल सिंह उमेश नायडू आदि ने अपनी शुभकामनाएं दीं।

# अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में बोकारो के विद्यार्थियों ने दिखायी प्रतिभा



प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली डीपीएस बोकारो की टीम।

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** जिले के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा और कुशल रचनात्मकता का परिचय दिया है। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के उपलक्ष्य में बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआइटी) मेसरा में आयोजित राज्य स्तर की अंतर-विद्यालय अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी प्रतियोगिता में डीपीएस के विद्यार्थियों ने अपने अभिनव प्रोजेक्ट के दम पर सीनियर वर्ग में पहला और जूनियर वर्ग में तीसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इसमें झारखंड के विभिन्न जिलों के विद्यालयों से आए कुल 160 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। जीत हासिल कर लौटी डीपीएस बोकारो की दोनों टीमों ने सोमवार को प्राचार्य डॉ एएस गंगवार से मिलकर अपने अनुभव साझा किए। वहीं, प्राचार्य ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कहा कि विद्यालय अपने छात्र-छात्राओं की वैज्ञानिक प्रतिभा को निखारने का हर अवसर प्रदान करता रहा है। बच्चे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने हुनर का प्रदर्शन भी करते रहे हैं। शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में इस प्रकार की उपलब्धियां इन्हीं प्रयासों का परिणाम है। प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उन्नत अंतरिक्ष परियोजनाओं को प्रस्तुत किया। 12वीं कक्षा की अंजलि शर्मा और 10वीं के विस्मय विहांग के नेतृत्व में सीनियर टीम ने अपने अभियंत्रण कौशल का परिचय देते हुए सॉलिड मोटर इंजन से चलने वाला एक मॉडल रॉकेट तैयार किया, जिसमें वायुगतिकी, प्रणोदन और प्रक्षेपवक्र विश्लेषण के सिद्धांतों का व्यावहारिक अनुप्रयोग दिखाया गया। वहीं, तृतीय स्थान पर रही जूनियर टीम ने भविष्योन्मुखी प्रोजेक्ट अंतरिक्ष मलबे को हटाने के लिए तैयार किए गए सैटेलाइट मॉडल को प्रस्तुत किया। जूनियर टीम में आठवीं कक्षा के श्रेष्टा चतुर्वेदी, यश राज, प्रतीक वर्मा, धव्य दर्शित और प्रत्यूष कुमार शामिल रहे, जिन्हें सर्टिफिकेट और मेडल से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में इसरो के वरिष्ठ वैज्ञानिक टी शिवामुरुगन वर्चुअल मोड में बतौर मुख्य अतिथि शामिल रहे। इस मौके पर बीआईटी मेसरा के उप कुलपति प्रो इंद्रनील मन्ना सहित कई विज्ञान एवं अभियंत्रण से जुड़े कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## 40 असहाय महिलाओं के बीच मच्छरदानी और चादर का वितरण

**सिजुआ (आजाद सिपाही)।** जोगता क्षेत्र स्थित सिजुआ क्षेत्रीय कार्यालय के समीप स्टाफ रिक्रिएशन क्लब प्रांगण में दीक्षा महिला मंडल की अध्यक्ष मिली दत्ता के निर्देश पर प्रज्वला महिला मंडल, सिजुआ क्षेत्र की ओर से 40 महिलाओं (दैनिक मजदूर) के बीच मच्छरदानी और बेड-शीट का वितरण प्रज्वला महिला मंडल की अध्यक्ष शर्मिष्ठा चक्रवर्ती द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि बरसात के मौसम में मच्छरों का आतंक बहुत बढ़ जाता है। लोग बीमार पड़ने लगते है। जिसे देखते हुए हर दबे, कुचले, गरीब, असहाय और समाज के अंतिम व्यक्तियों तक मच्छरदानी एवं बेड-शीट का वितरण कर मदद कर रही हैं। इस मौके पर भाषवती कुंडू, रेखा कुमार आदि उपस्थित थीं।

### तेनुघाट पहुंचे इंडो-नेपाल डॉक्टर्स फोरम के राष्ट्रीय अध्यक्ष

# वर्तमान में नेपाल में जातीय संघर्ष चरम पर भारत सरकार हस्तक्षेप करेः डॉ पीके ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता



डॉ पीके ठाकुर।

**तेनुघाट।** इंडो-नेपाल डॉक्टर्स फोरम के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ पीके ठाकुर सोमवार को नेपाल से भारत के झारखंड राज्य के बोकारो जिला अंतर्गत तेनुघाट पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह फोरम भारत और नेपाल के बीच बेहतर संबंध को लेकर हमेशा से प्रयासरत रहा है। बोकारो के तेनुघाट में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारत और नेपाल में बेटी-रोटी का संबंध रहा है। दोनों देशों के बीच होने वाली समस्या को लेकर सरकारें एक-दूसरे को सहयोग करते रहे हैं। वर्तमान में नेपाल में जातीय संघर्ष चरम पर है, जिसमें खस आर्य जिनके द्वारा लगातार वहां शासन रहा है जो हमेशा से तराई क्षेत्र के मधेशी एवं दलित शोषित लोगों का लगातार शोषण करते रहे हैं। इसी शोषण के खिलाफ भारत समर्थित नेता उपेंद्र यादव जो नेपाल सरकार में उप प्रधानमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री भी रहे हैं। उनका मानना है कि अभी नेपाल में भूमि विधेयक बील लाया गया। अगर वह बील पास हो जाता तो मधेसियो की जमीन पर भू माफियाओ का कब्जा हो जाता। जिसका विरोध उपेंद्र यादव ने किया। इससे उनकी लोकप्रियता बढ़ने लगी। जिससे घबरा कर नेपाल सरकार 19 साल पहले हुए घटना जिसमें कई लोग मारे गये थे को उभारकर इनको फंसाना चाह रही है। जिसमें वहां की जांच एजेंसी इनको दोषी नहीं माना। इस मामले में फोरम के अध्यक्ष डॉ पीके ठाकुर का कहना है कि भारत-नेपाल का संबंध पारिवारिक है। दोनों देशों का बॉर्डर एक दूसरे से मिलता है। दोनों देशों की सुरक्षा को लेकर सीमा क्षेत्र के लोग परस्पर एक-दूसरे का सहयोग करते है जिससे दोनों देशों की सुरक्षा पर भारी भरकम राशि खर्च होने से बचता है। भारत सरकार से इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील करते हैं, क्योंकि अभी नेपाल के प्रधानमंत्री का भारत दौरा होना है। इस लिए भारत इस मामले को नेपाली प्रधानमंत्री के समक्ष हम मधेसियों के पक्ष को मजबूती से रखें।


**कार्यालय झुमरीतिलैया नगर परिषद**

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सूचना सं0– J.M.C/04/2025-26 Date – 25-08-2025

| क्रं0 सं0 | मद् का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (in Rupees) | अग्रधन की राशि (in Rupees) | निविदा शुल्क (in Rupees) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 15वें वित्त | CONSTRUCTION OF DEVELOPMENT OF VENDING ZONES/SHOPS WITH BASIC INFRASTRUCTURE AND PUBLIC AMENITIES FOR STREET VENDOR NEAR GANDHI SCHOOL. | 1,71,14,457 | 3,42,300 | 10,000 | 12 Month |

1. Only E-Tender will be accepted
2. नगर विकास एवं आवास विभाग अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
3. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 01.09.2025 (पूर्वाहन 10.00 बजे से)।
4. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 09.09.2025 अपराहन 5.00 बजे।
5. निविदा खोलने की तिथि : 11.09.2025 अपराहन 3.00 बजे।
6. हेल्पलाईन नम्बर : 7903772765, 9572100949, 8505948858
7. E-Procurement में Tender Fee एवं EMD की राशि ऑनलाईन सूचना प्रोद्योगिकी एवं ई–गवर्नेंस विभाग, झारखण्ड, राँची का आदेश ज्ञापांक – 120, दिनांक– 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड, राँची का पत्रांक 05/विविध (e-tender)–12/2023/न0वि0–4847 (अनु0), दिनांक– 11.10.2023 के तहत ली जायगी।
8. निविदा शूल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।

विशेष जानकारी विभागीय वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

प्रशासक
झुमरी तिलैया, नगर परिषद

PR 360399 Urban Development(25-26)#D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION NO. -1. RANCHI**

**VERY SHORT NOTICE INVITING QUOTATION**

In Sealed quotation (inclusive of all taxes, labour Cess & overhead Charges) are invited for the work of **(1) Supply and Installation work of Smart Class at Ground Floor Two Nos. and One No. at First Floor in Technical Block at RINPAS Kanke Ranchi (2) Supply and Installation work of Smart Class at Second Floor Two Nos. and One No. at First Floor in Technical Block at RINPAS Kanke Ranchi (3) Supply and Installation work of Smart Class Three Nos. in J.E. Dhunjibhoy Academic and Research Centre at RINPAS Kanke Ranchi** by the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division No.-1, Ranchi from agencies having similar works experience, at the Office of the undersigned on 08.09.2025 up to 3.00 pm and will be opened on 08.09.2025 at 3.30 pm at B.C.D. Division No.-1, Ranchi by Executive Engineer or his authorized representative in the presence of Quotationers or their authorized representative. Who so ever desire may remain present at the time of opening. Detail list of work, specification, Quantity & Unit etc. may be obtained from the office in working day up to 06.09.2025 which Cost of Bid Rs.10000/- for each work in shape of Demand draft (nonrefundable) on any State Bank Payable at SBI Main Branch, Ranchi (Code – 0167)/any Schedule Bank, Payable at Ranchi in favour of The Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division No.-1, Ranchi.

Time of completion for work is 15 (Fifteen) Days.

The quotation should be accompanied with (1) Initial security deposit which will be *2%* of the quoted amount (Refundable) in shape of Bank Guarantee or 5 Years/3 Years Post Office Term Deposit or N.S.C. (8th issue)/fixed deposits of a scheduled Bank duly pledged in favour of Executive Engineer, Building Division No.-1, Ranchi. (2) Updated Income Tax Return and GST Return (3) Similar nature works experience in any govt. building (4) All technical specification must be complied, no deviation will be accepted.

In the case of Gazetted holiday, the quotation will be received/opened on the next working day.

**Executive Engineer**
**Building Construction Department**
**Building Division No.-1, Ranchi**

PR 360326 Building(25-26).D



**कार्यालय जिला स्वास्थ्य समिति– अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम, लोहरदगा।**

**40 वीं राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा**

**8 सितम्बर 2025 तक**

**नेत्रदान महादान**

नेत्रदान एक प्रकिया है जिसके अन्तर्गत व्यक्ति के मरने के बाद उसके नेत्र दान किये जा सकते है।
कॉर्निया आँख के सामने को ढकने वाला स्पष्ट ऊतक है

**नेत्र दान क्यों करे ?**

- एक मरता हुआ व्यक्ति एक या दो से अधिक अंधों को रोशनी दे सकता है।

**मृत्योपरान्त नेत्रदान कौन कर सकता है ?**

- कोई भी स्वस्थ व्यक्ति अपनी मृत्यु के बाद नेत्रदान कर सकता है
- जीवित व्यक्ति निकटतम नेत्र बैंक में नेत्रदान का संकल्प ले सकते हैं
- चश्मा पहनने वाले एवं मोतियाबिन्द का ऑपरेशन करवा चुके व्यक्ति भी नेत्रदान कर सकते है।

**नेत्रदान करने की प्रकिया**

- नेत्रदान करने के लिए अपने नजदीक के ऑई बैंक के नम्बर डॉयल करे।
- आँखों से कॉर्निया मृत्यु के 6 घंटे के अन्दर निकाल लेना चाहिए अन्यथा कॉर्निया खराब हो जाऐगा।
- रिश्तेदारों को उस स्थान पर पंखा बंद कर देना चाहिए जहां शव रखा हो, सिर के नीचे तकिया रखें और कॉर्निया को नुकसान से बचाने के लिए आँखों को गीली रुई या बर्फ से ढक लें।
- आँखें दान करने से मृत व्यक्ति के चेहरे में कोई खराबी नही आती।

**आओ नेत्रदान करके नेत्रहीनों के जीवन में उजाला करें।**

(विशेष जानकारी हेतु संपर्क करें :– अपने नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सरकारी अस्पताल, चिकित्सा महाविद्यालय स्वयं सेवी संस्था के अस्पताल/आई बैंक।)

निवेदक– जिला स्वास्थ्य समिति–अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम, लोहरदगा।

अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी– सह–
सदस्य सचिव,
जिला स्वास्थ्य समिति–
अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम, लोहरदगा।

PR 360409 (Lohardaga) 25-26 (D)

# विपक्ष जेल को मुख्यमंत्री-प्रधानमंत्री हाउस बनाना चाहता है : अमित शाह

## अमित शाह का एएनआइ से इंटरव्यू : राहुल ने संसद में लालू को बचाने वाला अध्यादेश फाड़ा था, सरकार गयी तो सुर बदले

● धनखड़ ने इस्तीफा निजी वजह से दिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को संविधान (130वां संशोधन) विधेयक पर विपक्ष के विरोध को गलत बताया। उन्होंने कहा, 'क्या कोई मुख्यमंत्री (सीएम), प्रधानमंत्री (पीएम) या मंत्री जेल से सरकार चला सकता है। वे चाहते हैं कि उन्हें जेल से सरकार चलाने का विकल्प मिले।' न्यूज एजेंसी एएनआइ के इंटरव्यू में शाह ने जगदीप धनखड़ का इस्तीफा, खुद की गिरफ्तारी, संसद में विपक्ष के विरोध पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि कभी देश का प्रधानमंत्री जेल जाये तो क्या जेल से प्रधानमंत्री सरकार चलाये, वो क्या ठीक है? कोई मुख्यमंत्री जेल से शासन चलाये, ये क्या ठीक है? जिस भी दल का बहुमत है, उसका कोई अन्य व्यक्ति आकर शासन चलायेगा। आपकी बेल हो जाये तो आप फिर पद संभाल लीजिए।'

दरअसल, केंद्र ने 20 अगस्त को संविधान (130वां संशोधन) विधेयक लोकसभा में पेश किया। इसमें प्रावधान है कि कोई प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री या किसी भी मंत्री को गिरफ्तारी या 30 दिन तक हिरासत में रहने पर पद छोड़ना होगा। शर्त यह है कि जिस अपराध के लिए हिरासत या गिरफ्तारी हुई है, उसमें 5 साल या ज्यादा की सजा का प्रावधान हो। विपक्ष इसका विरोध कर रहा है।

**नये बिल से हमारे मुख्यमंत्रियों पर भी सवाल उठेंगे :** 'आज देश में एनडीए गठबंधन के मुख्यमंत्री ज्यादा हैं। प्रधानमंत्री भी एनडीए से हैं। ऐसे में संविधान (130वां संशोधन) विधेयक से सिर्फ विपक्ष पर ही सवाल खड़े नहीं होते, बल्कि हमारे मुख्यमंत्रियों पर भी सवाल उठेंगे। अगर फर्जी मामला है, तो देश के उच्च न्यायालय और सुप्रीम कोर्ट आंखें बंद करके नहीं बैठे हुए हैं, वे जमानत दे सकते हैं। कांग्रेस सरकार में भी ऐसा प्रावधान था कि अगर सत्र अदालत ने किसी को दो साल जेल की सजा सुनायी है, तो उस सदस्य की सदस्यता अपने आप चली जाती थी।'

**जेल जाने के बाद भी दिल्ली के सीएम ने भी इस्तीफा नहीं दिया :** आजकल नयी परंपरा आ गयी है। दो साल पहले ऐसा कोई मामला नहीं था। आरोप लगने के बाद नेता इस्तीफा देते थे। रिहाई के बाद ही राजनीति में शामिल होते थे। लेकिन तमिलनाडु के कुछ मंत्रियों ने जेल में रहने के बावजूद मंत्रीपद से इस्तीफा नहीं दिया था। दिल्ली के सीएम और गृहमंत्री ने भी इस्तीफा नहीं दिया था। राजनीति को बदनाम करने और सामाजिक नैतिकता को इस स्तर तक गिराने के लिए हम इससे सहमत नहीं हैं।'



**राहुल ने लालू को बचाने अध्यादेश क्यों फाड़ा :** लालू यादव को बचाने के लिए मनमोहन सिंह सरकार अध्यादेश लायी थी। उसे राहुल गांधी ने क्यों फाड़ा, क्या औचित्य था? अगर उस दिन नैतिकता थी तो क्या आज नहीं है, क्योंकि आप लगातार तीन चुनाव हार चुके हैं। दरअसल, 2013 में सुप्रीम कोर्ट ने राजनीति में अपराधियों की एंट्री रोकने के लिए एक फैसला सुनाया था। इसमें 2 साल या उससे अधिक की सजा पाने वाले राजनेताओं की सदस्यता रद्द और 6 साल ज्यादा वक्त तक चुनाव न लड़ने का फैसला सुनाया गया था। मनमोहन सरकार ने फैसले के खिलाफ अध्यादेश लायी। इसी दौरान राहुल ने सड़क पर ही अध्यादेश फाड़ने की बात कही।

**मुझे गिरफ्तार किया गया, लेकिन मैंने पद नहीं लिया :** मुझ पर आरोप लगने पर जैसे ही सीबीआइ ने समन दिया, मैंने दूसरे ही दिन इस्तीफा दे दिया। अरेस्ट तो मैं बाद में हुआ था। बाद में केस चला, फैसला भी आया, जिसमें कहा गया कि पॉलिटिकल वेंडेटा (राजनीतिक बदले के लिए) का केस था। मैं पूर्णतया निर्दोष हूं। मेरी जमानत पहले हो गयी थी, फैसला बाद में आया। ये पॉलिटिकल वेंडेटा का केस था, मेरा इससे दूर-दूर तक जुड़ाव नहीं था। अमित शाह का यह मामला सोहराबुद्दीन शेख एनकाउंटर केस से जुड़ा है। सीबीआइ ने 25 जुलाई, 2010 को सोहराबुद्दीन एनकाउंटर केस में शाह को गिरफ्तार किया था। वे 3 महीने तक जेल में रहे। 29 अक्टूबर, 2010 को जमानत पर रिहा हुए। इसके बाद अक्टूबर 2010 से सितंबर 2012 तक उन्हें गुजरात से बाहर रहने को कहा गया। 30 दिसंबर 2014 को सीबीआइ कोर्ट ने शाह को इस मामले में बरी कर दिया था।

**जगदीप धनखड़ के इस्तीफे पर :** बात का बतंगड़ नहीं बनाना चाहिए। उन्होंने अपनी व्यक्तिगत स्वास्थ्य समस्या के कारण इस्तीफा दिया है। किसी को इस मुद्दे को ज्यादा खींचने की कोशिश नहीं करनी चाहिए।

**रेड्डी को उपराष्ट्रपति उम्मीदवार बनाने पर :** 'उन्होंने सलवा जुडूम को खारिज कर दिया और आदिवासियों के आत्मरक्षा के अधिकार को खत्म कर दिया। इसी वजह से इस देश में नक्सलवाद दो दशकों से ज्यादा समय तक चला। मेरा मानना है कि वामपंथी विचारधारा ही (विपक्ष द्वारा सुदर्शन रेड्डी को चुनने का) मानदंड रही होगी।'

उपराष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी का एनडीए प्रत्याशी सीपी राधाकृष्णन से मुकाबला है।

### सीएम योगी ने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के नागरिक अभिनंदन में की घोषणा

# अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के नाम पर छात्रवृत्ति योजना शुरू करेगी यूपी सरकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के नाम पर छात्रवृत्ति योजना का शुभारंभ करेगी। इसकी घोषणा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की। सीएम योगी सोमवार को लखनऊ के लोकभवन में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के सम्मान में आयोजित नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि शुभांशु प्रदेश के पहले अंतरिक्ष यात्री हैं। हमें उनकी उपलब्धियों पर गर्व है। इस अभियान से पूरी दुनिया ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की ताकत देखी है। इस अनुभव का हमें भविष्य में भी लाभ मिलता रहेगा। प्रदेश सरकार शुभांशु शुक्ला के नाम पर छात्रवृत्ति की योजना शुरू करेगी जिसका लाभ हमारी युवा पीढ़ी को मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि चार दशक बाद भारत को अंतरिक्ष यात्रा का अवसर मिला। हर भारतवासी शुभांशु की यात्रा को विश्वास के साथ देख रहा था। उन्होंने कहा कि शुभांशु के पिता सचिवालय प्रशासन के कर्मचारी रहे हैं। उनके संस्कारों के कारण ही भारत का सम्मान बढ़ा है। यह हमारे लिए गर्व की बात है।



अंतरिक्ष यात्रा के दौरान 18 दिनों में शुभांशु ने 300 से भी अधिक बार पूरी पृथ्वी की परिक्रमा की है। ऐसे बहुत सारे लोग लखनऊ में रहते हैं, जो कि अपने पूरे जीवन में पूरा लखनऊ भी नहीं घूम पाते हैं। शुभांशु ने पूरी पृथ्वी की परिक्रमा की। यह अद्भुत है।

सीएम योगी ने कहा कि ये हमारे देश के लिए आज की ही सफलता नहीं है बल्कि उस विरासत का हिस्सा है जो कि हमारे जीन्स में पहले से ही मौजूद है। ये हमारे देश की अविश्वविसनीय प्रतिभा का प्रदर्शन है। शुभांशु का अनुभव हमारे देश के अंतरिक्ष के क्षेत्र से जुड़े अन्य मिशन में मदद करने वाला साबित होगा। उनके अनुभवों से हमारी नयी पीढ़ी सीखेगी।

# महाराष्ट्रः लड़की बहिन योजना की 26 लाख लाभाार्थियों को अयोग्य घोषित किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र में लड़की बहिन योजना के 26 लाख लाभार्थियों को अयोग्य घोषित किया गया है। राज्य सरकार ने लाभार्थियों की आर्थिक स्थिति की जांच के बाद यह फैसला लिया है। महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री अदिति तटकरे ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अयोग्य लाभार्थियों का डेटा जिला प्रशासन को सौंपा गया है। अब इनका फिजिकल वेरिफिकेशन होगा। इसके बाद उनके खिलाफ जरूरी ऐक्शन लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस योजना के पात्र लाभार्थियों को पहले की तरह हर महीने 1500 रुपये की रकम मिलती रहेगी। अदिति तटकरे ने सोशल मीडिया पर अपनी एक पोस्ट में बताया कि सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने 26 लाख अयोग्य लाभार्थियों के बारे में जानकारी दी। तटकरे ने कहा कि विभाग ने बताया है कि करीब 26 लाख ऐसी लाभार्थी महिलाएं हैं, जो इस योजना के तहत राशि पाने की हकदार नहीं हैं। इन लोगों को मुख्यमंत्री लड़की बहिन योजना के तहत लाभ मिल रहा है, लेकिन वे इसकी पात्र नहीं हैं। मंत्री ने कहा कि ऐसी लाभार्थियों की संख्या सभी जिलों में पाई गई है। फिलहाल महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने सभी जिलों को लिस्ट सौंप दी है। अब लाभार्थियों का भौतिक सत्यापन करने को कहा गया है ताकि पता चल सके कि कौन वास्तव में पात्र है और कौन नहीं है।





इस भौतिक सत्यापन के बाद अपात्र होने के बावजूद लाभ लेने वालों के खिलाफ ऐक्शन हो सकता है। इसके अलावा अब तक मिली रकम की रिकवरी भी की जा सकती है। इस योजना को बीते साल जुलाई में लॉन्च किया गया था। इसके बाद हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को बड़ी जीत मिली थी। माना जाता है कि इस स्कीम का भी एनडीए की जीत में एक हद तक योगदान था। इस स्कीम के तहत 21 से 65 साल की उम्र तक की वे महिलाएं पात्र हैं, जिनकी सालाना कमाई ढाई लाख रुपये से कम की हो। इसके अलावा एक शर्त यह भी है कि उन्हें सरकार की किसी और स्कीम के तहत लाभ न मिल रहा हो। बीते महीने ही मंत्री ने कहा कि ऐसी महिलाओं की बड़ी संख्या है, जो अपात्र होने के बाद भी लाभ ले रही हैं। इसके अलावा इस स्कीम के अलावा भी कई योजनाओं का फायदा उठा रही हैं। कुछ परिवार तो ऐसे मिले हैं, जिनमें एक से ज्यादा महिला को इस स्कीम के तहत रकम मिल रही है।

अब तक की जानकारी के अनुसार राज्य में 2.25 करोड़ महिलाओं को इस स्कीम के तहत लाभ मिल रहा है, जो पात्र हैं। मंत्री ने कहा कि वेरिफिकेशन इसलिए कराया जा रहा है ताकि पता लगाया जा सके कि कहीं अपात्र ठहराए गए लोगों में से कोई ऐसा तो नहीं है, जो वास्तव में इसके दायरे में आने योग्य है।

# हमने पाकिस्तान को इंसानियत के नाते बाढ़ का अलर्ट दिया : भारत

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** भारत ने जम्मू-कश्मीर की तवी नदी में बाढ़ के हालात को देखते हुए मानवीय आधार पर पाकिस्तान को इसकी जानकारी दी है। भारतीय विदेश मंत्रालय के मुताबिक, यह कदम पूरी तरह से मानवीय सहायता के मकसद से उठाया गया है। इस्लामाबाद में भारतीय हाई कमीशन ने रविवार को पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय को बाढ़ की जानकारी दी है। यह पहला मौका है जब इस तरह की जानकारी हाई कमीशन के जरिए साझा की गई। आमतौर पर, सिंधु जल संधि के तहत बाढ़ से जुड़ी चेतावनी दोनों देशों के वाटर कमिश्नर के बीच शेयर की जाती थी। इसी साल मई में भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद से दोनों देशों में बातचीत लगभग बंद है। जम्मू में रविवार सुबह 8:30 बजे तक 24 घंटे में 190.4 मिमी बारिश हुई, जो पिछले 100 साल में अगस्त महीने में होने वाली दूसरी सबसे ज्यादा बारिश है। इससे पहले 1926 के अगस्त महीने में 228.6 मिमी हुई थी, जो बीते 100 सालों सबसे ज्यादा है।

**पाकिस्तानी मीडिया का दावा था भारत ने संधि के तहत जानकारी दी :** आज पाकिस्तान की मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि भारत ने सिंधु जल संधि के तहत पाकिस्तान को संभावित बाढ़ की जानकारी दी है। जियो न्यूज और द न्यूज इंटरनेशनल ने सूत्रों के हवाले से बताया कि भारत ने 24 अगस्त की सुबह जम्मू की तवी नदी में बाढ़ की आशंका को लेकर इस्लामाबाद को आगाह किया।






















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**